


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, स्लीप टूरिज्म : पर्यटन की नई अवधारणा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

☞ www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

भाद्रपद कृष्ण पक्ष सप्तमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 5, पृष्ठ -16+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर, रविवार, 25 अगस्त 2024



हाउसफुल 5 में जैकलीन की एंट्री... 15

**आज का मौसम** 32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 45 | सूर्यास्त 06 :36

## एक नजर

### शिखर धवन ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। धवन ने कहा कि उन्होंने 2010 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से सभी तीन प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है और वह एक संतुष्ट व्यक्ति के रूप में संन्यास ले रहे हैं। धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 मैच खेले। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 44 .11 की औसत से 6,793 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 40 .61 की औसत से 2,315 रन बनाए।

### प्रधानमंत्री का महाराष्ट्र-राजस्थान दौरा आज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र और राजस्थान का दौरा करेंगे। महाराष्ट्र में वह 11 लाख नई लखपति दीदियों को सम्मानित करेंगे। राजस्थान में वह हाईकोर्ट की प्लेटिनम जुबली के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि प्रधानमंत्री 25 अगस्त को पूर्वाह्न करीब 11 :15 बजे जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन में भाग लेंगे और इस दौरान राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान हाल ही में लखपति बनीं 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे तथा उन्हें सम्मानित भी करेंगे।

### बिभव की न्यायिक हिरासत 13 सितंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहायक बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत शनिवार को 13 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी। कुमार के ऊपर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर 13 मई को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर हमला करने के आरोप है। कुमार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया था जिसके बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने उसकी हिरासत की अवधि बढ़ा दी। मजिस्ट्रेट ने कुमार की उस याचिका के संबंध में भी जांच अधिकारी से जवाब मांगा है जिसमें उसने वकीलों को उपलब्ध कराए गए आरोप पत्र और दस्तावेजों की उचित पृष्ठांकन की मांग की है।

## आज से शुरू होगी यूपी टी-20 प्रीमियर लीग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भुवनेश्वर, रिंकू सिंह, नीतीश राणा जैसे खिलाड़ी भी करेंगे शिरकत
- उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड स्टार बिखेरेंगे जलवा

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 25 अगस्त से यूपी टी-20 प्रीमियर लीग 2024 का आयोजन होने जा रहा है। यूपी टी-20 लीग के दूसरे सीजन में टीम इंडिया के भुवनेश्वर कुमार, रिंकू सिंह, नीतीश राणा जैसे खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे।

यूपी टी-20 प्रतियोगिता में यूपी की कई टीमें हिस्सा ले रही हैं। रविवार शाम होने वाले उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना, कृति सेनन और रैपर बादशाह जलवा बिखेरेंगे। इस प्रतियोगिता में यूपी की कुल 6 टीमें अपने-अपने शहर का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह लीग 25 अगस्त से शुरू होकर 14 सितंबर तक चलेगी। सारे मैच लखनऊ के इकाना स्टेडिम में खेले जाएंगे। इसमें पहला मैच आज पिछले साल की विजेता काशी रुद्रास और मेरठ मेवरिक्स के बीच खेला जाएगा।

## सिपाही भर्ती परीक्षा — दूसरे दिन तीन लाख अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 72 अभ्यर्थी मिले संदिग्ध, 17 के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, 20 गिरफ्तार



**अमृत विचार :** प्रदेश में शनिवार को दो पालियों में हुई सिपाही भर्ती परीक्षा में तीन लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी, जबकि नकल करने व अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पाए गए 72 संदिग्ध अभ्यर्थियों को पकड़ा गया। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अधिकारियों ने कहा है कि अनुचित साधनों का उपयोग करने वाले इन अभ्यर्थियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। 17 अभ्यर्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। साथ ही 20 को गिरफ्तार किया गया है।

प्रदेश के 67 जिलों के 1174 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय और नेशनल पीजी कॉलेज में परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त से 5 दिनों तक चलने वाली भर्ती परीक्षा में दो पालियों में कुल 4,81,17441 अभ्यर्थियों के उपस्थित होने की उम्मीद है। सरकार ने अनुचित साधनों के इस्तेमाल को रोकने के लिए हर केंद्र पर सख्त सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। जानकारी साझा करते हुए, यूपीपीआरपीबी अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक पाली में 4,81,838 अभ्यर्थी, दोनों पालियों में कुल 963,676 अभ्यर्थी, शनिवार को भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले थे, जबकि 3,21,322 और 3,36121 अभ्यर्थी थे। परीक्षा में क्रमशः पहली और दूसरी पाली में कुल 6,57,443 अभ्यर्थी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस आंकड़े के अनुसार लगभग 31.78 प्रतिशत यानी लगभग 3,06,233 उम्मीदवारों ने शनिवार को दोनों पालियों में परीक्षा छोड़ दी।

### पेपर लीक के नाम पर ठगने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने भदोही के सुरियावां निवासी अनिरुद्ध मोदनवाल को गिरफ्तार कर सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया। आरोपी के पास से मोबाइल फोन, क्रेडिट कार्ड, पेटीएम से अभ्यर्थियों से रुपये लेने का स्क्रीन शॉट मिला है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

### सोशल मीडिया पर किया पेपर लीक का दावा, वायरल होने के बाद रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने का दावा करने वाली एक पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वायरल हुई। एक वीडियो भी अपलोड किया गया, जिसमें प्रश्नपत्र थे। इस मामले में भर्ती बोर्ड के निरीक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुछ देर बाद पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। परीक्षा से संबंधित भ्रामक प्रचार करने वालों के खिलाफ यह दूसरा मामला है।

# एनपीएस की जगह अब एकीकृत पेंशन योजना

## केंद्रीय कैबिनेट की हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया फैसला

## 25 साल की नौकरी के बाद बेसिक का 50 फीसदी पेंशन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत सेवा में शामिल होने वाले 23 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित रूप से वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में देने को मंजूरी दे दी। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली 1 अप्रैल, 2004 के बाद सेवा में शामिल होने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू है। यह पेंशन योजना एनपीएस से पहले के कर्मचारियों के लिए लागू परिभाषित लाभ के बजाय योगदान के आधार पर लाभ देती है।

मंत्रिमंडल के फैसलों की घोषणा करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत सरकारी कर्मचारी अब सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में मिले औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में पाने के हकदार होंगे। उन्होंने कहा कि पेंशन के रूप में वेतन का 50 प्रतिशत पाने के लिए न्यूनतम सेवा अवधि 25 वर्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि न्यूनतम 10 साल तक की सेवा अवधि के लिए आनुपातिक रूप से पेंशन दी जाएगी। एनपीएस खाताधारक अब यूपीएस का विकल्प चुन सकते हैं, जो अगले वित्त वर्ष की शुरुआत से सुनिश्चित पेंशन देगी।

पिछले साल वित्त मंत्रालय ने सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन योजना की समीक्षा करने और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के मौजूदा ढांचे में किसी बदलाव का सुझाव देने के लिए वित्त सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी। कई गैर-भाजपा शासित राज्यों ने महंगाई भत्ते से जुड़ी पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को वापस अपनाने का फैसला किया है और कुछ अन्य राज्यों में भी कर्मचारी संगठनों ने इसकी मांग उठाई है। कैबिनेट सचिव मनोनीत टी वी सोमनाथन ने कहा कि नई योजना एक अप्रैल, 2025 से लागू है।




### पेंशनधारकों पर नहीं पड़ेगा पेंशन का भार

पेंशन की नई योजना के बारे में जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पेंशन मद में सरकार का योगदान बढ़ने या एरियर भुगतान के बावजूद कर्मचारियों पर कोई भार नहीं पड़ेगा। केंद्र सरकार का योगदान बढ़कर 18 .5 फीसदी हो जाएगा।

### सुनिश्चित होगी कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकीकृत पेंशन योजना यानी यूपीएस को मंजूरी मिलने के बाद कहा कि देश की प्रगति के लिए कठिन परिश्रम करने वाले सभी कर्मचारियों पर हमें गर्व है। यूपीएस इन कर्मचारियों की गरिमा और आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने वाली है। यह कदम उनके कल्याण और सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### केंद्र का योगदान बढ़कर 18.5 फीसदी

कर्मचारियों पर इसका भार नहीं पड़ेगा। 10 वर्ष पहले तक कर्मचारी और सरकार 10-10 फीसदी का योगदान देते हैं। हमारी सरकार ने योगदान बढ़ाकर 14 फीसदी कर दिया था। यह अपने आप में बड़ा कदम था। अब केंद्र सरकार का योगदान बढ़कर 18 .5 फीसदी हो जाएगा। यह स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी।

### 2024 के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारी भी ले सकेंगे फायदा

वित्त सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन ने कहा कि जो कर्मचारी 2004 से अब तक और आगे 31 मार्च 2025 तक सेवानिवृत्त होंगे, वे भी यूपीएस का फायदा ले सकेंगे। उन्हें एरियर भी मिलेंगे। एरियर के लिए 800 करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह योजना पूरी तरह वित्त पोषित है। केंद्र का पेंशन में जो योगदान बढ़ेगा, उसके अतिरिक्त भार को वहन के लिए वार्षिक आधार पर 6250 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

### यूपीएस की पांच खास बातें...

- **50 फीसदी की सुनिश्चित पेंशन :** यूपीएस अपनाने पर सुनिश्चित पेंशन मिलेगी। इसकी रकम सेवानिवृत्ति से पहले के 12 महीने के औसत मूल वेतन का 50 फीसदी होगी। 25 वर्ष तक की सेवा पर ही यह रकम मिलेगी। 25 वर्ष से कम और 10 साल से ज्यादा की सेवा पर उसके अनुपात में पेंशन मिलेगी।
- **पारिवारिक पेंशन :** किसी भी कर्मचारी के निधन से पहले पेंशन की कुल रकम का 60 फीसदी हिस्सा परिवार को मिलेगा।
- **न्यूनतम पेंशन :** कम से कम 10 साल की सेवा के बाद 10 हजार रुपये प्रतिमाह की न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित होगी। महंगाई भत्तों को जोड़कर आज के हिसाब से यह रकम 15 हजार रुपये के आसपास होगी।
- **सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान :** छह महीने की सेवा के लिए (वेतन और डीए) की 10 प्रतिशत रकम का एकमुश्त भुगतान होगा। यानी अगर किसी की 30 साल की सेवा है तो उसे छह महीने की सेवा के आधार पर एकमुश्त भुगतान होगा।

## पुलिस पर हमला कर तालाब में कूदा गैंगरेप का आरोपी, मौत

वरिष्ठ संवाददाता, गुवाहटी

- क्राइम सीन रिक्रिएशन के लिए ले जा रही थी असम पुलिस
- गांव वालों ने जनाजे में शामिल होने से किया इनकार



**अमृत विचार:** असम के नागांव में शनिवार तड़के गैंगरेप का आरोपी पुलिस हिरासत से भाग कर तालाब में कूद गया। दो घंटे की खोजबीन के बाद उसकी लाश मिली। पुलिस का कहना है कि आरोपी को क्राइम सीन के लिए ले जाया जा रहा था। उसने अचानक पुलिस दल पर हमला कर दिया और दौड़ कर तालाब में कूद गया। इस बीच गैंगरेप की घटना के बाद असम के मुख्यमंत्री ने कहा था कि गुनाहगारों के खिलाफ कड़ी करवाई की जाएगी।

नागांव में बीते गुरुवार की शाम ट्यूशन से घर लौट रही किशोरी को तीन लोगों ने अगवा कर लिया और तालाब किनारे ले जाकर दरिंदगी की। उसे पास ही फेंक कर फरार हो गए। किशोरी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

घटना से गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया था। इस बीच गांव वालों ने आरोपी के जनाजे में शामिल होने से इनकार कर दिया। वहीं, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने तत्काल डीजीपी को मौके पर भेजा और आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने कहा था कि जल्द इंसाफ होगा। दूसरे दिन एक आरोपी तफजुल इस्लाम को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### दो गज जमीन भी नसीब नहीं...

आरोपी के शव को दफनाने के लिए नागांव कब्रिस्तान में दो गज जमीन मुहैया करवाने से इंतजामिया कमेटी ने इनकार कर दिया। साथ ही तय किया कि उसके जनाजे में भी शरीक नहीं होंगे। बेटी की अस्मत से खिलवाड़ करने वालों के परिवार का भी बहिष्कार किया जाएगा।

### योगी आदित्यनाथ की राह पर हिमंता बिस्व सरमा

असम के मुख्यमंत्री की छवि भी यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह ही बन रही है। माफिया, अपराधियों और स्त्रियों के प्रति अपराध पर उनकी जीरो टॉलरेंस नीति है। गाहे-बगाहे बुलडोजर यहां भी गरजता है। सरमा ने नागांव में किशोरी के साथ हुई हैवानियत पर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए थे।

## हैदराबाद जा रहा निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर पुणे में दुर्घटनाग्रस्त

- पायलट और तीन यात्री घायल भारी बारिश के कारण हादसा होने की आशंका



**पुणे।** मुंबई से हैदराबाद जा रहा एक हेलीकॉप्टर शनिवार दोपहर पुणे की मुलशी तहसील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हेलीकॉप्टर में कुल चार यात्री सवार थे। निजी हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में पुणे के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने बताया कि हादसा पुणे जिले के पौड गांव में हुआ। हेलीकॉप्टर का स्वामित्व एक निजी विमानन कंपनी के पास है। हादसा पुणे के ऐसे इलाके में हुआ है, जहां अत्यधिक बारिश होती है। फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं सका है। पुणे ग्रामीण पुलिस ने बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार चार लोगों में पायलट को ज्यादा चोटें आई हैं। हादसे में घायल पायलट को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि पायलट के अलावा बाकी तीन यात्रियों की हालत स्थिर है।

## बरेली के खुसरो कॉलेज के चेयरमैन समेत दो पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

### डी-फार्मा की फर्जी मार्कशीट



- 370 से अधिक छात्र-छात्राओं से कई करोड़ रुपये वसूल कर थमा दी थी फर्जी मार्कशीट

**अमृत विचार:** डी-फार्मा के छात्र-छात्राओं को फर्जी मार्कशीट देने के मामले में खुसरो पीजी कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कॉलेज प्रबंधन पर 370 से अधिक छात्रों से करोड़ों रुपये की फीस वसूलने के बाद डी-फार्मा की फर्जी मार्कशीट देने का गंभीर आरोप हैं।

तहरीर में पीड़ित छात्रों ने बताया है कि वर्ष 2020-21 और 2021-22 में उन लोगों ने खुसरो पीजी कॉलेज में डी-फार्मा में दाखिला लिया था। कॉलेज प्रबंधन ने प्रत्येक छात्र से 2.30 लाख रुपये फीस ली थी। प्रबंधन ने दो साल बाद उन्हें डिप्लोमा और मार्कशीट दी थी। ड्रग लाइसेंस बनवाने के लिए छात्रों ने जब औषधि विभाग के कार्यालय में आवेदन किया तो पता चला कि मार्कशीट और डिप्लोमा फर्जी है।

## ट्यूशन पढ़ाने गए शिक्षक ने 7 साल की बालिका से किया दुष्कर्म

- परिजनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**रामपुर।** सात साल की बालिका को घर पर ट्यूशन पढ़ाने गए शिक्षक ने मौका पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका के शोर मचाने पर परिजन कमरे में आए तो बेटी की हालत देख उनके होश उड़ गए। परिजनों ने आरोपी शिक्षक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित छात्रा ने परिजनों को बताया कि मास्टर साहब अक्सर उसके साथ गलत काम करते थे। गंज थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी महिला का कहना है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कुंडा निवासी सैयद वासिक अली उसकी 7 साल की बेटी को ट्यूशन पढ़ाने घर आता था। 23 अगस्त की शाम अचानक बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे तो देखा कि उनकी बेटी निर्वस्त्र थी। पता चला कि शिक्षक ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। इंस्पेक्टर विजयपाल सिंह ने बताया कि आरोपी सैयद वासिक अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## फर्रुखाबाद के पास ट्रेन डिरेल करने की साजिश

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- शरारती तत्वों ने रेल पटरी पर रखा लकड़ी का बोटा इंजन में फंसा
- चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी, जांच में जुटे अधिकारी



**अमृत विचार:** अभी कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की जांच चल ही रही है कि शुक्रवार रात शरारती तत्वों ने कासगंज-फर्रुखाबाद ट्रैक पर पेड़ का तना डालकर ट्रेन को डिरेल कराने का प्रयास किया। कासगंज से फर्रुखाबाद जा रही पैसेंजर के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी, लेकिन इंजन के कैटल गार्ड में लकड़ी का हिस्सा फंस गया। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

कासगंज-फर्रुखाबाद पैसेंजर स्पेशल ट्रेन (05389) बीती रात लगभग 11.20 बजे कायमगंज स्टेशन से रवाना हुई थी। फर्रुखाबाद के लिए बढ़ते समय रात्रि 11.30 बजे के आसपास भटासा और शमसाबाद स्टेशन के बीच चालक ने ट्रैक पर पेड़ का तना जैसा पड़ा देखा। दुर्घटना रोकने के लिए उसने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए। इसके बावजूद इंजन तने से टकरा गया और लकड़ी निचले हिस्से में फंस गई। तेज झटका लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना पाकर आसपास के स्टेशनों से रेलवे कर्मी और आरपीएफ टीमें मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद इंजन में फंसी लकड़ी निकाली जा सकी। आरपीएफ घटना की जांच कर रही है। शनिवार सुबह आरपीएफ टीम ने डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर छानबीन की। आरपीएफ के एसआई ओमप्रकाश मीना ने बताया कि रात में ट्रैक पर लकड़ी का बड़ा टुकड़ा डालना किसी साजिश का हिस्सा है। एसपी आलोक प्रियदर्शी ने भी मौके पर निरीक्षण कर घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।

## वित्तीय अनियमितता में पूर्व प्राचार्य डॉ. घोष पर मुकदमा

कोलकाता, एजेंसी

### कोलकाता हत्याकांड



- हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने संभाला जांच का जिम्मा

सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान हुई वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की। कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को जांच एजेंसी को वित्तीय अनियमितता की जांच करने का निर्देश दिया था। शनिवार को सीबीआई ने डॉ. घोष के खिलाफ मामला दर्ज किया।

अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली ने जस्टिस राजर्षि भारद्वाज की एकल पीठ के समक्ष याचिका दायर की थी। चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानन की अध्यक्षता वाली पीठ के गत 14 अगस्त को दिए गए आदेश के बाद दुष्कर्म-हत्या मामले को अपने हाथ में लेने वाली सीबीआई ने शनिवार को सात संदिग्धों पर पॉलीग्राफ परीक्षण करवाया। इनमें मुख्य संदिग्ध संजय रॉय, डॉ. संदीप घोष, चार जूनियर डॉक्टर और एक नागरिक स्वयंसेवक शामिल है।

## सोपोर मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर उप जिले में शनिवार को मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी मारा गया और एक जवान घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि राफियाबाद में वाटरगाम पॉइंट पर सतर्क सुरक्षा बलों को आसपास संदिग्ध हलचल महसूस हुई। सुरक्षा बलों द्वारा चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भर जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि तलाशी के दौरान हथियार गोला बारूद के साथ आतंकवादी का शव बरामद किया गया। आतंकवादी की पहचान की जा रही है।

**प्रकृति** | पीटीआर के जंगल समेत आबादी क्षेत्रों में देखी जा रही मौजूदगी, सर्दियां शुरू होते ही वापस लौट जाते हैं ये करिश्माई पक्षी

## अफ्रीका से लंबा सफर तय कर पीलीभीत पहुंचे जैकोबिन कुकू

सुनील यादव, पीलीभीत



**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्रवासी पक्षियों का गढ़ बनता जा रहा है। प्रवासी साइबेरियन पक्षियों के बाद अब अफ्रीका के जैकोबिन कुकू ने भी दस्तक दी है।

टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के मुताबिक, यह प्रवासी पक्षी पीलीभीत टाइगर रिजर्व के घने जंगलों के अलावा आबादी क्षेत्र में देखे जा रहे हैं। सर्दियां शुरू होते ही यह प्रवासी पक्षी बच्चों के साथ अपने वतन लौट जाएंगे। देश के सर्वश्रेष्ठ टाइगर रिजर्व में शुमार होने की ओर अग्रसर पीलीभीत टाइगर रिजर्व जैवविविधता को लेकर मशहूर है। यहां बाघ-तेंदुओं के अलावा अन्य वन्यजीवों एवं पक्षियों की कई प्रजातियां पाई जाती हैं। यहां की आबोहवा प्रवासी पक्षियों को भी रास आने लगी है। यहां हर साल ही सर्दी के दिनों में साइबरिया, अलास्का आदि देशों से हजारों की संख्या में प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं। करीब चार माह के प्रवास के बाद यह सभी वापस लौट जाते हैं। इधर, अब अफ्रीका के पक्षी जैकोबिन कूको की मौजूदगी देखी जा रही है। इस आम भाषा में चातक भी कहा जाता है।

### अच्छी वर्षा का सूचक माने जाते हैं जैकोबिन कुकू

जैकोबिन कुकू अफ्रीका से लंबा सफर तय कर गर्मियों में यहां पहुंचे हैं। इसका ऊपरी हिस्सा काले रंग और नीचे का हिस्सा सफेद रंग का होता है। सिर पर क्रिस्ट से इसे आसानी से पहचाना जा सकता है। वर्षा ऋतु में यहां अंडे देकर बच्चों का पालन पोषण करता है। इसको अच्छी वर्षा का सूचक भी माना जाता है। यह झुंड के रूप में नहीं पाए जाते हैं। टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के अध्यक्ष अख्तर मियां के मुताबिक यह प्रवासी पक्षी कैटरपिलर, कीड़े के अलावा छोटे जंगली फल भी खाता है। सर्दियों के शुरू होते ही जैकोबिन कुकू नए बच्चों के साथ अफ्रीका महाद्वीप वापस लौट जाते हैं। इस प्रवासी पक्षी के बारे में एक बात यह भी प्रचलित है कि जैकोबिन कुकू मानसून में बारिश की बूंदों से ही अपनी प्यास बुझाता है। हालांकि इसके वैज्ञानिक तथ्य उपलब्ध नहीं है।

> पीलीभीत टाइगर रिजर्व में सुदूर देशों से आने वाले प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों में बढ़ोतरी हो रही है। इन दिनों अफ्रीका महाद्वीप का जैकोबिन कूको पीटीआर समेत आबादी में देखा जा रहा है। यह पीटीआर की बढ़ती जैव विविधता का सूचक है।
> **-अख्तर मियां खान**, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

# राधा-कृष्ण और सुदामा बनकर बच्चों ने किया अभिनय

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज



राधा, कृष्ण व सुदामा के स्वरूप में सजे बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्र/छात्राओं ने श्रीकृष्ण, राधा सुदामा व गोपियों के स्वरूपों में सजकर अभिनय किया और लोगों से खूब वाहवाही लूटी।

ग्राम तेराजाकेट जीटी रोड स्थित स्कूल के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने श्रीकृष्ण व राधा का पूजन व आरती कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कक्षा 10 की छात्रा अनन्या गुप्ता ने कृष्ण व स्फूर्ति सैनी ने राधा का रूप धरकर भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया। इसी क्रम कक्षा 02 के छात्र अनिकेत ने सुदामा का चरित्र निभाया और ''अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो'' गीत पर प्रस्तुति देकर मौजूद सभी का मन मोह लिया। अन्य छात्राओं ने गोपियों का रूप धारण किया। इस दौरान छात्र/छात्राओं ने श्रीकृष्ण के कई रूपों की प्रस्तुति दी।

प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों के धार्मिक ज्ञान में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने बाल अवस्था में ही असुरों का नाश कर समाज को बचाने का कार्य किया। हमें उनसे प्रेरणा लेकर अपने समाज एवं देश के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। इस मौके पर अल्का दुबे,अंकिता शर्मा, स्वाति अवस्थी ,संजू यादव, मनाली वर्मा, शिवानी दुबे, मुस्कान इदरीसी, संध्या यादव, स्वाति अवस्थी, नाजरीन बानो, खुशी सैनी, रागिनी, लक्ष्मी शर्मा, वैष्णवी पाल, सीमा राजपूत, शिवा पाण्डेय, प्रेमा राजपूत सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में आराध्या, शताक्षी, सची प्रथम



राधा कृष्ण की भूमिका में विद्यालय के बच्चे।

**सौरिख, कन्नौज।** वनखंडेश्वर बाबा मंदिर के पास नगर के नेहरू नर्सरी स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसमें प्ले ग्रुप में आराध्या गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा प्रथम में शताक्षी वर्मा, सची अवस्थी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा तीन में राशि त्रिपाठी, आरोही मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा चार में ओम राजपूत, गौरी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा पांच में सिद्धि शुक्ला कक्षा 6 में सागर राठौर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा सात में आरोही अनुष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा आठ में करन और परिनिधि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विमल यादव ने राधा-कृष्ण की फोटो के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नागेंद्र यादव, पूनम पाल, अनुराग दुबे, हरिश्चंद्र, आकांक्षा, प्रीति, जूली, सुमन, अक्षिता, प्रिया, संगम, शिवा यादव, श्रेया त्रिपाठी, शोभा त्रिपाठी, शिवांगी, अर्चना गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



सुप्रभाष अकादमी में राधा कृष्ण के रूप में नन्हें मुन्ने। अमृत विचार

# स्कूलों में उत्साह से मना कृष्ण जन्मोत्सव

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के स्कूलों में कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इनमें विभिन्न प्रकार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर के सुभाष अकादमी में अंतर-हाउस दही मटकी प्रतियोगिता में सी.वी. रमन हाउस विजयी हुआ। नन्हे-मुन्ने छात्रों ने कृष्ण और राधा की आकर्षक पोशाक धारण कर उत्सव के माहौल को भक्तिमय बना दिया।

आवास विकास कॉलोनी में स्थित सुप्रभाष अकादमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। विद्यालय परिसर को पीले व लाल रंग के गुब्बारों, फूलमालाओं ,माखन की मटकी व बांसुरी से सजाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चे नटखट बाल गोपाल की भूमिका में नजर आए। कोई कन्हैया बना ,तो कोई राधा रानी।

वसुदेव, देवकी, ग्वालेऔर गोपियों की वेशभूषा में आए बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या अलका गुप्ता , मैनेजर हिमांशु सक्सेना ने श्रीकृष्ण के विषय में बताया।

## एक नजर

### डड़ौनी में 15 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट

**सौरिख, कन्नौज।** बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी संतकुमार वर्मा ने अपनी टीम के अलावा प्रवर्तन दल प्रभारी वरूण प्रताप सिंह के साथ डड़ौनी गांव में बिजली चोरों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने 15 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। क्षमता से अधिक बिजली उपभोग करने पर एक दर्जन लोगों का लोड बढ़ा दिया। बिजली विभाग की कार्यवाही से आसपास के गांवों में भी हड़कंप मच गया।उपखंड अधिकारी संतकुमार वर्मा ने बताया कि 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया और एक दर्जन लोगों का लोड बढ़ा गया।

### शहर में बिजली चोरी करते पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** बिजली विभाग के एसडीओ आकाश गुप्ता, जेई समीर, दीपक कनौजिया, वीरबहादुर सिंह, टीजी टू हरिस्वरुप ने शहर में बिजली चोरी रोकने के लिये चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने मोहल्ला अहमदी टोला, बलापीर, शेखाना में छापा मार कर बिजली चोरी करते पकड़ा। इन में राशिद, नासिर, रफी निवासी बालापीर, तारिख अहमद, नफीस व तैयब निवासी अहमदी टोला के खिलाफ बिजली थाने में बिजली चोरी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### किशोर ने लगाई फांसी

**तिर्वा कन्नौज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के सेमपुर गांव निवासी वीरभान के 17 वर्षीय पुत्र श्यामू का शव शनिवार को घर के एक कमरे में फंदे से लटकता मिला। परिजनों ने किसी बात को लेकर श्यामू की फटकार लगा दी थी। इससे आहत होकर उसने कमरे में जाकर फंदा लगा लिया।

# सोलर प्लांट चालू, सोलर विलेज बने फकीरेपुरा और बहोसी

## मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन की बैठक में जिलाधिकारी ने दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तिर्वा क्षेत्र के ग्राम फकीरेपुरा चंदुआहार, ग्राम पंचायत बहोसी को सोलर विलेज के रूप में तैयार किया गया है। बंद पड़े सोलर प्लांट को पुनः चालू करा दिया गया है। अब इन गांव के लोग बिजली की सभी सुविधाएं सोलर के माध्यम से उठा सकेंगे। यह जानकारी जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन 07 जुलाई 2015 को तत्कालीन राष्ट्रपति डा.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने किया था। प्लांट की क्षमता 250 किलोवाट है, जो 1000 सोलर पैनल (250 वाट), 180 बैट्रिया (02 वोल्ट) 1100 ए.एच. क्षमता, 02 सोलर इन्वर्टर 100-100 के.वी.ए. तथा अन्य फिटिंग आदि सहित स्थापित है। इससे घरों में एक एल.ई.डी. बल्ब एवं एक पंखा के कनेक्शन दिये गये हैं। पी.डी. डी.आर.डी.ए. को निर्देश दिये कि सोलर पावर प्लांट की क्षमता और बढ़ाने के साथ पुरानी बैट्रियों को बदला जाये, जिससे नये कनेक्शन, आटा चक्की, नलकूप कनेक्शन के संचालन में किसी प्रकार की समस्या न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आई.ए.एस. सुश्री स्मृति मिश्रा, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सभी ब्लाकों के 10-10 गांवों में बनें खेल के मैदान

**कन्नौज।** जिलाधिकारी ने कहा कि मनरेगा के माध्यम से 264 प्रकार के कार्य मुख्यता 4 श्रेणी विभाजित किए गए है। इसके अन्तर्गत तालाब निर्माण/जीर्णोधार, सूक्ष्म एवं लघु सिचाई, चेक डेम, आवास, भूमि विकास, पशु आश्रय निर्माण, आजीविका क्रियाकलापों के लिये सामान्य अवस्थापना तथा सड़क, आंगनवाड़ी, शौचालय, खेल के मैदान आदि कार्य शामिल हैं। अफसर और बीडीओ अपने विवेक का इस्तेमाल करके कार्य को समय से पूर्ण कराएं। कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को ट्रेनिंग देकर तकनीकी खेती के लिये उत्साहित किया जाये। सभी ब्लाकों के दस-दस गांवो में खेल के मैदान बनाए जाएं। खेल मैदान का चिन्हांकन सही जगह किया जाये। सभी सुविधाएं देंगे तो गांव को भी मिनी शहर के रूप में विकसित कर सकेगे। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 36 राजस्व ग्रामों में कार्य करके शीघ्र ओडीएफ घोषित करने को कहा। रेट्रोफिटिंग सर्वे पर ध्यान देकर कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाएं।

### अभिभावकों को दिखाएं बच्चों का रिपोर्ट कार्ड : डीएम

**कन्नौज।** सभी शिक्षक बच्चों के अभिभावकों को बच्चे का रिपोर्ट कार्ड दिखायें। उन्हें बताएं कि उनका बच्चा किस विषय में कमजोर है। उस पर ही फोकस करने की सलाह दें। ये बातें जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में निपुण भारत अभियान के संबंध में बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि अक्टूबर में बच्चों का टेस्ट होगा। उसमें विद्यालय के साथ ही ब्लाक को भी निपुण बनाएं। शिक्षकों की उपस्थिति दर्पण पोर्टल पर शत-प्रतिशत होनी चाहिए। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पर चर्चा की। समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में ग्रामवासियों को नये चयन के बारे में बेहतर ढंग से जानकारी दी जाये। कहा कि समस्त खंड विकास अधिकारी ब्लाक स्तर पर ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम पंचायत सचिव के साथ बैठक कर आवास के सर्वेक्षण एवं नये मानक के संबंध में विस्तृत जानकारी दें। मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त एनआरएलएम, मनरेगा, परियोजना निदेशक आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सौरिख नगर पंचायत अध्यक्ष, ईओ पर धांधली का आरोप

**कन्नौज।** सौरिख नगर पंचायत के आठ सभासदों ने पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के खिलाफ विकास कार्यों में धांधली करने का आरोप लगाया है। सभासदों ने कलेक्ट्रेट पहुंच जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को शिकायती पत्र सौंप कर मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। वहीं अध्यक्ष ने आरोपों को सिरे से नकार दिया है।

सौरिख नगर पंचायत में 11 वार्ड हैं। शुक्रवार को आठ सभासदों ने कलेक्ट्रेट पहुंच जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को एक शिकायती पत्र सौंपा है। इसमें कहा कि सौरिख नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी की मिलीभगत से मासिक बैठक से पहले ही उपस्थित पंजिका पर सभासदों के फर्जी हस्ताक्षर कर प्रस्ताव पारित कराये जा रहे हैं। 22 अगस्त को नगर पंचायत की बैठक में फर्जी उपस्थिति दिखाकर अधिशासी अधिकारी ने प्रस्ताव पारित कर लिए है। स्वीकृत विकास कार्यों की जांच कराने की भी मांग की है। शुक्रवार को सौरिख नगर पंचायत के सभासद इजहार अली, शुभम यादव, कायनात वेगम, गुलाम मुस्तफा, मंजू, अनीस सिद्दीकी, साहीन कौसर और मिथुन कुमार ने कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम को ज्ञापन सौंपा। सौरिख नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने बताया कि सभासदों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं।



नलकूप के लिए भूमि पूजन करते चेयरमैन व ईओ। अमृत विचार

## नलकूप के लिए हुआ भूमि पूजन

**छिबरामऊ कन्नौज।** पेयजल योजना के तहत बहबलपुर में भूमि पूजन के बाद नलकूप बोरिंग की शुरुआत हो गई। नगर पालिका के बहबलपुर वार्ड में पेयजल समस्या को लेकर पूर्व सभासद प्रतिनिधि हरिशरण शाक्य के नेतृत्व में करीब डेढ़ महीने तक धरना प्रदर्शन के बाद विधायक अर्चना पांडेय ने बोरिंग कराने का आश्वासन दिया था। शनिवार को नगरपालिका परिषद के बहबलपुर में नलकूप की बोरिंग की शुरूआत अध्यक्ष मनोज दुबे एवं अधिशाषी अधिकारी ने भूमि पूजन कर कराई। इस दौरान रामकांत तिवारी सभासद, सत्येंद्र शाक्य, अमित शाक्य, हरिशरण शाक्य, सुशील पांडे, रहीस अहमद, मूलचंद यादव, हिमांक त्रिपाठी, जयप्रकाश पूर्व सभासद कन्हैयालाल शाक्य, जितेंद्र शाक्य आदि सभासद उपस्थित रहे।

अमृत विचार क्लासीफाइड डिस्प्ले
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7985205326, 8081445811




# 4 को डीआईओएस दफ्तर में धरना देंगे शिक्षणेतर कर्मी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** चार सितंबर को शिक्षकों की मांग को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में शिक्षणेत्तर संघ धरना देगा। शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने बैठक की। शुक्रवार को शहर के एक निजी संस्थान में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की बैठक हुई। बैठक में संघ के कोषाध्यक्ष राहुल दीक्षित ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संघ की इकाईयों का गठन कराया जाए। माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की मांग को शासन द्वारा पूरा नहीं किया गया है। संघ के प्रांतीय आवाह्वान पर चार सितंबर को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरना दिया जाएगा। धरना कर संघ के पदाधिकारी व सदस्य द्वारा मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनीष सक्सेना, जिला मंत्री नर सिंह यादव, मनोज कुमार राजपूत, मुकेश सिंह चौहान, दिनेश कुमार सिंह, सुमित कुमार, अतुल, प्रदीप, राजीव, शिशुपाल समेत कई शिक्षक बैठक में रहे।

# जसपुरापुर में स्वास्थ्य विभाग का छापा, भागे झोलाछाप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दो को थमाया नोटिस, एक सप्ताह का दिया समय
- जवाब न दिया तो दर्ज होगी एफआईआर



जसपुरापुर सरैयां में क्लीनिक पर छापा मार कर जांच करती स्वास्थ्य टीम।

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सदर तहसील क्षेत्र के गांव जसपुरापुर सरैयां में छापा मारा। भनक मिलते ही झोलाछाप क्लीनिक बंद कर भाग निकले। दो क्लीनिक संचालकों को नोटिस दिया गया। पैथोलॉजी संचालक भी भाग निकला।

एसीएमओ डॉ. ओपी गौतम ने इरसाद बेग न अन्य टीम के साथ जसपुरापुर सरैयां व जसोदा में झोलाछाप के खिलाफ अभियान चलाया। जानकारी होते ही झोलाछाप क्लीनिक संचालक भाग निकले। टीम को तान्या पॉलीक्लीनिक खुली मिली। मरीज भर्ती मिले। मौके पर मिले संचालक के पुत्र को नोटिस दिया गया। सात दिन में सीएमओ कार्यालय पहुंच कर जवाब न देने पर एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी गई। इसी तरह बंगाली क्लीनिक, पैथोलॉजी समेत अन्य क्लीनिक संचालक टीम को देख अपने शटर गिरा कर भाग निकले। एसीएमओ ने कहा कि वह फिर से छापेमारी करेंगे। सभी को नोटिस देकर कार्रवाई की जायेगी। दो दिन पहले उन्होंने जसोदा में छापा मारा। क्लीनिक संचालक से डिग्री व रजिस्ट्रेशन मागा गया लेकिन वह नहीं दिखा सके।

इस पर उनको भी नोटिस दिया गया है। इस संबंध में सीएमओ डॉ. विनोद कुमार का कहना है कि जिले में अबैध रुप से चल रही क्लीनिक परह अंकुश लगाने के लिये विभागीय छापेमारी जारी रहेगी। जो भी अवैध क्लीनिक मिलेंगे उनको नोटिस देकर जवाब मागा जायेगा। जवाब न मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करा कर जेल भेजने की कार्रवाई की जायेगी।

**व्यवस्था पर सवाल** — दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री डॉ. देवेंद्र शर्मा के जाते ही बिगड़ी जिला अस्पताल की व्यवस्था

# वार्ड व्याय नदारद तो तीमारदार खुद मरीज का खींच रहे स्ट्रेचर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



जिला अस्पताल में मरीज का स्ट्रेचर खींचते तीमारदार। अमृत विचार



जिला अस्पताल के निरीक्षण में तीमारदारों से जानकारी लेते राज्यमंत्री देवेंद्र शर्मा।

**अमृत विचार।** दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री की हिदायत व तारीफ के बाद भी जिला अस्पताल के वार्ड ब्याय नदारत दिखे। राज्य मंत्री के निरीक्षण करने के चंद मिनट के बाद ही जिला अस्पताल का वीडियो वायरल हो गया। इसमें मरीज की अस्पताल से छुट्टी होने के बाद तीमारदार खुद स्ट्रेचर खींचते नजर आ रहे हैं।

शनिवार को दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री डॉ. देवेंद्र शर्मा ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस दौरान किसी मरीज या तीमारदार ने उनसे शिकायत नहीं की थी। इससे राज्यमंत्री गदगद दिखे थे। निरीक्षण के बाद जैसे ही वह अस्पताल से गये वैसे ही जिला अस्पताल की हकीकत बयां करता हुआ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें एक तीमारदार खुद स्ट्रेचर से मरीज को अस्पताल के अंदर से बाहर लाते हुए दिखाई दे रहे हैं। किसी ने इसकी वीडियो बना कर वायरल कर दिया। इस तरह का मामला पहली बार नहीं हुआ है इससे पहले भी वार्ड व्याय की लापरवाही सामने आती रही है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु कार्रवाई की चेतावनी दे चुके हैं।

अब हाल यह है कि मरीजों को वार्ड ब्वाय नहीं ले जाते। मरीज के तीमारदार स्ट्रेचर की पहले खोज करते हैं, इसके बाद वह खुद मरीज को उस पर लिटा कर एक्सरे से लेकर अन्य उपचार दिलाते हैं।

### राज्यमंत्री को मिला था सब चकाचक

**कन्नौज।** राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा शनिवार की दोपहर जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में उपचार संबंधी हकीकत जांची। इस दौरान ओपीडी में मरीजों व तीमारदारों से बात की। पूछा कि उनको जिला अस्पताल में उपचार मिल रहा है या नहीं तो सभी ने हां में जवाब दिया। उन्होंने डाक्टरों के कक्ष में पहुंच कर कहा कि वह मरीजों के उपचार में किसी तरह की लापरवाही न करें। समय से अस्पताल पहुंचें। इस के बाद वह पोषण पुनर्वास केंद्र पहुंचे। यहां भर्ती बच्चों की उपचार व्यवस्था जांची। बच्चों की मां से जानकारी ली तो बताया गया कि बच्चों की बेहतर देखरेख की जाती है। इस मौके पर उन्होंने मरीजों को फल बांटे। इसके बाद पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बताया। इस मौके पर अध्यक्ष के साथ जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु चीफ फार्मासिस्ट जितेंद्र कटियार के अलावा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. गुलफाम को उसकी आवारागर्दी एवं गलत चाल - चलन के कारण अपनी संपूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत कार्य, लेन देन से मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **भवदीय- उम्मीदा बेगम पत्नी मो. गफ्फार, निवासी- मोहल्ला बाजार कलां सराय, तहसील छिबरामऊ, जनपद कन्नौज।**

**सूचना**
सूचित हो कि **अनम बानों पुत्री हैदर अली, निवासी-58/53, बाग आइना बीबी, पार्क थाने के पीछे हुसैनगंज, लखनऊ,** मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक -1258139 वर्ष 2018 (स्कूल- सी0बी0 गर्ल्स इंटर कालेज हुसैनगंज लखनऊ) का अंक पत्र व सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **मो0नं0-** 9670215421

**सूचना**
सूचित हो कि मै **हरिश्चन्द्र पुत्र छोटाका दास, निवासी- गोपालपुर, थाना- रहीमाबाद, परगना व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ** मेरे पाँच पुत्र है जिसमे से मझला पुत्र परशुराम जो कि आज करीब 5 सालो से पत्नी रेशमा के साथ परिवार से अलग रह रहा है जिससे हमारे अन्य पुत्रों से कोई वास्ता भी नहीं रखता है और आए दिन शराब पीकर पति पत्नी मे झगडा करते है और मुझे व मेरी पत्नी व अन्य पुत्रो को गालियाँ देता है और मारपीट करता है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकर नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित हो कि मैं **पवन चौधरी पुत्र धर्मेन्द्र चौधरी, निवासी - 92/216 गौतम बुद्ध मार्ग, चारबाग लखनऊ, मेरे मकान** SS - 2/1350, **सेक्टर -** D1, L. D.A Colony Kanpur road lucknow की प्रथम रजिस्ट्री अजय कुमार सोनी पुत्र काली प्रसाद को एल.डी.ए. द्वारा की गयी थी, जो वास्तव में कहीं खो गई है, जब की मैं इस संपत्ति का तीसरा मालिक हूँ। रजिस्ट्री पेपर मिलने पर संपर्क करें -9044483999

**सूचना**
मैंने, अपने पुत्र मो. अनवार को उसके गलत आचरण के कारण इसे अपनी चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। - **अशरफ अली पुत्र मो. ईशहाक अली, नि0- ग्राम- पैकरामऊ, थाना- गुडम्बा, कुर्सी रोड, लखनऊ**

**सूचना**
सूचित करना है कि मेरा खाता संख्या 22006283863 इंडियन बैंक शाखा रगड़गंज में है। उक्त खाते में मेरा नाम अनिल कुमार शुक्ला दर्ज है जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अनिल है। अनिल कुमार शुक्ला व अनिल दोनों नाम एक ही व्यक्ति मेरे ही है। अब मैं अपना खाता अनिल पुत्र जगदीश के नाम से चलाना चाहता हूं। **अनिल कुमार शुक्ला पुत्र जगदीश, निवासी- पुरे मोहन (रिखई पुरवा) परगना डीक्सिर तहसील तरबगंज गोंडा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **नूर मोहम्मद पुत्र सखावत, निवासी- ग्राम टेरा सानी पोस्ट व थाना मसौली तह0 नवाबगंज, जनपद- बाराबंकी,** मेरे पुत्र मो0 इनायत का चाल चलन ठीक नहीं है उसका उठना बैठना सामाज के गलत लोगों से है वह बुरी संगत में पड़ गया है और पति-पत्नी के बीच में हमेशा लड़ाई झगडा विवाद बना रहता है उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज से मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**आज का मौसम**

रविवार को बादल छाए रहेंगे। देर शाम को हल्की बारिश होने की संभावना है।

| 34.0⁰ | 27.2⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 45 | सूर्यास्त 06 : 38 |

# होली मोहल्ला में पिता ने पुत्री की ले ली जान

## मां ने अपने पति के खिलाफ कोतवाली में दर्ज कराई हत्या किए जाने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** करतूत से परेशान पिता ने रक्षाबंधन के मौके पर घर आई पुत्री को हथौड़ी के वार से मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हथौड़ी बरामद की है। मां ने पति के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें हत्या की वजह स्पष्ट नहीं है। मामले में पहले गैर समुदाय में बेटी द्वारा शादी किए जाने से पिता के क्षुब्ध होने की बात को कारण बताया जा रहा है।



आरोपी सुरेंद्र सिंह।

शहर कोतवाली के मोहल्ला होली निवासी सुरेंद्र सिंह तोमर ने अपनी इकलौती संतान पारुल चौहान (40) की शादी दो वर्ष पहले कर दी थी। इसके बाद भी वह पुत्री से खुश नहीं था। इसीलिये उसे कभी घर नहीं बुलाता था। इधर पुत्री की बात मां लता तोमर से होने लगी। करीब 10 दिन पहले ही वह घर आई थी। शुक्रवार को मां कहीं गई थी और पुत्री घर में अकेली थी। बताया जा रहा है कि शाम चार बजे के करीब पुत्री से शादी के मुद्दे पर विवाद हुआ। इसी बीच पिता सुरेंद्र ने हथौड़ी से पुत्री के सिर पर कई प्रहार किये। इसके बाद मुंह व नाक दबा दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मां लता घर पहुंची तो पुत्री को खून से लथपथ घर के आंगन में मृत पाया। घटना के संबंध में देर रात करीब 11 बजे किसी ने जानकारी दी तो पुलिस घर पहुंची। उस समय पारुल का शव आंगन में पड़ा था। पुलिस उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके से मृतका के पिता को गिरफ्तार कर लिया। मृतका की मां ने कोतवाली में अपने पति सुरेंद्र सिंह तोमर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना के संबंध में सीओ सदर कमलेश कुमार का कहना है कि दोनों के बीच विवाद हुआ था जिसमें पिता ने कहा था कि पुत्र होता तो कम से कम यह सब न झेलना पड़ता। बात बढ़ी तो पिता ने हाथापाई के बाद हथौड़ी से प्रहार कर पुत्री की हत्या कर दी। सीओ ने बताया कि पूछताछ में आरोपी की पत्नी ने बताया कि उसके व आरोपी के बीच संबंध ठीक नहीं थे। पुत्र न होने को लेकर झगड़ा होता था जिसमें बेटी मां का साथ देती थी। इसी को लेकर झगड़ा हुआ था। पोस्टमार्टम सूत्रों ने बताया कि उसकी मौत हथौड़ी से प्रहार से नहीं बल्कि दम घुटने से हुई है।



पुत्री की हत्या के बाद घर के अंदर बेसुध पड़ी मां लता तोमर व मौजूद अन्य।

### पुत्री के पहले गैर समुदाय में शादी करने, फिर पिता के दूसरी जगह करने की चर्चा

कन्नौज। बताया जा रहा है कि पारुल का प्रेम प्रसंग कुछ साल पहले गैरसमुदाय के युवक से चल रहा था। उसने उससे शादी भी कर ली थी। इससे पिता नाराज था। फिर भी उसे घर ले आया था। इसके बाद अपने ही समुदाय के युवक से शादी कर दी। पूर्व में बेटी की हरकत से दुखी पिता ने उसके मायके आने पर रोक सी लगा दी थी। समय बीता तो बेटी की मां से बात होने लगी और वह हाल में मायके आ गई। फिर, मां की गैरमौजूदगी में पिता से मुंहाचाही के बाद इतनी बड़ी वारदात की शिकार हो गई।

### प्रतापगढ़ के किसी स्कूल में शिक्षिका होने की चर्चा

कन्नौज। पारुल बीते दो वर्ष से घर नहीं आ रही थी। इसकी मुख्य वजह कुछ भी हो पर चर्चा है कि वह प्रतापगढ़ में किसी स्कूल में पढ़ा रही थी। जिस विराट चौहान से शादी करने की बात कही जा रही है उसके भी किसी डिग्री कालेज में पढ़ाने की बात कही जा रही है। पारुल की हत्या के 24 घंटे बीत चुके हैं पर पति या अन्य ससुरालीजन अभी तक मौके पर नहीं पहुंचे हैं। इससे कहानी की वास्तविकता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### मृतका के आधार में पति का नाम विराट चौहान

- **कन्नौज।** कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि पारुल के पास से पुलिस को एक आधारकार्ड मिला है। इसमें उसके पति का नाम विराट चौहान निवासी देवरिया जनपद लिखा गया है। यदि पिता ने खुद की बिरादरी के युवक से शादी कर दी थी तो बेटी के घर पर आने पर रोक क्यों थी इस सवाल का जवाब पुलिस के पास भी नहीं है।

### हत्यारोपी पिता के साइको होने की चर्चा

- **कन्नौज।** पुत्री को मौत के घाट उतारने वाले पारुल के पिता के साइको (मनोरोगी) होने की चर्चा हो रही है। पुलिस की मानें तो जिस समय उसे गिरफ्तार कर कोतवाली लाया गया तो वह बंदी गृह में खुद से बात करता और हाथ हिलाकर कुछ बड़बड़ा रहा था। उसे पुत्री की हत्या करने के बाद कोई अफसोस नहीं था। मोहल्ले के लोगों की मानें तो वह लोगों से भी कम ही मतलब रखता था। इत्र का कारोवार करता था। आरोपी साइको है या नहीं यह तो पुलिस की जांच से स्पष्ट हो जायेगा।




विजिलेंस टीम की गिरफ्त में मौजूद जेई। अमृत विचार

# विजिलेंस टीम ने जेई विद्युत को रिश्वत लेते दबोचा

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** विद्युत उपभोक्ताओं से कनेक्शन के नाम पर रिश्वत ले रहे विद्युत विभाग के अवर अभियंता को विजिलेंस टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम अवर अभियंता को कोतवाली ले आई और मुकदमा दर्ज कराया।

कोतवाली क्षेत्र ग्राम पंचपुखरा निवासी अशोक कुमार पुत्र कुंवर सिंह व जगदेव सिंह पुत्र दीवान सिंह से घरेलू विद्युत कनेक्शन के लिए विद्युत उपकेन्द्र अनौगी के अवर अभियंता भूपेन्द्र सिंह ने पांच-पांच हजार रुपये की मांग की थी। इस पर पीड़ितों ने 3200-3200 रुपये अवर अभियंता को दे दिए थे। जेई ने इतने रुपये में कनेक्शन देने से मना कर दिया और पैसे भी वापस कर दिए। फिर दोबारा जेई ने कनेक्शन आवेदकों को फोन कर बुला लिया। कनेक्शन आवेदकों ने विजिलेंस टीम को सूचना देकर तैयार किया। योजना के अनुसार जेई को दिन के 2.30 बजे प्राइमरी स्कूल जसोदा के पास बुलाकर 10 हजार रुपये देने की बात कही गई। जेई बताए स्थान पर पहुंच गए। विजिलेंस टीम ने रिश्वत की धनराशि में केमिकल पहले ही लगा दिया था। रुपये लेते ही विजिलेंस टीम ने जेई भूपेंद्र सिंह को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद टीम आरोपी जेई को कोतवाली ले आई। जहां रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## एक नजर

### जेब काट 40 हजार किए पार

**सौरिख, कन्नौज।** भैंस लेने जा रहे युवक की जेब काटकर 40 हजार रुपये पार कर दिए गए। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। क्षेत्र के नगला डडुअन गांव निवासी आसाराम बाबा पुत्र किशुनूलाल शनिवार दोपहर समय लगभग दो बजे बैंक से पैसे निकालने आए थे। बैंक बंद होने के कारण उन्होंने अपने गांव की ही दुकान से 40 हजार रुपये उधार ले लिए थे। टेंपो से गांव जाते समय रास्ते में जेब कतरे ने जेब काटकर रुपये पार कर दिए। जब पीड़ित अपने गांव उतरा तो जेब में पैसे ना देख दंग रह गया। पीड़ित ने थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस जेबकतरे की तलाश में सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### मेले में उमड़े श्रद्धालु

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम रोहली में मां जाहरा देवी मेला में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पहले दिन करीब 15 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन कर चढ़ावा चढ़ाया और मन्नत मांगी। रोहली गांव में स्थिति मां जाहरा देवी मेला भादौ मास में प्रत्येक शनिवार को मेला लगता है। शुक्रवार रात 12 बजे के बाद मंदिर के कपाट खोले दिए गए। सुबह 4 बजे हवन पूजन के बाद मेला की शुरुआत हुई। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना तालग्राम पुलिस के अलावा इंदरगढ़, विशुनगढ़, सकरावा के थाना प्रभारी समेत 70 पुलिस कर्मी तैनात रहे। फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य टीम मौजूद रही। एसडीएम छिबरामऊ उमाकांत तिवारी ने जाहरा देवी मंदिर पहुंचकर व्यवस्था परखी। मेले में कन्नौज, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, औरैया व इटावा सहित तमाम जिलों के श्रद्धालु पहुचें।

### मृत चिकित्सक की याद में रोपा पौधा

**तिर्वा कन्नौज।** कलकत्ता में दुष्कर्म के बाद चिकित्सक की हत्या को लेकर चिकित्सकों ने कई दिनों तक विरोध प्रदर्शन किया। मेडिकल कालेज तिर्वा में मृतक चिकित्सक की याद में पौधरोपण किया। शनिवार को जूनियर डाक्टरों ने प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल की अध्यक्षता में कालेज परिसर में एक पौधरोपण किया। प्राचार्य ने बताया कि कोलकाता कांड में मृतक डॉक्टर की याद में पौधा लगाया गया है।

### 45 में से 22 मामले निपटे

**कन्नौज।** जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। पूरे सप्ताह में थानों पर प्राप्त हुए विभिन्न भूमि विवाद सम्बन्धी शिकायतों को संकलित किया गया। बीट स्तर पर विभिन्न गांवों, मोहल्लों में विद्यमान भूमि विवादों के अलावा यूपी-112 पर कॉल के माध्यम से प्राप्त हुई भूमि विवाद सम्बन्धी शिकायतों को संकलित किया गया। शिकायतकर्ताओं को 01 दिन पूर्व थानों से फोन करके थाना दिवस में बुलाया गया। थाना समाधान दिवस पर समस्त थाना पर कुल 45 शिकायत प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 22 का निस्तारण किया गया।

### शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**छिबरामऊ कन्नौज।** दिव्यांग बच्चो की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। भारतीय शिक्षा सदन इंटर कालेज में हुए प्रशिक्षण में जिले भर के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शनिवार को प्रशिक्षक ने शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रशिक्षण नोडल अधिकारी संयोगिता वर्मा के नेतृत्व में हुआ।

# पति ने की दूसरी शादी, ससुर ने छेड़छाड़

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- विवाहिता ने पति सहित नौ लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट
- शादी के बाद सेकर रहे थे दो लाख रुपये व कार की मांग

**अमृत विचार।** दहेज लोभी ससुरालियों ने न सिर्फ विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया बल्कि पति ने दूसरी शादी कर और ससुर ने उसके साथ छेड़छाड़ कर उत्पीड़न किया। इसके बाद भी ससुराली नहीं माने और विवाहिता को उसकी मासूम पुत्री के साथ घर से निकाल कर मायके भेज दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पति सहित नौ लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नगर के मोहल्ला निवासी विवाहिता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज से उसके पिता ने 27 अक्टूबर 2021 मैनपुरी के थाना भोगांव मुहल्ला प्रेम चिरैया बड़ा बाजार निवासी युवक से की थी। शादी के बाद से ही पति, ससुर, सास, ननद, देवर, देवरानी, जेठ, जेठानी, ननदोई ने कम दहेज मिलने की बात कह कर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीडऩ करना शुरू कर दिया। ससुरालियों ने 20 अगस्त की रात 10 बजे चार पहिया गाड़ी व 2 लाख रुपये की मांग की और उसके साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट की। इतना ही नहीं उसके पति ने मैनपुरी निवासी एक महिला से दूसरी शादी भी कर ली। उसके ससुर ने 21 अगस्त की सुबह लगभग 7 बजे नहाते समय उसके साथ छेड़छाड़ की और कपड़े फाड़ दिए। इसके बाद सुबह 11 बजे उसे व उसकी मासूम पुत्री को मायके भेज दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पति सहित नौ लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### दहेज के लिए महिला से मारपीट कर घर से निकाला

- **गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज लोभी ससुरालियों ने कम दहेज मिलने की बात को लेकर विवाहिता से गाली गलौज की और मारपीट कर घर से निकाल दिया। ग्राम सराय प्रयाग, मखदूमपुर निवासी वैष्णो देवी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी नगर के मुहल्ला मुजाहिद नगर पावर हाउस निवासी राम लखन से बीते 02 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद पति रामलखन, सास रामबेटी, देवर मोहित शादी में कम दहेज मिलने की बात कह कर उसे प्रताड़ित करने लगे। 17 अगस्त की शाम लगभग 07 बजे ससुरालियों ने उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घर से निकाल दिया। कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# समायोजन सूची में गड़बड़ी आ सकती है दूसरी लिस्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में सरप्लस शिक्षकों की जारी सूची में खामियां बताई गईं हैं। इसके अलावा कई विद्यालय ऐसे छोड़ दिए गए हैं जहां काफी अध्यापक हैं और छात्र संख्या न्यून है। इसको लेकर आरोप-प्रत्यारोप व शिकायतों का दौर शुरू हो गया है। कहा जा रहा है कि शासन से दूसरी लिस्ट आ सकती है।

बेसिक शिक्षा विभाग में प्रधान अध्यापक व सहायक शिक्षकों के अंतः जनपदीय समायोजन की प्रक्रिया चल रही है। 20 अगस्त को जारी सूची में चार प्रधानाध्यापक व 357 सहायक अध्यापकों के नाम सामने आए। 22 अगस्त तक करीब 40 अध्यापकों ने आपत्तियां दाखिल की हैं। इसमें किसी ने छात्र संख्या का हवाला दिया है तो कइयों ने कहा है कि उनके यहां अध्यापक संख्या सही है। साथ ही कुछ ने कार्यभार ग्रहण करने की तारीख ही गलत बताने का जिक्र किया है। अब इन आपत्तियों को पोर्टल पर फीड करने की तैयारी हो रही है। दूसरी ओर जिलेभर से आईं आपत्तियों को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

### शिक्षकों के क्रम सही लिखें

कन्नौज। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रजत परिहार ने बीएसए कार्यालय में दिए पत्र में कहा है कि वर्ष 2018 में 68500 शिक्षकों की भर्ती हुई थी। कई अभ्यर्थियों को दूर के जिलों में भेज दिया गया था। बाद में कोर्ट के निर्णय से जीत हुई। कन्नौज में भी 84 अध्यापकों को भेजा गया। लेकिन उनकी वरिष्ठता शून्य मानी गई। मामला न्यायालय में पहुंचा और वरिष्ठता बहाल हुई। इसमें क्रम सही नहीं हैं। इससे शिक्षकों को आपत्ति है। इसे सही क्रम में लिखने की मांग हुई है।

## सार-संक्षेप




जिला कारागार में फाइलेरिया की दवा लेते बंदी। अमृत विचार

### जिला कारागार में खिलाई गई फाइलेरिया की दवा

**जलालाबाद, कन्नौज।** जिला कारागार अनौगी में शनिवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें निरुद्ध बंदियों, कारागार कर्मियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य व चिकित्सा पर विशेष ध्यान दिए जाने हेतु फाइलेरिया रोग से बचाव हेतु एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जेल अधीक्षक मा. अकरम खां ने फाइलेरिया की पहली खुराक खाकर किया। इसके बाद कारागार में निरुद्ध सभी बंदियों एवं कारागार पर तैनात अधिकारियों एवं उनके परिजनों को भी फाइलेरिया रोग से बचाव की खुराक खिलाई गयी। शिविर में जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ, कारागार चिकित्साधिकारी डा. इफराक हुसैन, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल राम बहाल दुबे, फार्मासिस्ट रामबिहारी व फार्मासिस्ट मान सिंह, बीसीपीएम हुकुम सिंह, जिला कोऑडिनेटर सुनील गुप्ता, आशा सुमन यादव, वालिन्टियर उमेश यादव एवं प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार उपस्थित थे।

### मकान की छत गिरने से बाल-बाल बचा परिवार

**तिर्वा, कन्नौज।** कच्चे मकान की छत गिरने से वहां पर लेटा परिवार बाल-बाल बच गया। थाना इंदरगढ़ के अनंतपुर गांव निवासी मुन्ना सिंह ने बताया कि उसका कच्चा मकान है जिसके दरवाजे पर व टिन डाल कर परिवार समेत रहता है। शुक्रवार रात हुई बारिश के दौरान छत गिर पड़ी। हालांकि वह व उसका परिवार बाल बाल बच गए। बताया कि उसने पिछले साल पीएम आवास के लिए आवेदन किया था। उसका नाम 11 वें नंबर पर था। इसके बाद भी उसे आवास नही मिला। मजबूरन कच्चे मकान में टिनशेड डाल कर रहता है। अब वह सामान दूसरे के घर में रखकर गुजर बसर करने के लिए विवश है।



घटना के बाद दहशत में परिवार के लोग।

### 12 फीट लंबा 70 किलो का अजगर देख हड़कंप

**जलालाबाद, कन्नौज।** ब्लॉक गुगरापुर के ग्राम बारामऊ बांगर में शनिवार की सुबह गांव के बाहर उपले के कूप में अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। ग्रा वन विभाग के शोभित शुक्ला ने सर्पमित्र रवि यादव को बुलाया और अजगर को पकड़ लिया। बताया कि अजगर की लंबाई लगभग 11 से 12 फुट व वजन 65 से 70 किग्रा होगा। इसके बाद अजगर को वन विभाग को सौंपकर सुरक्षित जंगल में छुड़वा दिया गया है।



अजगर को पकड़े सर्प मित्र रवि यादव व मौजूद ग्रामीण।

# एक्सप्रेस वे पर ट्रक में घुसी बस, 12 यात्री घायल

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज।

**अमृत विचार।** एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित गति से जा रही डबल डेकर बस आगे चल रहे ट्रक में टकरा गई। इससे उसमें सवार चालक समेत 12 यात्री घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार कराकर सभी यात्री गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

शनिवार की सुबह लखनऊ से यात्रियों को लेकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए डबलडेकर बस दिल्ली जा रही थी। जैसे ही बस तिर्वा कोतवाली के लोहामढ़ गांव के पास 190 किलोमीटर पर पहुंची तो बस चालक को झपकी आ गई। इससे एक्सप्रेस वे पर आगे चल रहे ट्रक में बस में जा घुसी।



हादसा होने के बाद क्षतिग्रस्त बस और ट्रक। अमृत विचार

हादसा होते ही यात्रियों में चीखपुकार मच गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस से घायलों को निकाल कर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हादसे में घायल जिला अयोध्या के चितौरा गांव निवासी शैलेंद्र कुमार पुत्र रमाकांत, मध्यप्रदेश के भिंड निवासी कमल चौरसिया पुत्र मुरारी लाल, भिंड के पवई निवासी अनूप पुत्र चौधरी, गोरखपुर के रायगंज निवासी अयान पुत्र कमाल, बसरतपुर निवासी दीप्ति पुत्री दिनेश, पुराना गोरखपुर निवासी हर्ष पुत्र नागेंद्र मिश्रा, सिद्धार्थनगर के जिगनसुर पुर निवासी सचिन शुक्ला पुत्र प्रेम शंकर, महाराजगंज के नौतनवा निवासी सतीश मिश्रा पुत्र शारदा प्रसाद, गाजियाबाद के विजयनगर निवासी अरूण शर्मा पुत्र अशोक शर्मा, गोरखपुर के बसरतपुर निवासी प्रीती पत्नी दिनेश, मध्यप्रदेश के गोरमी भिंड निवासी बस चालक सुनील सिंह पुत्र कप्तान सिंह, बस्ती के सिविल लाइन निवासी निखिल पुत्र प्रदीप श्रीवास्तव को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।

सीओ डाक्टर प्रियंका बाजपेयी ने बताया कि लखनऊ से दिल्ली डबल डेकर बस जा रही थी। बस में 34 यात्री सवार थे। आगे चल रहे ट्रक से बस टकरा गई थी।12 यात्री घायल हुए जिन्हे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

# करंट लगने से युवक की मौत

**कन्नौज/तिर्वा।** मकान में डाली गई शटरिंग खोलते समय लगे करंट से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जब कि साथी गंभीर रूप से झुलस गया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव परसपुर पुर्वा सरैयां में एक मकान में पड़े लेंटर की शटरिंग खोलने का काम चल रहा था। इसमें तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव मुरैयां बुजुर्ग निवासी राम जी गौतम पुत्र धर्मपाल व महुरिया निवासी पिंटू उर्फ गुड्डू काम कर रहे थे। शटरिंग खोलने के दौरान अचानक बेल्चा छत के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। इससे पिंटू की करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई जब राम जी गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया।

**जांच** | अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर मुलाकात न कराने की बात कही

# दुष्कर्म पीड़िता से नहीं मिल पाए आयोग के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दो दिवसीय दौरे पर आए थे बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा
- बताया गया, पीड़िता परिवार के साथ किसी अन्य जनपद में रह रही है

**अमृत विचार।** दुष्कर्म पीड़िता किशोरी से बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष की मुलाकात ही नहीं हो पाई। अध्यक्ष जिले के दो दिवसीय दौरे पर आए हुए थे। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देकर मुलाकात न करा पाने की बात कहीं।

11 अगस्त की रात को 15 वर्षीय किशोरी ने यूपी 112 पर काल कर एक डिग्री कालेज में छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने घटनास्थल पहुंच आरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पीड़िता के बयान पर आरोपी पर दुष्कर्म समेत कई धाराएं बढ़ाई गईं थीं। मुख्यमंत्री ने भी घटना का संज्ञान लिया था। जिला प्रशासन की ओर से भी किशोरी से दुष्कर्म के मामले की प्रमुखता से जांच कराई जा रही है।

शुक्रवार को जिले में दो दिवसीय दौरे पर बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा आए थे। प्रोटोकाल के अनुसार शनिवार सुबह नौ बजे जिला जेल, जिला अस्पताल, आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के बाद दुष्कर्म पीड़िता से मुलाकात का कार्यक्रम जारी हुआ था।

प्रोटोकाल के तहत सभी कार्यक्रम तो यथावत रहे लेकिन दुष्कर्म पीड़िता से उनकी मुलाकात नहीं कराई जा सकी। ऐसे में शनिवार दोपहर विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक कर अध्यक्ष मथुरा जनपद के लिए रवाना हो गए। जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या ने बताया कि पीड़िता परिवार के साथ किसी अन्य जनपद में रह रही है। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से पीड़िता की मुलाकात आयोग अध्यक्ष से नहीं कराई जा सकी।

### रानी लक्ष्मी बाई सम्मान कोष से मिलेंगे तीन लाख

**कन्नौज।** रानी लक्ष्मी वाई महिला सम्मान योजना के तहत दुष्कर्म किशोरी पीड़िता को तीन लाख रुपये दिलाए जाएंगे। जनपद के दौरे पर आए बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। योजना में दुष्कर्म, एसिड एटैक, पॉक्सो एक्ट और दहेज हत्या के मामलों में पीड़िताओं को इलाज व पुनर्वास के लिए तीन लाख से 10 लाख रुपये तक की आर्थिक मदद दी जाती है। शनिवार को विकास भवन स्थित हर्षबर्धन सभागार में बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। किशोरी से हुए दुष्कर्म के मामले की जानकारी ली गई। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि योजना के तहत दुष्कर्म पीड़िता को तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता जल्द से जल्द दिलाई जाए। मामले की चार्जशीट को जल्द तैयार किया जाए। किशोरी से दुष्कर्म के मामले को फास्ट ट्रैक पर रखा जाए। आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।



शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मौजूद अधिवक्ता। अमृत विचार

# ब्राइट टैक्स बार एसो. पदाधिकारियों ने ली शपथ

**कन्नौज।** जिले के अधिवक्ता संगठन ब्राइट टैक्स बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। इस मौके पर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसमें नव निर्वाचित कमलेश कुमार सक्सेना को अध्यक्ष, संदीप कुमार यादव सचिव, आलोक कुमार दुबे उपाध्यक्ष, शशि शर्मा कोषाध्यक्ष, नवीन चंद्र द्विवेदी सह सचिव, अनुज दुबे प्रवक्ता, नवनीत कुमार वर्मा को जन संपर्क अधिकारी के पद की व सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई गई। मुख्य अतिथि राकेश कुमार यादव एडिशनल कमिश्नर ग्रेड- 2 (अपील) इटावा ने शपथ दिलाई। उनके साथ ही अरुण कुमार गौतम जॉइंट कमिश्नर कार्यपालक, नाजिम खान डिप्टी कमिश्नर, मनीष कुमार राय असिस्टेंट कमिश्नर, दीपा सागर असिस्टेंट कमिश्नर, विजेंद्र सिंह राज्य कर अधिकारी, अधिवक्ता संगठन ब्राइट टैक्स बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता बीएस तोमर, श्याम मेहरोत्रा, अनिल शुक्ला, सुभाष चंद्र यादव, अजीत मिश्रा, निशंक जैन, पोशक पाठक, गोपाल वैश्य, अरविंद तोमर, सौरभ बाजपेई, वरुण त्रिपाठी, नलिनी मिश्रा मौजूद रहे।

# रात भर चला सर्च ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भटासा और शमसाबाद रेलवे स्टेशन के बीच हुई ट्रेन पलटने की साजिश के बाद रेलवे महकमे में हड़कम्प मच गया। कायमगंज जीआरपी व आरपीएफ की टीमें मौके पर पहुंची और वहां जांच पड़ताल की। टीम ने सूचना उच्चाधिकारियों को दी। जिसपर देर रात लगभग 3 बजे इज्जत नगर बरेली के डिप्टी कमांडेंट मोहम्मद शारिक खान, बरेली से इंस्पेक्टर ओपी मीणा व कन्नौज से इंस्पेक्टर राजेश मौके पर पहुंचे और सर्च अभियान चलाया गया। कुछ देर में ही जनपद कासंगज से डॉग स्कावड टीम मौके पर पहुंच गई। रेलवे इंजीनियर जहीर अहमद खान को साथ लेकर सुबह तक जांच पडताल चलती रही। कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 150 के तहत मुकदमा दर्ज कराया।


कटे पेड़ की जानकारी लेते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### ट्रेन चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** जिस समय ट्रेन भटासा स्टेशन से गुजर रही थी। अचानक लकडी चालक की नजर लकडी के बोटे पर पड़ गई और उसने सूझबूझ से इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। यदि समय पर ट्रेन में ब्रेक न लगती तो किसी बडी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता।

### एसपी ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की

**कायमगंज।** घटना की जानकारी पर एसपी आलोक प्रियदर्शी, एएसपी डॉ. संजय सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं फॉरेसिंक टीम व एसओजी टीम को भी मौके पर बुलाया गया। जहां देखा गया कि रेलवे ट्रेक से कुछ दूरी पर एक खेत में आम की लकड़ी पहले से ही कटी पडी थी। वहीं पास में शराब के खाली क्वाटर, पानी की बोतल व गिलास आदि समाना पड़ा हुआ पाया गया।

# गंगा का जलस्तर फिर बढ़ा, गांवों में घुसा पानी

- पिछले 3 दिनों से बैराजों से पानी छोड़ने की मात्रा बढ़ी

अमृतपुर फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा नदी का जलस्तर घटकर एक बार फिर से बढ़ने लगा है। जिससे नदी के किनारे के गांवों के लोगों की धड़कने तेज हो गईं है। जिला प्रशासन द्वारा रविवार को गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने का अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार से गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से तटवर्ती गांवों जुगराजपुर, लाइकपुर, आशा की मड़ैया, उदयपुर, कुसुमापुर, चाचूपुर जटपुरा ,हरसिंहपुर कायस्थ, उगरपुर आदि ग्रामों के लोगों की धड़कने तेज हो गई हैं। आज शनिवार सुबह गंगा नदी में नरौरा बांध से 122848 क्यूसेक,बिजनौर बांध से 132099 क्यूसेक, हरिद्वार बांध से 108382 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। गंगा नदी का जलस्तर पंचालघाट पर 136.65 मीटर दर्ज किया गया है। पिछले तीन दिनों से बैराजों से पानी छोड़ने की मात्रा बढ़ा देने से गंगा नदी का जलस्तर तेजी के साथ बढ़ने से इंकार नहीं किया जा सकता है। गंगा नदी का जलस्तर घटने से लोगों ने राहत की सांस ली। एक बार पुनः जलस्तर बढ़ने से लोग परेशान नजर आ रहे हैं। पिछले एक महीने से अधिक समय से गंगा नदी का पानी गांवों मे डेरा जमाए हुए है। पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश से गंगापार के लोगों को बाढ़ से निजात मिलती नजर नहीं आ रही है। बाढ़ पीड़ित माखन नगला निवासी दिनेश, उमेश यादव, सोहन सिंह,घनश्याम आदि लोगों कहना है कि बुजुर्ग लोग बताते हैं पहले हर वर्ष बाढ़ नही आती थी। परंतु सन् 2010 के बाद से प्रतिवर्ष बाढ़ आने से लोगों की आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ा है। प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ ने लोगों की कमर तोड़ कर रख दी है।


गंगा नदी में मुस्तैद पीएसी के तैराक। अमृत विचार

# दूसरे दिन 3866 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

## सिपाही भर्ती परीक्षा: 18 केंद्रों पर हुई परीक्षा में 8566 अभ्यर्थियों ने लिया भाग, जायजा लेते रहे अधिकारी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में सिपाही भर्ती परीक्षा 18 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच शनिवार को हुई। परीक्षा में दोनों पालियों में 3866 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जबकि 8566 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। निष्पक्ष परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों दो जोन में बांटा गया। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कंट्रोल रूम बनाया गया। प्रत्येक केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट व एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। प्रशासन की तरफ से परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए । सिपाही भर्ती परीक्षा केन्द्रों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। जिलाधिकारी, एसपी परीक्षा केंद्रों का घूम-घूम कर जायजा लेते रहे। जनपद में सिपाही भर्ती परीक्षा में प्रथम पाली में 2003 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 4213 अभ्यार्थी परीक्षार्थी में शामिल हुए। परीक्षा शुरू होने से करीब 2 घंटे पूर्व अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश शुरू कर दिया गया। दूसरी पाली में 1863 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। 4353 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। पुलिस कप्तान आलोक प्रियदर्शी व जिलाधिकारी वीके सिंह सिपाही भर्ती परीक्षा का घूम घूम कर जायजा लेते रहे। जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा सिपाही भर्ती परीक्षा के परीक्षा केंद्र रामानंद बालक इंटर कॉलेज, रामानंद बालिका इंटर कॉलेज ,सेठ कन्हैया लाल रस्तोगी इंटर कॉलेज, फर्रुखाबाद का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।


रोडवेज बस स्टैंड पर उमड़ी भीड़। अमृत विचार

### रोडवेज बस स्टैंड पर उमड़ी भीड़, सीट के लिए मारामारी

**फर्रुखाबाद।** पहली पारी की सिपाही परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षार्थियों की रोडवेज बस स्टैंड पर भीड़ उमड़ी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले पुलिस भर्ती परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज बस यात्रा फ्री की गई है। सरकार की तरफ से कहा गया कि पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र दिखाकर रोडवेज बस में फ्री यात्रा कर सकते हैं। पहली पारी की परीक्षा समाप्त होने के बाद भारी संख्या में परीक्षार्थी बस स्टाप पहुंचे।


लालगेट पर लगा जाम। अमृत विचार

### लालगेट तिराहे पर लगा जाम, परेशान हुए परीक्षार्थी

**फर्रुखाबाद।** सिपाही भर्ती परीक्षा जिले के 18 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हो रही है। शाम की पाली का जब पेपर छूटा तो सड़कों पर भारी भीड़ आ गई। इसके चलते लाल गेट पर जाम लग गया। बस अड्डे, रेलवे स्टेशन जा रहे परीक्षार्थी भी काफी देर जाम में झूझते रहे। सिपाही भर्ती परीक्षा के केंद्र शहर क्षेत्र में ही ज्यादातर हैं। दोनों पालियों में 10000 के करीब परीक्षार्थी हो जाते है। शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा का दूसरा दिन था। बड़ी संख्या में आ रहे परीक्षार्थियों के बोझ तले शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। जब शाम 5 :00 बजे दूसरी पाली की परीक्षा खत्म हुई। हजारों की संख्या में अभ्यर्थी सड़कों पर आए तो लाल गेट तिराहे पर जाम लग गया। सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ पर वाहनों की पार्किंग के चलते जाम में विकराल रूप धारण कर लिया। पुलिसकर्मी वाहनों को निकलवाते रहे लेकिन इसके बावजूद भी आधे घंटे तक लोग जाम में झूझते रहे। परीक्षा केदो से निकले परीक्षार्थी बस अड्डे और रेलवे स्टेशन जा रहे थे ।लालगेट पर जाम लगने से वह भी फंसे रहे। आड़े टेढ़े तरीके से, उल्टी साइड से आने वाले ई रिक्शा और टेंपों की वजह से जाम की झाम से लोग परेशान होते रहे। अतिरिक्त पुलिसकर्मियों के पहुंचने के बाद यातायात सुगमता से शुरू हो पाया।

# कमेटी के पैसे को लेकर भिड़े दो पक्ष 5 लोग घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** मोहल्ला मांझगांव पूर्व में कमेटी के पैसों के लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें दोनों पक्ष से पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का इलाज व मेडिकल सीएचसी में कराया।

कंपिल के मोहल्ला माझगांव पूर्व में कमेटी के पैसों को लेकर दो पक्षों आपस में भिड़ गए। पुलिस दोनों पक्षों को घायलवस्था में इलाज व मेडिकल के लिए सीएचसी लेकर आई। जहां इलाज के दौरान एक पक्ष से चन्दन व साहिल ने बताया कि दूसरे पक्ष से आसिम, वारिश अली, मो. खालिद ने उनसे कमेटी के पैसे मांगे जिस पर उन्होने पैसे अगले दिन देने को कहा जिस पर दूसरा पक्ष गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर दूसरा पक्ष हमलावर हो गया।

इधर दूसरे पक्ष ने बताया कि जब उन्होने पहले पक्ष से पैसे मांगे तो उन्होंने पैसे फोन पर ट्रांसफर करने की बात कही। जबकि पैसे फोन पर नहीं आए थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने हो गए और दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व लात धूंसे चले।

## सार-संक्षेप


राधा-कृष्ण के स्वरूप में छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### स्कूल में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व

**फर्रुखाबाद।** थाना जहानगंज क्षेत्र में बघार के पास राजपूताना पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक संदीप सिंह राठौड़ ने की। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने राधा, कृष्ण और गोपियों की भूमिका निभाई। जिसमें शेषनाग के ऊपर चढ़कर नृत्य करना प्रमुख था। सीनियर कक्षाओं के छात्रों ने पिरामिड बनाकर माखन की हांडी को फोड़ने का शानदार प्रदर्शन किया ।प्रधानाचार्य हृदय कुमार सिंह ने सभी भागीदार छात्रों का उत्साह वर्धन किया। प्रबंधक संदीप सिंह राठौड़ ने सभी उपस्थित छात्रों को अन्य गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रणी रहने के लिए प्रेरित किया। मोहम्मद अरशद कोऑर्डिनेटर महिमा सिंह अन्य शिक्षकों ने व्यवस्था को सुचारु रखा। कार्यक्रम का संचालन मोनिका वर्मा के द्वारा किया गया।


राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चों को पुरस्कार देतीं प्रबंधक। अमृत विचार

### राधा-कृष्णा का स्वरूप देख हर कोई हुआ मंत्रमुग्ध

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान में जन्माष्टमी त्यौहार को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान राधा कृष्णा स्वरुप देख हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। शनिवार को शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान में राधा कृष्णा स्वरुप, मटकी सजाओ, बांसुरी सजाओ, बन्धनवार बनाओं, मटकी फोड़ व राधा कृष्ण भजन, रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में राधा कृष्ण के मनमोहक स्वरूप को देख कर सभी मंत्रमुग्ध हो गया। मटकी सजाओ प्रतियोगिता में छात्राओं ने बहुत ही सुन्दर मटकी और बांसुरी सजाईं। प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल ने बच्चों के कार्यक्रम, लगनशीलता व परिश्रम की प्रशंसा की और उन्हें पुरस्कार प्रदान किए। प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने विजयी छात्राओं को बधाई दी और कहा कि इसी प्रकार लगन और निष्ठा के साथ छात्राएं विद्यालय व परिवार का नाम रोशन करें। इस दौरान सन्तोष शर्मा, ममता सिंह, शिल्की मिश्रा, लक्ष्मी गंगवार, शायना खान, पूजा सिंह, रश्मि गंगवार, कमला देवी व तान्या गंगवार समेत विघायल के शिक्षक व शिक्षकाएं मौजूद रहीं।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी दी। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। शमसाबाद क्षेत्र के गांव जैतापुर निवासी सुरेश साइकिल से काम पर जा रहा था। तभी अचानक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। आस पास के लोगो ने एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### मार्ग दुर्घटना में 2 घायल

**कायमगंजफर्रुखाबाद।** कंपिल थाना क्षेत्र के गांव भटमई निवासी अमित की 4 वर्षीय पुत्री नंदू, क्षेत्र के गांव अताईपुर निवासी वृद्दा राधा देवी मार्ग दुर्घटना में घायल हो गई। दोनों के परिजन सीएचसी लेकर दौड़े। जहां उनका इलाज किया गया।

## एक नजर

### मकान की खिड़की काटकर नकदी और जेवर चोरी

**फर्रुखाबाद।** कादरीगेट थाना क्षेत्र में चोरों ने मकान की खिड़की तोड़ कर हजारों रुपये नकद व जेवर चोरी कर लिए। थाना क्षेत्र के मोहल्ला श्याम नगर निवासी अमित दीक्षित के मकान की खिड़की काटकर चोर रात में अंदर घुस गये और अलमारी खोलकर 15 हजार रुपये व जेवर चोरी कर ले गए। अमित की पत्नी अर्चना दीक्षित शनिवार सुबह जागी। तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे टीम भी मौके पर पहुंच गई जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### बोरे में बंद मिला युवती का शव, नहीं हुई शिनाख्त

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** थाना कम्पिल क्षेत्र के गांव की त्योर खास के पास रजबहे में एक अज्ञात युवती का शव बोरे में बन्द मिला। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच की। समाचार लिखे जाने तक अज्ञात युवती की पहचान नहीं हो पाई थी। शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

### नगर पालिका की टीम ने पकड़ा कटखना बंदर

**फर्रुखाबाद।** पिछले कई दिनों से आतंक का पर्याय बने चार बंदरों में से एक को पालिका की टीम ने पकड़ लिया। जबकि तीन को अभी नहीं पकड़ पाई। शहर के मोहल्ला सलावत खां में रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व चार बंदर नजर आये। उसके बाद उन्होंने मोहल्ले के लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। जिससे उन्होंने लगभग आधा दर्जन लोगों को काट कर घायल कर दिया। पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल के निर्देश पर मथुरा से ठेकेदार चांद मोहम्मद की टीम बुलाई गयी।

### युवती ने हाथ की नस काटी

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में आईएएस की परीक्षा में फेल होने पर युवती ने हाथ की नस काट ली। हालत बिगड़ने पर उसे डाक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला टिलियन ग्वालटोली निवासी युवती ने आईएएस की परीक्षा दी। युवती परीक्षा में फेल हो गई। तभी डिप्रेशन में आकर उसने हाथ की नस काट ली।


व्यक्तित्व विकास वर्ग में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

# संकुल स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

**फर्रुखाबाद।** नगर में विद्या भारती कानपुर प्रान्त द्वारा संचालित सरस्वती शिशु, विद्या मंदिर इंटर कालेज श्यामनगर फर्रुखाबाद में संकुल स्तरीय (कन्नौज, फर्रुखाबाद) आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग सम्पन्न हुआ। इसमें कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्रा, कानपुर संभाग के निरीक्षक अजय कुमार द्विवेदी, विद्यालय के अध्यक्ष उदयपाल सिंह, व्यवस्थापक गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई, कार्यक्रम के अध्यक्ष रामवीर सिंह आदि लोगों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन करके विकास वर्ग का शुभारंभ किया गया । प्रथम उदघाटनन सत्र में कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्रा नेअपने उदबोधन में नई शिक्षा नीति के बारे में बताया।

# 4 शिकायतें आईं, 2 का समाधान

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना दिवस में 4 शिकायतें आईं जिसमें से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया और संबधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। शनिवार को कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी न्यायिक गजराज सिंह व प्रभारी निरीक्षक राम अवतार की मौजूदगी में थाना दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान फरियादियों में नगर के मोहल्ला बगिया मंगूलाल के वार्ड नम्बर 9 निवासी राम लली ने फरियाद में कहा कि उसके घर के सामने उसके पड़ोसी चबूतरा बना रहे हैं। जो कि अवैध है। उसका कहना है कि उसने डॉयल 112 को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इसके बाद जब उसने पडोसियों से चबूतरे का निर्माण करने से मना किया तो सभी एकजुट होकर लड़ाई करने पर अमादा हो गए। दूसरी शिकायत में क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी मालती ने फरियाद में कहा कि उसका पति बीमार रहता है उसके देवर ने पति को गुमराह करके जमीन अपने नाम लिखवा ली। उसका कहना है कि उसका देवर उसके पति के हिस्से की जमीन पर कब्जा करना चाहता है। जब भी वह जमीन के बंटवारे को कहती है तो देवर व उसकी पत्नी झगड़ा करने पर अमादा हो जाते है। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी विघा सागर तिवारी व मण्डी चौकी प्रभारी केके कश्यप मौजूद रहे।


फरियाद सुनते उपजिलाधिकारी न्यायिक गजराज सिंह। अमृत विचार

# भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भाजपा ने मिस कॉल देकर पार्टी का सदस्य बनने के अभियान की शुरुआत की। भाजपा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा के आगामी सदस्यता अभियान कार्यक्रम के संबंध में जिला कार्यशाला आहुत हुई। कार्यशाला को जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने संबोधित किया।

भाजपा जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम है। प्रत्येक बूथ पर सदस्य बनाए जाएंगे। जनपद में 5 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। प्रत्येक कार्यकर्ता को 200 सदस्य बनाने का कार्य करना है। जो कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बनना चाहता है उसे 100 सदस्य बनाने होंगे। पार्टी ने तय किया है की लोकसभा चुनाव में जिन बूथो पर भाजपा को मत मिले हैं उसमें प्रति 75 प्रतिशत लोगों को भाजपा का सदस्य बनना है। प्रदेश क्षेत्र एवं जिला स्तर पर इस पूरे अभियान की मॉनिटरिंग की जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा 1 सितंबर से आरंभ होने वाले संगठन के इस महापर्व के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान से जुड़ना होगा। साधारण सदस्यता अभियान 1 सितंबर से 25 सितंबर के मध्य चलेगी दूसरे चरण में एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर के मध्य सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा। पूरे जनपद में इस अभियान को चलाने के लिए 25, 26 व 27 अगस्त के मध्य मंडल स्तर पर कार्य शालाएं आयोजित होंगी। विधायक को 10000 सांसद को 20000 प्रदेश पदाधिकारी को 5000 नगर पंचायत एवं पालिका अध्यक्ष को 2000 पंचायत व पालिका सदस्य को 500 सदस्य बनाने होंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कटिहार पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ भूदेव सिंह राजपूत जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बीके गंगवार पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी भास्कर दत्त द्विवेदी पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक अभिषेक त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।


कार्यशाला में मौजूद भाजपा नेता। अमृत विचार

कार्यक्रम — विश्व फोटोग्राफी दिवस सप्ताह के तहत पर्यावरण गोष्ठी व प्रेस फोटोग्राफ प्रदर्शनी लगी

# संस्कृति की झलक दिखाती है फोटोग्राफी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** विश्व फोटोग्राफी दिवस सप्ताह के अंतर्गत मीडिया सेंटर एवं एशियन कंप्यूटर सेंटर द्वारा आयोजित पर्यावरण गोष्ठी एवं प्रेस फोटोग्राफर की फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि विजय यादव (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) ने फीता काटकर किया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

मुख्य अतिथि का माल्यार्पण सुरेंद्र पान्डेय, अजीत अग्निहोत्री ने किया एवं अनुराग पांडेय एवं दीपक शुक्ला ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय यादव (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) ने कहा कि एक छायाचित्र दुनिया की सभ्यता, सांस्कृतिक प्रदर्शित करती है। आजादी के आंदोलन में छायाचित्र ने जो क्रांति की अलख जगाई और जो लोग शहीद हो गए उनको नमन किया। एक तस्वीर दुनिया की सभ्यता बखान करती है। वर्तमान समय में पर्यावरण की चिंता फोटोग्राफरों ने व्यक्त की। इसके लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए सहयोग की अपील की। सभी फोटोग्राफर समाज और राष्ट्र के लिए सकारात्मक कार्य करें और सभी को शुभकामनाएं दी।

जनपद के फोटोग्राफर ने पर्यावरण बचाओ जीवन बचाओ विषय पर प्रेस फोटोग्राफरों ने अपने कैमरे के माध्यम से छायाचित्र प्रदर्शित किये। पर्यावरण असंतुलन से सामाजिक जीवन पर प्रभाव, बाढ़ व सूखे को प्रदर्शित करने वाले छायाचित्रों का प्रदर्शन किया। इस दौरान दीपक शुक्ला ने गोष्ठी में विचार व्यक्त किए। छायाकार दीपक शुक्ला , विनय शुक्ला, अंशुल गंगवार, अक्षय दीक्षित, गौरव तिवारी सीपू , अनुराग पान्डेय रिंकू, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, रविंद्र भदौरिया, प्रमोद द्विवेदी भोले, भानु शंकर वर्मा, भारत सिंह, शांतनु कटियार आदि ने प्रदर्शनी लगाई।


इस वर्ष फोटोग्राफी में विशेष सम्मान विनय शुक्ला को स्व. प्रेस फोटोग्राफर रामनारायण पान्डेय की स्मृति में कला गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए प्रेस फोटोग्राफर दीपक शुक्ला को पर्यावरण श्री सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विजय यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं समाजसेवी कला संरक्षक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। समाजसेवी संजय गर्ग ने बचपन की यादों को ताजा करते हुए कहा कि मेला दशहरा में अपनी मां के साथ मेले में खिलौने वाला कैमरा लिया करते थे। वही शौक आज तक कायम है।


फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत करते विजय यादव। अमृत विचार

# तिहरे हत्याकांड के आरोपी की गोली मारकर हत्या

## भाई-भाभी व भतीजी की हत्या का मुख्य आरोपी था मृतक

संवाददाता ताखा, इटावा



"मृतक थाने का हिस्ट्रीशीटर था। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद उसे जेल भेजा गया था। वर्ष 2019 में वह जेल से छूटा था। पुलिस उसके हत्यारोपियों की तलाश कर रही है। ।"
संजय कुमार वर्मा, एसएसपी

**अमृत विचार।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव इकघरा में 11 साल पूर्व अपने भाई भाभी व भतीजी की गोली मारकर हत्या के आरोपी की शनिवार की सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह साइकिल का पंचर जुड़ाने के लिए सरसईनावर जा रहा था। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर भाग निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को मौके से तमंचा के अलावा एक साइकिल बरामद हुई। छानबीन के बाद पुलिस हत्या करने वालों के बारे में जानकारी कर रही है। मृतक करीब 5 साल पहले जमानत पर छूटकर बाहर आया था। तब से मैनपुरी के कुम्होल गांव के नाग देवता मंदिर पर रह रहा था। वह कुछ दिनों पहले ही अपने गांव आया था।

मृतक जयराम सिंह (52) तिहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी था। आरोप के मुताबिक उसने 11 नबंवर 2014 की रात को सुंदरा गांव निवासी दो सुपारी किलर जर्मन सिंह व मुकेश यादव के साथ मिलकर भाई परशुराम उसकी पत्नी विमला तथा 3 साल की पुत्री हिमांशु की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जयराम को पूछताछ की तो उसने पूरी वारदात कुबूल की थी। उसने बताया था कि उसने दोनों किलर को 50 हजार की सुपारी देकर हत्याकांड को अंजाम दिया था। 3 साल की बच्ची हिमांशु को जयराम ने खुद गोली मारी थी। जमीनी विवाद के चलते उसने इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वर्ष 2019 में जयराम जमानत मिलने के बाद जेल से छूट गया। वह मैनपुरी के कुम्होल गांव के नाग देवता मंदिर पर रह रहा था। कुछ दिन पहले ही अपने गांव इकघरा आया था। शनिवार सुबह करीब 6 बजे वह सरसईनावर में साइकिल से जा रहा था। घात लगाये बैठे हमलावरों ने तमंचे से पेट में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने कछपुरा इकघरा मार्ग पर मृतक को पड़ा देखा तो उन्होंने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने ऊसराहार पुलिस को सूचना दी घटनास्थल पर पहुंची। घटनास्थल से एक तमंचा व मृतक की साइकिल बरामद हुई। मामले में मृतक के पुत्र आकाश के अपने ताऊ परशुराम के दामाद सुभाष निवासी लोहारी कुर्रा मैनपुरी, उसके दोस्त ब्रजेश एवं अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है



परिजनों को सहायता राशि देते प्रभारी मंत्री चौ लक्ष्मी नारायण।

# मंत्री ने मृतकों के परिजनों को दी सहायता राशि

संवाददाता महेवा, इटावा

**अमृत विचार।** ग्राम मेहंदीपुर में हादसे के दौरान मृत मजदूरों के परिजनों से मिलने जिले के प्रभारी एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण पहुंचे। शनिवार को उन्होंने परिजनों को सहायता राशि प्रदान करते हुए सांत्वना दी।

प्रभारी मंत्री चौधरी ने मृतक प्रदीप कुमार की पत्नी सीमा देवी, रामानंद की पत्नी निर्मला देवी को तथा ओमप्रकाश व चंद्र प्रकाश के परिजनों को 5-5 लाख की सहायता राशि की चेक सुपुर्द की। हनुमंतपुर, रामनगर तथा मेंहदीपुर में घर जाकर शोक जताया। रामनगर गांव की आशा प्रीती दोहरे, ब्रजमोहन आदि ने सड़क के चौड़ीकरण की मांग करते हुए पत्र सौंपा। वहीं मृतक के परिजनों ने एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग की । इस दौरान जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय, एसएसपी संजय कुमार वर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम चकरनगर ब्रह्मानंद कठेरिया, तहसीलदार विष्णु दत्त मिश्रा, सीओ भरथना प्रेम सिंह थापा, एस ओ बकेवर राकेश कुमार शर्मा, बीडीओ सूरज सिंह, इंद्र पाल सिंह भदौरिया, ब्रजेंद्र कुमार, सत्य पाल सिंह, अशोक सिंह परिहार, पूर्व सांसद प्रेम दास कठेरिया, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, मंडल अध्यक्ष महेवा प्रदीप कुमार तिवारी, समाजसेवी राजीव कुमार, आशीष मोहन शर्मा आदि रहे।

# भाजपा का उद्देश्य राजनीतिक सुख हासिल करना नहीं रहा: कमलावती

कार्यालय संवाददाता, इटावा




कार्यशाला में भाग लेती कमलावती सिंह, संजीव राजपूत व डॉ. रमाकांत शर्मा।

**अमृत विचार।** पहली सितंबर से शुरू हो रहें भाजपा के सदस्यता अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व संगठनात्मक जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि अपनी स्थापना के समय से ही भाजपा का उद्देश्य कभी राजनीतिक सुख हासिल करना नहीं रहा, बल्कि मां भारती को वैभव तक पहुंचाने के लिए संघर्ष करना रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि सदस्यता अभियान में एक सितंबर से देश का कोई भी नागरिक भाजपा द्वारा सदस्यता के लिए जारी किए गए नंबर- 8800002024 पर मिस्डकॉल, क्यूआर कोड, नमो एप तथा भाजपा की वेबसाइट के माध्यम से सदस्यता ग्रहण कर सकता है। 25 से 27 अगस्त तक मंडल स्तर पर कार्यशालाएं करनी है। 31 अगस्त को सभी बूथों पर एक साथ कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 2 और 3 सितंबर को प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर सदस्यता लांचिंग के कार्यक्रम किए जाएंगे।

सदस्यता अभियान जिला प्रमुख डॉ रमाकांत शर्मा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरे जोश के साथ संगठनात्मक प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमनें लगातार तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाई है। पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, प्रशांत राव चौबे, कमलेश कठेरिया, विक्रम अग्रवाल, शिवकिशोर धनगर, ममता कुशवाहा, डॉ ज्योति वर्मा, राहुल राजपूत, चंद्रेश जैन, मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विरला शाक्य, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजू चौधरी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुनेश बघेल मौजूद रहे।

### इस तरह बनाए जाएंगे सदस्य

इटावा। अभियान में सांसद 20 हजार, विधायक 10 हजार, महापौर 20 हजार, नगर पालिका अध्यक्ष 5 हजार, नगर पंचायत अध्यक्ष 2 हजार, नगर निगम पार्षद एक हजार, नगर पालिका के पार्षद 500 व नगर पंचायत के पार्षद 200, निगम आयोग बोर्ड के अध्यक्ष 1000, जिला पंचायत अध्यक्ष 15 हजार, युवा मोर्चा 15 लाख, महिला मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, अनूसूचित जाति मोर्चा को 10-10 लाख, अल्पसंख्यक मोर्चा व अनुसूचित जनजाति मोर्चा को 2-2 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है।

# भारत को विश्व गुरू बनाने के प्रयास में करें भागीदारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा




प्रबंधक सतीश कुमार को सम्मानित करतीं विधायक सरिता भदौरिया व विवेक यादव।

- इटावा सीबीएसई स्कूल्स एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**अमृत विचार।** जनपद के सभी सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूलों के संगठन इटावा सीबीएसई स्कूल्स एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पहली बार आयोजित किया गया। सीबीएसई स्कूल्स में सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन करने वाले 56 शिक्षक, शिक्षिकाओं और प्रशासनिक अधिकारियों को इस अधिवेशन में सम्मानित किया गया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि सीबीएसई प्रयागराज के क्षेत्रीय अधिकारी ललित कुमार कपिल तथा विशिष्ट अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया मौजूद रहीं।

दोनों अतिथियों का अभिनंदन सीबीएसई स्कूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा एसएमजीआई के चेयरमैन डॉ विवेक यादव, संरक्षक हरि किशोर तिवारी, उपाध्यक्ष अतिवीर सिंह यादव, सचिव डॉ पी सी पांडेय, उप सचिव शिव किशोर दुबे एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सतीश यादव, सीबीएसई सिटी कोर्डिनेटर डा. आनंद इटावा जनपद के सीबीएसई मान्यता प्राप्त सभी विधालयों के चेयरमैन और प्रधानाचार्यो द्वारा जोरदार ढंग से किया गया। रीजनल ऑफिसर ललित कुमार कपिल ने कहा कि इस संगठन को अपनी अग्र भूमिका निभाने के लिए सभी का सक्रिय रहना आवश्यक है। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि हम सबको मिलकर भारत को विश्वगुरु बनाने के प्रयास पुरजोर ढंग से करने होंगे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की सभी से अपील की। एसोसिएशन के इटावा अध्यक्ष डॉ विवेक यादव ने कहा कि कोविड काल में यह संगठन अस्तित्व में आया था और तब से ही जनपद इटावा में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही छात्र छात्राओं के समग्र विकास के लिए हम लगातार कार्य कर रहे है।

इटावा सीबीएसई स्कूल्स एसोसियेशन के संरक्षक इं हरि किशोर तिवारी, सिटी कोर्डिनेटर डॉ आनंद माउंट लिट्रा जी स्कूल चैयरमैन अतिवीर सिंह यादव ने अतिथियों का आगमन के लिए आभार व्यक्त किया। डीपीएस की प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी शिक्षकों तथा प्रशासनिक अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट सम्मान के लिए बधाई दी। मंच संचालन रुचि चतुर्वेदी, सृष्टि सिंह ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# ट्रैक्टर ने ऑटो में मारी टक्कर बच्चे की मौत, दो लोग घायल

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- अन्य स्थानों पर हुए सड़क हादसों में 3 लोग हुए घायल

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटेखेड़ा गांव के पास सवारी लेकर जा रहे एक आटो में तेजी से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में आटो में अपनी मां के साथ सवार 6 माह के बालक की मौत हो गई। उसका मामा व मां घायल हो गई। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अन्य स्थानों पर सड़क हादसों में मां बेटा सहित 3 लोग घायल हो गए।

औरैया के मोहल्ला बनारसी दास निवासी गोविंद कुमार की पत्नी रोहिणी अपने छह माह के बच्चे शांतनु तथा भाई मोनू के साथ अपने मायके फिरोजाबाद जिले के गांव उखांड जाने के लिए घर से निकली थी । मृतक के बाबा विनोद ने बताया कि औरैया से तीनों लोग ट्रक से इटावा आए और वहां से उखांड के लिए आटो में सवार हो गए। जब आटो कटेखेड़ा गांव के पास पहुंचा तभी एक ट्रैक्टर ने आटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आटो पलट गया। इस हादसे में शांतनु की मौत हो गई जबकि मां रोहिणी व मामा मोनू घायल हो गए। दूसरी घटना जसवंत नगर थाना क्षेत्र के हाइवे पर फुलरई के पास हुई। कैस्त निवासी शिवम अपनी मां परेखा देवी के साथ बाइक से जा रहे थे । फुलरई गांव के पास कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में शिवम व उसकी मां घायल हो गई। वहीं बकेवर के पास हुई जहां बाइक से जा रहे उमेश कुमार निवासी अहलादपुरा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

## सार-संक्षेप

### सहोदय काम्प्लेक्स के टेबिल टेनिस में डीपीएस की टीम विजेता

**भरथना, इटावा।** होली प्वाइंट एकेडमी में इटावा सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स की ओर से सीनियर वर्ग के छात्र व छात्राओं के लिए टेबिल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव ने किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल टीम विजेता, सेंट मेरी इंटर कालेज की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग में सेंट मेरी इंटर कालेज की टीम विजेता व सेंट पीटर विद्यालय की टीम उपविजेता रही। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस माडर्न स्कूल के प्रधानाचार्य अभिषेक सक्सेना, कैलाश यादव, योगेंद्र नाथ मिश्रा एवं खेल निरीक्षकों की उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि सिटी कोआर्डिनेटर प्रधानाचार्य संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री स्कूल डा आनन्द मोहन का होली प्वाइंट के संस्थापक डा .प्रदीप चंद्र पांडेय व प्रधानाचार्य डॉ .आरके पांडेय ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनन्दन किया। खेल शिक्षक गौरव वर्मा, छात्रा गरिमा एवं इशिका ने संचालन किया। कार्यक्रम में दीपक चौहान, अरूण मोटवानी, अनुराधा पाठक, निशी पाण्डेय, आनंद तिवारी, रीना शर्मा, मेघा शर्मा, रिया विश्नोई, शालिनी चौहान व अनिकेत चतुर्वेदी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### भरथना बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम घोषित

**भरथना, इटावा।** भरथना बार एसोसियेशन की चुनावी प्रक्रिया 28 अगस्त से प्रारंभ होगी। मतगणना व परिणाम 18 सितंबर को घोषित होगा। मीडिया प्रभारी सुबोध यादव ने बताया कि एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, सदस्य रामपाल सिंह राठौर, राघवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, रामकुमार यादव, सुरेश चन्द्र यादव की देखरेख में बार एसोसियेशन की चुनावी प्रक्रिया संपन्न होगी। जिसमें 28 अगस्त को मतदाता सूची का प्रकाशन, 29 को आपत्ति, 30 अगस्त को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन होगा। नामांकन पत्रों की बिक्री 4 सितम्बर से होगी। 6 और 7 सितंबर को नामांकन दाखिल किए जाएंगे। आपत्तियां 9 सितंबर तक ली जाएंगी। नामांकन वापसी 11 सितंबर तक होगी। 18 सितंबर को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान तत्पश्चात मतगणना व परिणाम घोषित किया जायेगा।

### नवरात्रि महोत्सव तैयारी की बैठक आज

**भरथना, इटावा।** शारदीय नवरात्रि पर आयोजित होने वाले श्री नवदुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक 25 अगस्त को सायं 7 बजे से होगी। श्री नवदुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष श्यामजी पोरवाल नेक्से ने बताया कि आगामी शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर होने वाले श्री नवदुर्गा पूजा महोत्सव को और अधिक भव्यता व ऐतिहासिक रूप प्रदान करने के लिए दुर्गांचल गेस्ट हाउस मोतीगंज में बैठक होगी।

### पूर्व पालिकाध्यक्ष का निधन

**जसवंतनगर, इटावा।** नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार जौली निवासी अहीरटोला का शुक्रवार रात को कानपुर के एक हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। कानपुर के एक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती थे। उनके असमय निधन की सूचना से नगर में शोक की लहर दौड़ गई।

### 7 बकाएदारों के काटे गए बिजली कनेक्शन

**इटावा।** बिजली विभाग की ओर से बकाएदारों के कनेक्शन काटने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को 27 बकाएदारों के बिजली के कनेक्शन काटे गए। इस दौरान अन्य बकाएदारों से 1 लाख 57 हजार रुपए का बकाया बिल जमा कराया गया। इस दौरान चेकिंग अभियान भी चलाया गया जिसमें आठ उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इन सभी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्र ने उपभोक्ताओं से कहा है कि वह समय से बिजली बिल का भुगतान करें ताकि कनेक्शन काटने जैसी समस्या से बच सके। इसके साथ ही चोरी ना करे वर्ना कार्रवाई की जाएगी।

### तालाब में मिला सफाई कर्मी के बेटे का शव

**इटावा।** दो दिन से लापता सफाई कर्मी के युवा बेटे का शव तालाब में देखा गया तो सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को बाहर निकाल और उसकी पहचान कराकर जांच शुरू की। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर यशवंत सिंह और चौकी इंचार्ज दयानंद पटेल ने फोर्स के साथ आकर शव को बाहर निकलवाया। सफाई कर्मी के पद पर तैनात रामदास बाल्मीकि के 24 वर्षीय बेटे विक्रम के रूप में उसकी पहचान हुई। पिता ने बताया कि बेटा विक्रम अस्पताल परिसर में मृतकों के शव को मोर्चरी में रखवाया करता था जो 22 अगस्त से लापता था। जिसको ढूंढने का प्रयास किया जा रहा था। तालाब के पास मोतीझील में रहने वाले विमल शाक्य ने बताया कि अपने घर की छत पर गए तो उन्होंने देखा कि तालाब में किसी का शव पड़ा हुआ है तब उसने शोर मचाया। पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी करके शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### वृद्ध माता-पिता को घर से निकाला, पुलिस ने दी राहत

**इटावा।** रात 2 बजे वृद्ध दंपति बिलखते हुए वैदपुरा थाने पहुंचे। उन्होने बेटे पर घर से निकाल देने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी ने पहले भूखे दंपति को खाना खिलाया। इसके बाद घर पहुंचाकर बेटे को कानून और मानवता का पाठ पढ़ाया। गांव वालों ने पुलिस की इस कार्यशैली की सराहना की। थाना वैदपुरा में शुक्रवार रात 2 बजे थाना से छह किमी दूर गांव कुंजपुरा में रहने वाले 80 साल के बारेलाल अपनी 75 साल की पत्नी कमला देवी के साथ गांव से पैदल चलकर आए। इन दोनों की हालत काफी दयनीय थी। थाना प्रभारी विपिन मलिक ने दोनों को थाना कार्यालय में बैठाकर इनकी व्यथा पूछी तो दोनों ने अपने बेटे पर उक्त आरोप लगाया। जिस पर थाना प्रभारी ने दोनों को पहले खाना खिलवाया। इसके पश्चात सरकारी वाहन से घर पहुंचाकर बेटे को कानून के साथ मानवता का पाठ पढ़ाते हुए वृद्ध माता-पिता के प्रति बेटे के फर्ज की याद दिलाकर सम्मानपूर्वक रखने की हिदायत दी।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**इटावा।** किसी बात से क्षुब्ध होकर एक युवक ने बीहड़ क्षेत्र में जामुन के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। थाना बढ़पुरा क्षेत्र में गांव नगला बीरबल में रहने वाले रमेश चंद्र के 21 वर्षीय बेटे मिथुन ने किसी बात से क्षुब्ध होकर सुबह बीहड़ में जामुन के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मिथुन नित्य क्रिया करने की कहकर घर से बीहड़ क्षेत्र में गया था। जब वह काफी देर तक नहीं लौटा तो घर वालों ने तलाश की । पूर्वाह्न 11 बजे उसका शव पेड़ पर लटका देखा । सूचना पर पुलिस पहुंची।



यश इंटरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

### किड्स वैली स्कूल में राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चे

**इटावा।** किड्स वैली स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के बच्चों ने श्रीकृष्ण एवं राधा की रूप सज्जा में प्रस्तुत किया। प्रबंधक डॉ कौशल किशोर 'मनोज' ने कहा कि जन्माष्टमी पर भक्त व्रत रहकर श्री कृष्ण का पूजन करते हैं। अंत में प्रतिभागी छात्र छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया।

### यश इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई जन्माष्टमी

**इटावा।** यश इंटरनेशनल स्कूल में सभी अध्यापकों एवम छात्रों ने एक साथ मिलकर भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव, जन्माष्टमी के शुभ अवसर को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। स्कूल को रंगीन गुब्बारों, स्ट्रीमर और कृष्ण लीला की सुंदर पृष्ठभूमि से सजाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे, राधा कृष्ण की पोशाक में सजे हमारे छोटे छोटे बच्चे जो कि पारंपरिक फैंसी ड्रेस में खूब सुहाए। प्रधानाचार्य डा विनायक सिन्हा ने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण के जीवन से हम बहुत कुछ सीखते हैं।

# विद्यालयों में जन्माष्टमी उत्सव की मची धूम

कार्यालय संवाददाता, इटावा






सेविन हिल्स स्कूल में बच्चों के साथ प्रिंसिपल सौरभ दुबे। किड्स वैली स्कूल में श्रीकृष्ण का चित्र भेंट करती छात्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न विद्यालयों में छोटे-छोटे बाल गोपालों की मनोरम झांकियां बनाकर उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।

सेविन हिल्स इंटर कालेज में कई प्रकार की प्रतियोगिता हुई। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में सृष्टि, राधा कृष्ण से संबंधित आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में हर्षवर्धन, एकल नृत्य प्रतियोगिता में आरोही, समूह नृत्य प्रतियोगिता में आस्था ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मटकी सजावट प्रतियोगिता में अनुष्का सिंह, कृष्ण लीला प्रदर्शन प्रतियोगिता में रूहानिका, जन्माष्टमी प्रश्नोत्तरी में शौर्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने जन्माष्टमी के उपलक्ष में सुंदर रंगोली बनाई। सभी प्रतियोगिताएं ममता शर्मा, रिचा दास, जितेंद्र सिंह परिहार, रवि, पुष्पेंद्र दास, राहुल मिश्रा, यमन, ब्रजकिशोर एवं राकेश राजवंशी के मार्गदर्शन में हुईं। प्रिंसिपल सौरभ दुबे ने राधा कृष्ण की झांकी की आरती उतारी। चेयरमैन शिव किशोर दुबे एडवोकेट, ट्रस्टी सुनील राजपूत एवं विद्यालय स्टाफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

सेंट मारिया में जन्माष्टमी उत्सव में दही हांडी प्रतियोगिता व रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देकर बच्चों ने रंग बिखेर दिया। प्रधानाचार्या इंदुमती, मैनेजर अरविंद कुमार ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**भविष्य की राह** | सड़कों पर रही अभ्यर्थियों की भीड़, कड़ी निगरानी में कराई गई परीक्षा

# 11 केन्द्रों में 2357 अभ्यर्थी नहीं देने आए परीक्षा

**सिपाही भर्ती परीक्षा**
**दूसरा दिन**

कार्यालय संवाददाता, इटावा



परीक्षा केन्द्र के बाहर लगी अभ्यर्थियों की लंबी लाइन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिपाही भर्ती परीक्षा जिले के 11 परीक्षाकेन्द्रों पर दूसरे दिन भी दो पालियों में कड़ी निगरानी के बीच कराई गई। अधिकारियों नें लगातार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों पर जमे रहे। दूसरे दिन की परीक्षा के लिए दोनो पालियो में कुल मिलाकर 8064 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 5760 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी । 2357 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। डीएम एसएसपी व अन्य अधिकारियो ने लगातार परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण किया। गेट पर तलाशी ली गई और पूरी परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई गई।

शनिवार को भी जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने इस्लामिया इण्टर कालेज तथा तिवारी ज्वाला प्रसाद आर्य कन्या इण्टर कालेज का निरीक्षण किया। उन्होने कन्ट्रोल रूम एवं कक्ष में जाकर परीक्षा से संबंधित अवांछनीय तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव मौजूद रहे। परीक्षा केन्द्रों के आसपास लगा पुलिस फोर्स संदिग्ध लोगों पर निगाह रखे रहा।

### यह रही स्थिति

- पंजीकृत- 8064
- उपस्थित- 5760
- अनुपस्थित- 2357

### दूसरे दिन भी गणित में उलझे रहे परीक्षार्थी

**इटावा।** सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन भी गणित के सवालों ने परीक्षार्थियों को खूब उलझाया। अन्य विषयों के सवाल अपेक्षाकृत सरल थे। इन परीक्षार्थियों ने बताया कि उन्होंने जिस हिसाब से परीक्षा की तैयारी की थी प्रश्न पत्र भी उसी हिसाब से आया। हालांकि कई परीक्षार्थियों ने यह भी कहा कि गणित के सवालों को हल करने में परेशानी हुई। सामान्य ज्ञान के प्रश्न ठीक थे और उन्हें आसानी से हल कर लिया गया। यहां जीजीआईसी केन्द्र पर परीक्षा देने के लिए आई तनु ने कहा कि परीक्षा को लेकर जिस तरह से तैयारी की गई थी, प्रश्न पत्र इस तरीके से आया है और आसानी से प्रश्न पत्र को हल कर लिया गया है। इसमें ज्यादा परेशानी नहीं हुई। प्रश्नपत्र हल करने में ज्यादा कठिनाई नहीं आई लेकिन गणित के सवाल कठिन थे। परीक्षा देने के लिए इटावा आए हर्ष दुबे ने कहा कि प्रश्न पत्र ठीक था लेकिन गणित के सवालों ने खूब परेशान किया। गणित के प्रश्नपत्र में सवाल कठिन थे और इन कठिन सवालों को हल करने में काफी मेहनत करनी पड़ी। हालांकि सामान्य ज्ञान और रीजनिंग में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। जीजीआईसी केन्द्र पर परीक्षा देने के लिए आई प्रिया ने कहा कि प्रश्न पत्र अच्छा था जिस तरह से पिछले दिनों से परीक्षा की तैयारी कर रहे थे तैयारी के हिसाब से ही सवाल आए हैं लेकिन गणित के प्रश्न कठिन थे और इन गणित के प्रश्नों को हल करने में काफी कठिनाई हुई। रिचा ने भी अन्य परीक्षार्थियों की इस बात से सहमति जताई कि गणित केसवाल कठिन थे और इन सवालो ने खूब परेशान किया। गणित के कठिन सवालों को छोड़ दें तो ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

# अब ब्राह्मणी मंदिर के बीहड़ क्षेत्र में देखा गया तेंदुआ

**जसवंतनगर।** जसोहन गांव के बीहड़ी क्षेत्र में दिखाई देने वाला तेंदुआ कचौरा घाट सड़क मार्ग पार करके पीहरपुर, ब्रह्माणी देवी मंदिर की तरफ बीहड़ में चला गया है। अमृत विचार प्रतिनिधि ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के सम्बंधित अधिकारियों को दी। सड़क से गुजर रहे ट्रक चालक ने रात के अंधेरे में सड़क पार करते तेंदुआ की फोटो भी ली है। तेंदुए की आहट से आसपास के ग्रामीणों की रात की नींद उड़ गयी है। व बच्चों को दिन में भी घरों से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। पीहरपुर, सिरसा, जसोहन, खां का बाग, घुराह,, पूछरी, जाखन, सरामई, नगला तौर, लुंगे की मड़ैया, कछपुराआदि पड़ोसी गांव के ग्रामीणों ने तेंदुआ को शीघ्र ही पकड़ने की मांग की है। वन विभाग के अधिकारियों ने भी ग्रामीणों से अपील की है कि खेतों की तरफ अकेले न जाएं।

# नौबस्ता घाट पर गंगा में स्नान के दौरान चार दोस्त डूबे, दो की मौत

## दो को गोताखोरों की मदद से बचाया गया, घर में बिना बताए गये थे स्नान को

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



घाट पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चार दोस्त घर से बिना बताए गंगा नदी नहाने गए थे। यहां गहरे पानी में चले जाने से चारों नदी में डुबने लगे। युवकों को डूबता देखकर आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। वहां गोताखारों ने दो युवकों को बचा लिया। अन्य दो की ड्बने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

खागा कोतवाली क्षेत्र के भखन्ने गांव के रहने वाले अरुण विश्वकर्मा का 18 साल का बेटा शोभित विश्वृकर्मा, राजेन्द्र मिश्रा का 14 साल का बेटा संजय मिश्रा, जगमोहन पाल का 18 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार और कौशाम्बी जिले के भरेटा बाग अजुहा थाना सैनी के निवासी अरुण कुमार का बेटा आलोक कुमार कुशवाहा दोस्त हैं। शनिवार को करीब 11 बजे घर वालों को बिना बताए सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के नौबस्ता घाट गंगा नदी में नहाने गए थे।

- सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र का मामला

गंगा नदी में नहाते समय चारों दोस्त गहरे पानी में चले गए और एक दूसरे को बचाने में डूब गए। इस बीच चीखपुकार सुनकर आसपास मौजूद नाविकों ने गंगा नदी में डूब रहे अरविंद कुमार और आलोक कुमार कुशवाहा को बचा लिया। नदी में डूबने से शोभित और संजय की मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखारों की मदद से एक किलोमीटर दूर नदी से दोनों शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि गंगा नदी में नहाते समय चार युवक डूब गए थे, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई है और दो युवकों को गोताखारों ने बचा लिया। परिजनों ने बताया कि यह चारों घर से बिना बताए गंगा नदी नहाने आए थे।

### तालाब में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** घर से घूमने निकले युवक का शव तालाब में उतराता मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। खखरेरू थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गैंरिया गांव में 35 वर्षीय सोनू गिहार का शव तालाब में उतराता मिला। युवक के शव की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। शव को देखने के बाद मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सोनू गिहार शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे चार दोस्तों के साथ घूमने के लिए निकला था। उसके बाद से वह घर नहीं लौटा। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतक की मां प्रेमा देवी ने बताया कि सोनू की पत्नी से दो माह पहले किसी बात पर विवाद हुआ था, जिसके बाद पत्नी तीन बच्चों को लेकर मायके प्रतापगढ़ चली गई थी। सोनू बीती रात पत्नी से मिलने के लिए गया था और घर लौटने के बाद वह दोस्तों के साथ घूमने चला गया। प्रेमा देवी ने कहा कि उनके बेटे की हत्या के बाद शव को तालाब में फेंक दिया गया है।

## परीक्षा देकर लौट रहे अभ्यर्थी की हादसे में मौत

**फतेहपुर।** सिपाही भर्ती परीक्षा देकर लौट रहे बाइक सवार दोस्तों को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। हादसे में घायल एक युवक की इलाज दौरान मौत हो गई।

कौशांबी जनपद के सैनी थाने के रामलाल का पुरवा गांव निवासी ऋषभ यादव उर्फ आजाद (21) अपने दोस्त प्रवीण प्रताप उर्फ अंकित के साथ बांदा से पुलिस भर्ती परीक्षा देकर लौट रहा था। ललौली थाने के दतौली बेंदा यमुना पुल पर तेज रफ्तार ट्रक ने अभ्यर्थी ऋषभ यादव उर्फ आजाद को कुचल दिया। चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। ग्रामीणों की मदद से घायल को बहुआ पीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टर न होने की वजह से घायल करीब आधे घंटे तक तड़पता रहा। इसके बाद आयुष डॉक्टर आभा श्रीवास्तव ने घायल का इलाज किया। इलाज दौरान ऋषभ यादव की मौत हो गई। दोस्त प्रवीण प्रताप उर्फ अंकित ने आरोप लगाया कि बहुआ पीएचसी में ताला बंद था। काफी देर तक उसका दोस्त तड़पता रहा। प्रभारी निरीक्षक बच्चेलाल प्रसाद ने बताया की ट्रक हादसे में युवक की मौत हुई है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुईं परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- दूसरे दिन भी सिपाही भर्ती परीक्षा में कई रहे गैरहाजिर
- सभी नौ परीक्षा केंद्रों पर कड़ी चौकसी, अफसर रहे अलर्ट

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा कड़ी चौकसी में कराई जा रही है। दूसरे दिन शनिवार को भी कहीं से कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह देखा गया। दूसरे दिन दो सैकड़ा से अधिक अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षार्थियों को त्रिस्तरीय चेकिंग से गुजरना पड़ा। शहर में बनाए गए सभी नौ केंद्रों पर प्रशासन मुस्तैद रहा और हर पल की गतिविधियों पर नजर बनाए रहा। सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की गई। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों को साधन के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

पांच दिन चलने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा शहर के नौ केन्द्रों में जिसमें एएस इंटर कालेज, मेडिकल कालेज, बीआर अम्बेडकर महिला डिग्री कालेज, जीजीआईसी, राजकीय इंटर कालेज, राजकीय पालीटेक्निक, महात्मा गांधी डिग्री कालेज, मुस्लिम इंटर कालेज एवं निरंकारी बालिका इंटर कॉलेज में सुबह 10 से 12 और दोपहर 3 से 5 बजे की दो पालियों में परीक्षा कराई गई। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए हर कदम पर एहतियात बरती गई।



गहन तलाशी के बाद परीक्षा केन्द्र में दिया गया प्रवेश। अमृत विचार

### अभ्यर्थियों को गुजरना पड़ रहा सत्यापन प्रक्रिया से

परीक्षार्थियों को दो घंटे पहले प्रवेश दे दिया गया जिनका आधार फीड नहीं था उनका पहले सत्यापन किया गया फिर प्रवेश दिया गया। सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा पूरा कराने के लिए सभी केन्द्रों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। हर संदिग्ध पर नजर रही। सीसीटीवी के जरिए कंट्रोल रूम से भी निगरानी रही। इसके अलावा स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र पर डटे रहे। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट की टीमें लगातार केन्द्रों पर समय-समय पर जाकर चेकिंग में लगे रहे।

### प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर

सभी केन्द्रों के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाया गया था ताकि रोक के बाद भी किसी नकलची का नकल सामग्री लेकर जाने का मकसद पूरा न हो। पुलिस व मजिस्ट्रेट की नजर में उसे मेटल डिटेक्टर से परीक्षा कक्ष में प्रवेश देने का काम किया गया। इसके बाद ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों ने भी तलाशी ली।

### विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी..




**फतेहपुर।** सीबीएसई बोर्ड से संचालित शहर के महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को आस्था, श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया। जिसमें नर्सरी से लेकर द्वितीय कक्षा तक के नन्हें बच्चों अपूर्व तिवारी, दिव्य शिवहरे, ईशा सिंह, निकिता गुप्ता, बालवीर, वामिका शुक्ला, खुशिका शर्मा, वैदिक गुप्ता, समर मौर्य, अक्षत मिश्रा, वैभवी, संस्कार, रिद्धिमा, अविचल देवस्य, आद्या मिश्रा, मनुज, दृष्टि, प्रत्युष, नायशा शर्मा, आर्यांश व सलोनी आदि ने कभी यशोदा मैया के लाल तो कहीं ब्रज के नटखट कान्हा के वेश भूषा में अपनी लीलाओं का प्रदर्शन किया। एक नृत्य नाटिका से बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक छवि को प्रस्तुत किया। पांचवी कक्षा के मध्य मटकी सजाओ प्रतियोगिता हुई। जिसमें आयु वैश्य प्रथम, समीर द्वितीय व आराध्या सिंह तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कृष्ण झूला प्रतियोगिता में आया सिंह प्रथम, तन्मय द्वितीय व अन्नपूर्णा तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को बताया कि श्रीकृष्ण, देवकी और वासुदेव के आठवें पुत्र थे। वह अत्याचारी राजा कंस के दमन के लिए इस धरती पर अवतार लिए।

## हलछठ पर महिलाओं ने मांगी पुत्रों की दीर्घायु

**फतेहपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व से दो दिन पूर्व मनाई जाने वाले हलछठ पर्व को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति रही। शहर समेत ग्रामीणांचलों के कई स्थानों में शनिवार को हलछठ मनाई गई। वहीं अन्य लोग रविवार को मनाएंगे। श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम जी का जन्मोत्सव शनिवार को हलछठ के रूप में श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। घरों में महिलाओं ने विशेष पूजा कर अपने पुत्रों की दीर्घायु के लिए व्रत रखा। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी हल से जुती हुई किसी भी वस्तु को ग्रहण नहीं किया जाता है। इसके अलावा जौ, चना, गेहूं, धान, अरहर, मक्का व मूंग आदि सात प्रकार के भुने हुए अनाजों को भून कर मिट्टी व चीनी से बने कुंडों में भरकर झरबिरिया की डाली व कुश के द्वारा विशेष पूजा भी की गई।

# कोर्ट ने अवैध मस्जिद ढहाने का दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** तहसीलदार की कोर्ट ने मलवां कस्बे लटियारे बाबा के पास सरकारी जगह पर मस्जिद व मदरसा विस्तारित अवैध निर्माण ढहाने का आदेश किया है। मस्जिद कमेटी को क्षतिपूर्ति के लिए 65,500 रुपये का जुर्माना भरने का आदेश भी जारी किया है।

मलवां कस्बा कोटिया मार्ग लटियारा बाबा के पास करीब 20 साल पहले एक छोटी मस्जिद का निर्माण हुआ था। धीरे-धीरे मस्जिद विस्तार के क्रम में सरकारी भूमि पर निर्माण कराकर कमरे, मदरसा संचालित होने लगा। बिंदकी तहसीलदार कोर्ट में हिंदू संगठनों की ओर से भूमि अतिक्रमणमुक्त कराने की अपील की गई थी। कोई कार्रवाई न होने पर 21 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय के आह्वान पर हिंदू संगठनों की महापंचायत हुई थी। इसमें सरकारी जमीन से अतिक्रमण ढहाने को एक माह का समय प्रशासन को दिया गया था। हालांकि प्रशासन ने दाखिल वाद में 23 मार्च 2022 को तालाबी नंबर पर अंकित करने का आदेश किया था। तहसीलदार अचलेश सिंह की कोर्ट में बेदखली का मामला चला। कोर्ट ने वक्फ सुन्नी मदीना मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष हैदर अली को नोटिस जारी किया। कमेटी अध्यक्ष की ओर से 21 अगस्त को दाखिल जवाब में बताया कि आरोप बेबुनियाद हैं। पक्ष के अधिवक्ता अतिक्रमण के बारे में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। कोर्ट ने भूमि सर्वेक्षण की रिपोर्ट क्षेत्रीय लेखपाल से मांगी। रिपोर्ट में मस्जिद बनाकर अवैध कब्जे की पुष्टि की गई है।

## सार-संक्षेप

### फंदे पर लटका मिला दुकानदार का शव

**गाजीपुर फतेहपुर।** एक दुकानदार का शव उसी के दुकान के बरामदे में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक के भाई ने हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। गाजीपुर थाना क्षेत्र के खनसेनपुर गांव निवासी स्व. राम कृपाल अवस्थी के पुत्र प्रकाश चन्द्र अवस्थी (32) का शव उसके दुकान के बरामदे में संदिग्थ परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका पाया गया। सुबह जब गांव के लोगों ने देखा तो परिवार के लोगों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई गुड्डू अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद भाई परचून की दुकान पर सोने चला गया था। सुबह दुकान के बरामदे में फांसी पर शव लटका मिला। आरोप लगाया कि भाई को किसी ने मारकर फांसी पर लटका दिया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि एक परचून दुकानदार का शव उसी की दुकान के बरामदे में फांसी पर लटका मिलने के सूचना मिली थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के भाई गुड्डू अवस्थी ने प्रार्थनापत्र दिया है। उसने अज्ञात लोगों पर हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक सवार महिला से बैग छीन कर भागे बदमाश

**फतेहपुर।** बाइक सवार फैक्ट्री कर्मी की पत्नी से रात में बैग छीनकर लुटेरे भाग निकले। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लुटेरों को खोजती रही, कोई सुराग नहीं लगा। लुटेरों को लोगों ने मौहार पुल से परिहारनडेरा नहर पटरी की ओर भागते देखा है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के दादनखेड़ा गांव निवासी मोहित सिंह भदौरिया मुरादीपुर में परिवार समेत रहते हैं। वह चौडगरा की एक कंपनी में काम करते हैं। वह रक्षाबंधन पर पत्नी दिशा सिंह को लेकर कोयला नगर कानपुर गए थे। वह रात में बाइक से पत्नी दिशा को लेकर घर आ रहे थे। करीब रात आठ बजे मौहार नहर के पास अपाचे बाइक सवार दो युवक दिशा सिंह का बैग छीनकर परिहारनडेरा गांव की तरफ भाग निकले। मोहित ने पुलिस को सूचना दी।



# भाजपा पिछली बार से ज्यादा नए सदस्य बनाएगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा 1 सितंबर से सदस्यता अभियान का पहला चरण शुरू करेगी। प्रदेश में 3 करोड़ से ज्यादा नए सदस्य बनने का लक्ष्य है। पिछली बार कानपुर दक्षिण जिले में 1.75 लाख नए सदस्य बने थे, इस बार दक्षिण जिले को 2 लाख सदस्य बनाकर रिकॉर्ड तोड़ना है। यह बात प्रदेश महामंत्री एमएलसी एवं कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता ने शनिवार को क्षेत्रीय कार्यालय में सदस्यता अभियान कार्यशाला में कही।

भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय और दक्षिण अध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित अलग-अलग कार्यशालाओं में प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल पदाधिकारियों के अलावा विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, पार्षद शामिल हुए। उत्तर जिले की कार्यशाला मं् अनूप गुप्ता ने कहा कि सीसामऊ विधानसभा के उपचुनाव में नए सदस्य ही पार्टी की जीत का आधार तय करेंगे। दक्षिण जिला कार्यशाला में उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक सुख हासिल करने के लिए राजनीति नहीं करती है, पार्टी का उद्देश्य भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए संघर्ष करना है।

# डॉ सुनील तिवारी की पुस्तक का विमोचन

संवाददाता,फतेहपुर




पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। अमृत विचार

- कहा गया कि पुस्तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वालों के लिए भी महत्वपूर्ण

**अमृत विचार।** डॉ सुनील कुमार तिवारी की लिखी पुस्तक का विमोचन डायट सभागार फतेहपुर में किया गया। पुस्तक का विमोचन उपशिक्षा निदेशक संजय कुमार कुशवाहा व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी ने किया। इस दौरान वैदिक गणित की यह पुस्तक बच्चों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। पुस्तक को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए भी महत्वूर्ण बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य एवं उपनिदेशक संजय कुशवाहा ने कहा कि सुमसंसा वैदिक गणित उन बच्चों के बहुत ही उपयोगी जो दाशमिक पद्धति से पढ़ने पर गणित क़ो कठिन समझते है । उन्होंने डॉ सुनील कुमार तिवारी का प्रयास राहनीय बताया। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद फतेहपुर की बिन्दकी तहसील का शिक्षा में सदैव योगदान रहा है। अब से पहले बेसिक शिक्षा की किताबों में पं सोहन लाल द्विवेदी क़ो सभी पढ़ते थे। अब उत्तर प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों कक्षा 1 व 2 सारंगी एवं गणित कक्षा 1 व 2 में आनंदमय गणित की पुस्तकों को डॉ सुनील कुमार तिवारी ने लिखा है। जिसके कारण बिन्दकी तहसील के डॉ सुनील कुमार तिवारी को बच्चे पढ़ेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फतेहपुर भारती त्रिपाठी ने बताया कि वैदिक गणित प्रतियोगी बच्चो के लिए बहुत उपयोगी है। इस मौक़े पर समन्वयक प्रशिक्षण अशोक त्रिपाठी, डायट प्रवक्ता संजीव सिंह, अतुल, अंतिमा, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ विनोद कुमार, संजय सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रवीण शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, जयचंद्र पाण्डेय, विकास, आरिफ, रामकुमार सैनी, प्रवीण सिंह, ललित उमराव, विजय द्विवेदी, आलोक त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

# नगर निगम में 10 हजार घूस लेते लिपिक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विजिलेंस (सतर्कता अधिष्ठान) कानपुर की टीम ने नगर निगम के विज्ञापन व कार्मिक विभाग में तैनात कनिष्ठ लिपिक राजेश कुमार यादव को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। लिपिक ने एसीपी का वित्तीय लाभ देने के नाम पर विभाग में ही कार्यरत बेलदार से घूस मांगी थी। शनिवार को जैसे ही बेलदार का बेटे ने 10 हजार रुपये लिपिक को दिए पहले से तैनात विजिलेंस टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपी लिपिक अपर नगर आयुक्त प्रथम मो. आवेश खान के पीए का काम भी देखता था। विजिलेंस की कार्रवाई के समय उनके कार्यालय में ही था। थाना सतर्कता अधिष्ठान कानपुर सेक्टर ने मुकदमा दर्ज कर लिपिक को जेल भेज दिया।

विजिलेंस टीम ने बताया कि नगर निगम के जोन 2 में मो. अरसलान संविदा चालक के पद पर कार्यरत हैं। उसके पिता इफ्तखार मुश्ताक नगर निगम में बेलदार हैं और 104/ए 395 रामबाग नगर निगम कालोनी, थाना बजरिया में रहते हैं। इफ्तखार मुश्ताक को एसीपी का लाभ नहीं मिला था। एसीपी के एवज में कनिष्ठ लिपिक राजेश कुमार यादव ने 10 हजार रिश्वत मांगी थी।

**सिपाही भर्ती परीक्षा** — दोनों पालियों में 51,600 अभ्यर्थियों को देनी थी परीक्षा, 37,894 हुए शामिल

# दूसरे दिन 13,702 ने छोड़ी परीक्षा

- एडमिट कार्ड के पीछे लिखे थे पाठ्यक्रम से संबंधित तथ्य
- केंद्र व्यवस्थापक ने बजरिया थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



जुहारी देवी के गर्ल्स कॉलेज के बाहर खड़े परीक्षार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन सख्ती के चलते 26 फीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। शनिवार को दोनों पालियों में मिलाकर कुल 51,600 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। लेकिन सुबह की पाली में 18,804 परीक्षार्थी शामिल हुए और 6,996 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में 6,706 परीक्षा छोड़ी,19,090 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

सिपाही भर्ती परीक्षा में दूसरे दिन शनिवार को भी केंद्रों पर कड़ा पहरा रहा। अभ्यर्थियों को त्रिस्तरीय जांच पुलिस, एलआईयू व बायोमेट्रिक से गुजरना पड़ा। डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से हर अभ्यर्थी की तलाशी हुई। ड्रोन के माध्यम से पुलिस ने केंद्र से 200 मीटर आसपास अराजक तत्वों की निगरानी की। हर केंद्र के बाहर पुलिस की तरफ से व्यवस्था की गई थी, जहां अभ्यर्थियों ने अपने बैग व मोबाइल आदि जमा कर टोकन लिए। सुबह से ही पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर हरीश चंदर, डीएम राकेश कुमार सिंह, डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार, डीसीपी ईस्ट एसके सिंह, डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह, डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी, एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार, एडीसीपी वेस्ट विजयेंद्र द्विवेदी, एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा और एडीसीपी ईस्ट लगातार केंद्रों का जायजा लेते रहे।

### सिपाही भर्ती परीक्षा में पकड़ा गया नकलची



पकड़ा गया नकलची।

**कानपुर।** बजरिया थानाक्षेत्र के पीरोड स्थित हरसहाय डिग्री कॉलेज में सिपाही भर्ती परीक्षा की पहली पाली में एक नकलची पकड़ा गया। मथुरा निवासी अभ्यर्थी एडमिट कार्ड के पीछे लिखकर लाया था। केंद्र व्यवस्थापक की रिपोर्ट पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हरसहाय डिग्री कॉलेज में मथुरा की आशा नगर कॉलोनी निवासी पवन चौधरी (28) पहली पाली में परीक्षा देने आया था। कॉलेज के कमरा नंबर 6 सी में निरीक्षक वन्दना राज, अनूप कुमार शुक्ला को उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं। चेकिंग करने पर एडमिट कार्ड के पीछे कुछ प्रश्न और उनके विकल्प के रूप में ए, बी, सी लिखा हुआ था। केंद्राध्यक्ष डॉ. अमर श्रीवास्तव की सूचना पर पुलिस ने अभ्यर्थी को गिरफ्तार कर लिया।

# ट्रेनों के आरक्षित कोचों पर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिपाही भर्ती परीक्षा सामान्य रेल और बस यात्रियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई। अभ्यर्थियों के हुजूम के आगे रेलवे और परिवहन की सारी व्यवस्था ध्वस्त हो गई। हजारों यात्रियों को अपनी यात्रा रद करनी पड़ी। ट्रेनों में आरक्षित कोचों में यात्रियों का बुरा हाल हुआ। रोडवेज बसों पर अभ्यर्थियों ने कब्जा कर लिया और अपने जिलों व कस्बों को ले गए।

शनिवार को दूसरे दिन भी शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर युवा कब्जा करके बसों को जबरन ले गये। हमीरपुर, रायबरेली, प्रयागराज, फतेहपुर के लिए बसों की उपलब्धता नहीं होने से गुस्साए युवाओं ने जमकर नारेबाजी की। सेंट्रल स्टेशन पर जो भी ट्रेन आई, उस पर अभ्यर्थियों ने कब्जा कर लिया। तमाम यात्री अपने आरक्षित कोच में नहीं चढ़ पाए। जीआरपी और आरपीएफ ने व्यवस्था संभालने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे।



झकरकटी बस अड्डा पर परीक्षार्थियों का हुजूम

### ट्रेनों और 100 बसों का प्रबंध साबित हुआ नाकाफी

परीक्षार्थियों के लिए प्रयागराज, बांदा, टूंडला, फरुर्खाबाद समेत विभिन्न स्टेशन के लिए चलायी गयी 10 ट्रेनें ऊंट के मुंह में जीरा जैसी साबित हुईं। रोडवेज ने 100 से अधिक विशेष बसें लगायी थीं लेकिन ये कम पड़ गयीं।

# कांशीराम आवास का छज्जा गिरने से महिला की मौत

## जर्जर हालत में था छज्जा, मलबे में दबने से मवेशी भी घायल

संवाददाता अजीतमल,औरैया


अखिलेश कुमारी।


कांशीराम कॉलोनी का गिरा हुआ छज्जा।

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा के मौहल्ला गॉंधीनगर अमलिया में बने काशीराम कालौनी की स्थिति जर्जर जैसी है जिसमे रह रही एक महिला छज्जे समेत नीचे आ गई जिससे उसकी मौत हो गई। साथ ही नीचे बंधे मवेशी के उपर छज्जा गिरने से वह भी घायल हो गई।

शनिवार की दोपहर बारह बजे गॉंधीनगर स्थिति काशीराम कालोनी में बने आवास की तीसरी मंजिल पर स्थित आवास में रह रही अखिलेश कुमारी 48 पत्नी आनंद कुमार निवासी जनपद इटावा के ग्राम फतेह की मड़ैया, बहादुर कोठी लखुना निवासी, छज्जे में खड़ी थी। तभी अचानक से छज्जा भरभरा कर गिर गया जिससे उसपर खड़ी अखिलेश कुमारी भी नीचे आ गिरी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मलबे में दबने से भैंस भी घायल हो गई।

ज्ञात हो गॉंधीनगर अमिलिया में वर्ष 2009 में बसपा सरकार में कांशीराम कालोनी का निर्माण कराया गया था। लेकिन आज तक उसका हस्तांतरण नहीं हो सका है। खाली पड़ीं इस कालोनी के आवासों में वर्तमान में कई परिवार अनाधिकृत तरीके से रह रहे हैं। जिन पर संबंधित विभाग की ओर से कोई भी ध्यान नहीं दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। मृतका के चार लड़की व एक लड़का है। इस संबंध में अमित त्रिपाठी अधिशाषी अधिकारी, एसडीएम अजीतमल ने बताया कि नगर क्षेत्र में बनी काशीराम कॉलोनी अभी तक किसी को हस्तांतरित नही हुई है और जर्जर हालत में है। अगर उसमें और परिवार रह रहे हैं तो उनको भी सुरक्षित रखने के लिए हटाया जाएगा।


दो भागो में बटी खड़ी मालगाड़ी। अमृत विचार

# कपलिंग खुल जाने से 2 भागों में बंटी मालगाड़ी

**अछल्दा, औरैया।** डीएफसी रेलवे मार्ग के न्यू अछल्दा स्टेशन से निकलने बाद पश्चिमी तरफ मालगाड़ी की कपलिंग खुल जाने से उसके कई डिब्बे पीछे छूट कर दो भागों में बट गए।

मालगाड़ी के गार्ड ने वाकी टाकी से लोको पायलट को जानकारी देकर बताया। संयोग वश कोई हादसा नहीं हुआ।दो भागों में मालगाड़ी बटने से अप रेलमार्ग पर करीब एक घंटे ट्रेनों का संचालन रोका गया।मालगाड़ी खुर्जा की तरफ जा रही थी। न्यू अछल्दा स्टेशन से आगे पश्चिमी ओर अचानक मालगाड़ी के वैगन गार्ड के पीछे साइड के दो भागों में बट गए। स्टेशन से मालगाड़ी करीब 1 किलोमीटर दूर जा चुकी थी।कपलिंग को जोड़ने में करीब एक घंटे बाद मालगाड़ी रवाना हुई। इस बीच पीछे के स्टेशनों पर मालगाड़ी खड़ी रही।

### ब्लॉक के चलते 20 मिनट खड़ी हुई त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस

**अछल्दा।** स्टेशन के पास ब्लॉक लगा होने से कानपुर से इटावा की ओर जा रही शनिवार दोपहर लगभग 1 बजकर 35 मिनट पर 14619 त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस को 20 मिनट के लिए अछल्दा स्टेशन पर रोकना पड़ा।स्टेशन मास्टर ने बताया कि ब्लॉक हट के चलते ट्रेन रोकी गई थी।

## गांधी जयंती पर होगा वैश्य एकता परिषद का चर्चा कार्यक्रम

**औरैया।** शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ रामगढ़ रोड दिबियापुर पर पहुंचे अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता का नगर अध्यक्ष विनोद पोरवाल विशाल के नेतृत्व में वैश्य समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। उसके बाद समाज की एकजुटता और उत्थान के लिये कई बिंदुओं पर चर्चा हुई और 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर दिबियापुर में वैश्य समाज का विशाल कार्यक्रम तय हुआ जिसमें समाज के वरिष्ठ नागरिकों, चेयरमैन और मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमन्त गुप्ता और अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ हरीबाबू गुप्ता करेंगे। आज की बैठक में अखिल भारतीय एकता परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष युवा अजय गुप्ता पैराडाइज,नगर अध्यक्ष विनोद पोरवाल विशाल,संजीव गुप्ता,अमित गुप्ता,दिलीप गुप्ता,आलोक बाबू गुप्ता,हिमांशु गुप्ता,राहुल गुप्ता,आशीष गुप्ता आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप


भगवान कृष्ण का रूप धारण करे स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों ने जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया

**फफूंद औरैया।** कस्बे के दिबियापुर रोड स्थित भारतीय इंटरनेशनल स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने मटकी फोड़, कृष्ण जन्मोत्सव, माखन चोरी,और बाल कृष्ण लीलाएं दिखाकर लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक सजल भारतीय ने बच्चों को प्रभु श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर्व जन्माष्टमी की जानकारी दी। उन्होंने श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता पर चर्चा करते हुए कहा कि उनकी मित्रता से सभी को सीख लेना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक स्टीफन ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रिया बघेल, निशा शिवहरे, शालिनी दुबे, सुमन पाल आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### मटकी फोड़ कर बच्चों ने मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**फफूंद,औरैया।** कस्बे के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन मॉडर्न प्ले स्कूल में 24 अगस्त को कृष्ण जन्मोत्सव को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सिंह ने कृष्णा जन्मोत्सव के बारे में जानकारी तथा जिसमें पीजी कबीर ने कृष्ण का रूप रखा तथा कक्षा पी जी नव्या ने राधा रानी का रूप धारण किया और राधा कृष्ण के साथ ग्वालिन तथा ग्वाला तेजस्वी, , आदित्य, शिवन्या, दक्ष आरोही अंश समृद्धि आराध्या अन्वी सोनिका , अवनी सृष्टि तेजस राधा कृष्ण के साथ में थे तथा इसमें विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा व माखन का आनंद लिया तथा इसी अवसर पर विद्यालय की एक्टिविटी इंचार्ज फिजा मैम सोनिका मैम मुस्कान मैम हिमामी मैम आदि मौजूद रहे।


माखन चुराकर खाते कृष्ण।



श्रीकृष्ण और राधा की वेशभूषा में बच्चो की पूजा-अर्चना करतीं शिक्षिकाएं।

### बच्चों ने राधा- कृष्ण का वेश धर मनाई जन्माष्टमी

**अयाना, औरैया।** जसवंतपुर स्थित पी .बी .आर .पी . एकेडमी में शनिवार को जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। राधा कृष्ण के रूप में सजे नौनिहालों ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन कर किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने बच्चों को कार्यक्रम की महत्ता बताई। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्रबंधक दिनेश पांडेय ने राधा कृष्ण व ग्वाल बाल के रूप में तैयार बच्चों का तिलक कर किया। छात्र-छात्राओं ने कृष्ण लीला के जरिए राधा कृष्ण के जीवन पर आधारित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य श्याम पाठक ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व से हमें अपने कर्तव्यों को पूरा करने, बिना किसी स्वार्थ के काम करने व समाज में उच्च आदर्श स्थापित करने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान उप प्रधानाचार्य ममता द्विवेदी, कोऑर्डिनेटर शरद दुबे, हरिओम त्रिपाठी, नैंसी पोरवाल, सौरभ भदौरिया, संजय सिंह, उत्कर्ष चतुर्वेदी, आकाश शुक्ला आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### वीणा वादिनी स्कूल में फोड़ी गई हांडी

**औरैया।** वीणा वादिनी शिशु मन्दिर बेला स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीकृष्ण प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों ने स्कूल को मटकी और फूलों से सजाया। विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र बाबू मिश्रा ने बच्चों और शिक्षकों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। उन्होंने बाल गोपाल को झूला झुलाया और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रीकृष्ण लीलाओं को बताते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित गीत प्रस्तुत किए। कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी बच्चे अपने घरों से श्रीकृष्ण व राधा की ड्रेस में आए। परिसर में बच्चों ने दही हांडी फोड़कर उत्सव मनाया। निदेशक दिव्यांश मिश्रा ने जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि जन्माष्टमी पर्व आस्था व विश्वास का प्रतीक है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य अलोक कुमार ने हांडी फोड़ने वाले बच्चों शौर्य चौहान, शोभित, गौरव, अमन, पुष्पेंद्र, गौरव यादव, तरुण, आशु व अंश शुक्ला को माखन खिलाकर बधाई दी। कार्यक्रम में विद्यालय स्टॉफ अनुपम, घनश्याम चौबे, विनोद यादव, शुभम, दीक्षा राणा, कुमकुम, प्रिंशी, सोनी, मोहिनी, साधना, मोनिका, प्रीति, अंशिका, रचना आदि मौजूद रहे।


दही हांडी फोड़ते बच्चे।

### 30 हजार के बकरा व बकरी चोरी होने की दी तहरीर

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के बाबरपुर देहात गिरधारीपुर निवासी पूजा पत्नी संजू उर्फ संदीप कुमार की पत्नी पूजा ने कोतवाली में लिखित तहरीर दी है कि शुक्रवार शनिवार की रात में अज्ञात चोरों ने उसके घर मे बंधे 30 हजार कीमत के बकरा-बकरी को चुरा लिया। सुबह जब पड़ोसी के यहां सीसीटीवी की फुटेज में देखा तो चोर बकरा और बकरी को चुराकर ले जाते हुए दिखाई दे रहे है। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।


जिला स्तरीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक। अमृत विचार

## सीबीएसई कार्यशाला में कहा- शिक्षक करें विद्यार्थियों का दक्षता आधारित आंकलन

**औरैया।** गेल डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, प्रयागराज के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शनिवार समापन हुआ। दक्षता आधारित आंकलन' विषय पर कार्यशाला में औरैया जिले के लगभग 20 सीबीएसई विद्यालयों के 47 शिक्षकों ने भाग लिया। शुक्रवार को कार्यशाला का प्रारंभ गेल डीएवी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या दीपाशरण ने किया। उन्होंने शिक्षकों को विज्ञान, गणित, भाषा और सामाजिक विद्यान जैसे विषयों को सुरुचि पूर्ण ढंग से पढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने छोटे-छोटे उदाहरणों और प्रयोगों के जरिए विद्यार्थियों में दक्षता संवर्धन पर बल दिया। फॉदर एंटोनी चाको सीबीएसई जिला ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर ,औरैया विशेष अतिथि रहे। विषय विशेषज्ञ अनीता सक्सेना और दीपिका अरोरा ने कॉम्पटेंसी बेस्ड शिक्षण और आंकलन पर उपस्थित शिक्षकों को विभिन्न जानकारी दी गई।

## शिक्षामित्रों ने प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए बनाई गई रणनीति

**अछल्दा,औरैया।** शिक्षा मित्रों ने एकत्रित होकर बैठक आयोजित कर आगामी प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन के लिये रणनीति बनाने के साथ ही ब्लॉक स्तरीय कार्यकरिणी का गठन किया।

ब्लॉक संशाधन केन्द्र पर शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोशिएशन की एक बैठक शनिवार को आयोजित की गई।बैठक में 5 सितम्बर को होने वाले प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में शिक्षा मित्रों के ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष उमाकान्त दीक्षित, उपाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह चौधरी, सनद राजपूत,महामन्त्री कमलेश यादव, संयुक्त मन्त्री सत्यवीर शाक्य, कोषाध्यक्ष राजकुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रेमिका ने ऐसा फंसा लिया कि 1 साल में 2 प्रेमी फांसी पर झूल गए

कार्यालय संवाददाता,औरैया


अश्वनी।

- परिजन बोले, प्यार में फंसाकर युवती लूटती है, आत्महत्या को करती है मजबूर

**अमृत विचार।** प्यार का ऐसा खुमार की एक युवती से दो लोग दिल लगा बैठे। एक प्रेमी ने बीते साल फंदे से लटकर आत्महत्या कर ली तो दूसरे प्रेमी का शव शुक्रवार को लटका मिला था। मृतक के परिजनों ने जब गंभीर आरोप लगाए तो शनिवार को युवक का पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने युवती और उसकी मां को हिरासत में ले लिया।

बिधूना कस्बा के किशोरगंज निवासी अश्वनी 26 वर्ष का कस्बे की रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसमें युवक व युवती के कोर्ट मैरिज करने की भी चर्चा है। मृतक की मां सुधा ने बताया कि लगभग छह माह से उसका पुत्र कस्बा निवासी युवती के साथ उसी के घर पर रह रहा था। जहां आज उसका शव साड़ी के फंदे से घर के बाहर लटका मिला। मृतक की मां ने कहा कि प्रेमिका व उसकी मां ने बेटे की हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया है। पुलिस ने आरोपी प्रेमिका व उसकी मां को हिरासत में ले लिया है। इधर पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ तो शनिवार को पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम हाउस में पिता मनोज और चाचा हरिओम ने बताया कि यह युवती कई युवकों को प्रेम में फंसा चुकी है और उनसे लूट करती है और फिर हत्या कर देती है या आत्महत्या को मजबूर कर देती है। बीते साल कस्बे के ही अनुज शाक्य का शव फंदे पर झूलते मिला था। परिजनों ने मुकदमा भी दर्ज कराया था।

कोतवाली प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

# लुटेरों की पुलिस से हुई मुठभेड़ एक शातिर के पैर में लगी गोली

कार्यालय संवाददाता,औरैया


मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल पड़ा बदमाश। अमृत विचार

- 18 अगस्त को एम्बुलेंस चालक से लूट की थी


**अमृत विचार।** एरवा कटरा थाना क्षेत्र के बढ़ीन चौकी के पास बीते 18 अगस्त को रात्रि 9 बजे एक एम्बुलेंस चालक से लूट के आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि अन्य तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया और पूछताछ कर रही है।

एरवा कटरा थाना क्षेत्र बढ़ीन चौकी के पास बीते 18 अगस्त को रात्रि 9 बजे एम्बुलेंस चालक संजेश प्रताप सिंह निवासी कन्नपुर बिधुना जो ऊसराहार से ड्यूटी पूरी कर बाइक से घर का रहे थे तभी चार अज्ञात बदमाशो के द्वारा मारपीट कर बाइक,मोबाइल व एक हजार रूपये की लूट हुई थी। मामले के खुलासे में लगी पुलिस ने बीती रात लगभग पौने एक बजे रम्पुरा चौराहा नगला दौलत रोड के पास वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भागने लगे।जिससे उनकी बाइक फिसल गई और उन्होंने पुलिस पर फायर कर दिया आत्मरक्षा में पुलिस ने भी फायर किया जिसमे एक बदमाश के पैर में गोली लगी। 4 आरोपी पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए गए। दौराने मुठभेड़ घायल श्रीकांत उर्फ ललिकांत पुत्र स्व. सदन सिंह निवासी बदकन शाहपुर थाना ऊसराहार जिला इटावा को प्राथमिक उपचार हेतु एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐरवाकटरा में भर्ती किया गया। जहां से सैफई के लिए रेफर कर दिया गया।

सीओ बिधूना अशोक कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने एम्बुलेंस चालक से की गई लूट की घटना को कबूल किया है। वहीं आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। घायल को सीएचसी एरवा कटरा में भर्ती कराया गया, जहां से सैफई रेफर कर दिया गया है।

## मटकी फोड़ मनाया कान्हा का जन्म उत्सव

**अजीतमल,औरैया।** शनिवार को कस्बे के मौहल्ला नवीननगर में स्थिति एक्सिस पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्मोत्सव का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्रबन्ध दीपक दीक्षित एवं प्रधानाचार्य एन.के. मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एन के मिश्रा ने कृष्णा जन्मोत्सव के बारे छात्र-छात्राओं को बताया कि आज के दिन प्रभु श्रीकृष्ण ने मथुरा की जेल में आधी रात्रि को जन्म लिया था। क्लास पीजी के शिवाय कृष्ण का रूप में तथा कक्षा पीजी की आयरा ने राधारानी का रूप धारण कर मटकी फोड़ी। ग्वालिन तथा ग्वाला चिराग, सिद्धार्थ, देविका, सौम्या, वियोमी, शिवा राधा कृष्ण के साथ में थे। विद्यालय की अकाउंटेंट प्रिया मैम, एक्टिविटी इंचार्ज शिफा मैम शिवानी कंचन प्रिया महक फिज़ा दीक्षा कपिल राजीव जाहिद अमन सर मौजूद रहे।


बच्चों को मार्गदर्शन करते प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर। अमृत विचार

## विद्यालय में हुआ गाइडेंस, काउंसलिंग सत्र

**औरैया।** गेल डीएवी मॉडल स्कूल दिबियापुर में शनिवार को गाइडेंस और काउंसलिंग का एक सत्र रखा गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को विद्यालय में क्या करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए ( डू एंड डोनट्स) के बारे में संध्या थपलियाल ने पीपीटी के माध्यम से विस्तार से समझाया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुशासन और नैतिकता के महत्व को समझाना था।ताकि वे विद्यालय के नियमों का पालन कर सकें और एक अच्छे नागरिक के रूप में विकसित हो सकें। इस दौरान अन्य शिक्षिकाओं ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के द्वारा समझाया कि उन्हें अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए।शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। समय का सदुपयोग करना चाहिए और विद्यालय परिसर को स्वच्छ और सुरक्षित रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी सीखा कि किन आदतों और व्यवहारों से उन्हें बचना चाहिए अंत में प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने कहा कि इस तरह के सत्र के द्वारा बच्चों का सही दिशा में मार्गदर्शन होता है।

**सुनी फरियाद** समस्याओं को सुनने में 1 घंटे देर तक चला समाधान दिवस, जिलाधिकारी व एसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायत

# 21 शिकायत में सिर्फ 1 शिकायत का मौके पर हुआ निस्तारण

**समाधान दिवस**

संवाददाता अजीतमल,औरैया


फरियादियों को सुनते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व एसपी चारु निगम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को अजीतमल थाना परिसर में समाधान दिवस में जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी व पुलिस कप्तान चारू निगम ने फरियादियों की समस्याओं को सुना।तथा समस्याओं को समय से निपटाने के दिये कड़े निर्देश। लंबे समय से विवादित भूमि संबंधी समस्याओं को निस्तारित करने के लिए चिन्हित शिकायतों में दोनों पक्षों को सुना गया और समस्या का निस्तारण करने का प्रयास किया गया।जिसमें करीब आधा दर्जन शिकायतकर्ताओ ने समस्या के निस्तारण में असहमति व्यक्त की जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक पु,लिस उप निरीक्षक, संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर तत्काल मौके पर भेज कर निस्तारित आख्या शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

वही शिकायतों में उदयवीर सिंह प्रहलादपुर, विद्यावती भीखे पुर ,ओम जी बल्लापुर, महेश कुमार जगन्नाथपुर ,गोविंद कुमार हलौआ,राजेंद्र प्रसाद मोहारी,गिरजा चौहान सबलपुर ,अनुराग गौतम बाबरपुर, अशोक कुमार बाबरपुर, अभिषेक अग्रवाल अजीतमल, नसरुद्दीन फूलपुर, आरती आर्य नगर अजीतमल, सौरभ राऊ पुर ,गायत्री किन्नर पुर , पुरन सिंह लालपुर ,सुघर सिंह अटसू, लाल बहादुर मौहारी,पहलाद सिंह रामपुर प्रताप सिंह की शिकायते शामिल रही। साथ ही कुसमा देवी की शिकायत पर दोनों पक्षों को सुनकर मौके पर ही समस्या का निस्तारण किया गया समाधान दिवस में शिकायतों ऑमें दोनों पक्षों को सुनने में अधिकारियों को अधिक समय लगा।जिससे 10:00 बजे से 2:00 तक चलने वाला समाधान दिवस 1 घंटे देरी तक चला और 3:00 बजे समाप्त हुआ।

जिलाधिकारी ने समस्याओं के निस्तारण के लिए बनाई गई टीमों को दी गई समय सीमा में निस्तारण की कार्रवाई प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार जितेश वर्मा, कोतवाल राजकुमार सिंह सहित सभी चौकी प्रभारी, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे।

# बागवानी के जरिए कृषक कर सकते हैं अपनी आमदनी में बढ़ोतरी

कार्यालय संवाददाता,औरैया



पौधारोपण करते जिलाधिकारी डा. इंद्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक चारु निगम।

- बागवानी के जरिए औषधीय पौधों से औषधि प्राप्त होगी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा. इंद्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने विकासखंड अजीतमल के ग्राम गोपालपुर में विपिन चन्द्र दुबे पुत्र बाबूराम दुबे द्वारा सात एकड़ भूमि पर की जाने वाली औषधीय एवं फलदार (बागवानी) का स्थलीय निरीक्षण करते हुए वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से वातावरण संतुलन रहने के साथ-साथ फलदार होने के कारण इससे आमदनी भी बढ़ेगी और औषधीय पौधों से जरूरतमंदों को औषधि भी प्राप्त होगी।

जिला उद्यान अधिकारी अनूप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि श्री दुबे के द्वारा किन्नू, अमरुद, नींबू, आम, सेब, कटहल, नारियल, चीकू आडू के साथ-साथ औषधीय पौधों में अमलतास, लाल चंदन, अर्जुन आदि पौधे भी रोपित किए गए। उन्होंने बताया कि बागवानी योजना के अंतर्गत उद्यान विभाग द्वारा कृषि सिंचाई का लाभ दिया गया है जिससे पौधों के विकास की गुणवत्ता अच्छी होने के साथ-साथ फसल भी अच्छी प्राप्त होगी जिससे आय में बढ़ोतरी हो सकेगी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडे,उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी हिमांशु रंजन श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य सोनू सेंगर, उद्यान विभाग के इंस्पेक्टर अमित कुमार देवेंद्र कुमार सहित आमजन आदि मौजूद रहे।

# लौकिक और आध्यात्मिक राधाकृष्ण का प्रेम



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> राधाकृष्ण का प्रेम लौकिक है। अध्यात्म भी है। यहां दो हैं राधा और कृष्ण। राधा होना चाहती है कृष्ण। बिना कृष्ण हुए राधा का प्यार आधा है। इस प्यार को पकने-पकाने के लिए श्रीकृष्ण की आंच और ऊष्मा चाहिए। श्रीकृष्ण की प्रीति ऊष्मा भी सहज नहीं।

इतिहास भूत होता है। इसमें जोड़-घटाव उचित नहीं होता। हम चाहकर भी भूतकाल नहीं बदल सकते,लेकिन भूत इतिहास बनता है। अनुभूत समाज की भावशक्ति पाता है। वह काव्य बनता है, ऋचा या मंत्र बनता है। वह इतिहास में हस्तक्षेप नहीं करता। वह इतिहास को सौन्दर्य देता है। इतिहास और सुंदरता में प्रत्यक्ष सम्बंध नहीं होते। सुंदरता की अनुभूति का स्रोत भावशक्ति है। इतिहास का स्रोत भूत-सत्य है। श्रीकृष्ण इतिहास के महानायक हैं। उन्हें भारत की भावशक्ति मिली। वे गीत बने, काव्य बने। उनका चलना-फिरना भी गीत नृत्य हो गया। उनके कारण यमुना प्यार की नदी हो गई। उनकी बांसुरी के सुर, राग, लय ने इतिहास को मनोरम बनाया। उनका शिशुकाल भी गीत-भजन और स्मरणीय काव्य बना। मथुरा-वृंदावन भारतीय भूगोल का भाग है।

श्रीकृष्ण के जीवन की ऐतिहासिक घटनाओं के भी साक्ष्य हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा वे भारतीय भावशक्ति के 'मिथक' हैं। इतिहास लौकिक होता है। लोकभाव की शक्ति अपने प्रिय को लोक के परे भी देखती है। जैसे प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं पड़ती, वैसे ही प्रेमपूर्ण चित्त को प्रमाण बेकार लगते हैं। हम इतिहास की पोथी पढ़कर राधाकृष्ण का प्रेमतत्व नहीं जान सकते। प्रेममय चित्त बड़ी सरलता से लौकिक को अलौकिक बनाते हैं। वे इस जीवन के बाद भी प्रेमी बने रहने का संकल्प लिया करते हैं। प्रेम और इतिहास में कोई दुश्मनी नहीं। प्रेम गीतों में भी इतिहास हो सकता है और इतिहास में भी प्रेम के कथानक। प्रेमी आकाश में उड़ते, तमाम जन्मों में मिलते-बिछुड़ते गाए जाते हैं। वे स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा पर होते हैं। ऐसे प्रेमी इतिहास के चरित्र भी हो सकते हैं,लेकिन इतिहास उन्हें आकाशचारी नहीं दर्ज करता। श्रीकृष्ण इतिहास में हैं, भाव में हैं। प्रेम में हैं। वे प्रेम रस का परम-चरम हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् के ऋषि ने संपूर्णता या ब्रह्म को 'रस-रसो वै सः' गाया है। वैसे ही रस या महारस हैं श्रीकृष्ण। वे स्वयं महारस भी हैं और उस रस का आनंद लेने वाले रसिक बिहारी भी हैं। वे ज्ञाता हैं, ज्ञेय हैं और ज्ञान भी हैं। प्रकृति सृजन का चरम परम है,लेकिन जिस प्रकृति ने उन्हें रचा है, वह प्रकृति भी उन्हीं के मार्गदर्शन में चलती है। राधाकृष्ण का प्रेम लौकिक है। अध्यात्म भी है। यहां दो हैं राधा और कृष्ण। राधा होना चाहती है कृष्ण। बिना कृष्ण हुए राधा का प्यार आधा है। इस प्यार को पकने-पकाने के लिए श्रीकृष्ण की आंच और ऊष्मा चाहिए। श्रीकृष्ण की प्रीति ऊष्मा भी सहज नहीं। राधा यह बात जानती ही रही होगी कि वे मिलें हमसे और मैं राधा न रहूं। श्रीकृष्ण से मिलूं और श्रीकृष्ण ही हो जाऊं। श्रीकृष्ण तो सबकुछ जानते ही थे।

राधा सामान्य नायिका नहीं है। वे धारा के विपरीत हैं। धारा शब्द को उलटने से ही शब्द राधा बनता है। राधा का संस्पर्श भी श्रीकृष्ण को श्रीकृष्ण नहीं रहने देगा। अग्नि आंच दो तरफा है। दोनों की आंच के कारण दोनों का अलग अस्तित्व बचना मुश्किल, लेकिन राधा तैयार है। उन्हें निजी अस्तित्व की चिंता नहीं। राधा मिली श्रीकृष्ण से और श्रीकृष्ण मिले राधा से। वे दो थे। एक हो गए। फिर एक भी नहीं बचा। अद्वैत घटित हो गया। पुराणकार लिख सकते थे कि तब देवताओं ने इस महामिलन पर आकाश से फूल बरसाए, लेकिन राधा माधव की प्रीति के लिए देवों की पुष्पवर्षा की जरूरत ही नहीं थी। इस प्रीति को देखकर मथुरा-वृंदावन और बरसाना के फूल स्वयं ही लहके। उनकी सुगंध आज भी अनुभव की जा सकती है। सोचता हूं कि तब आकाश में बिना बादल ही 'घनश्याम' आ गए होंगे। ऋत सत्य ने गति दी होगी। राधाकृष्ण प्यार की ऊष्मा के जलकण आकाश पहुंचे होंगे। इस महाप्रीति से पर्जन्य ने कृति आकार लिया होगा। ये पर्जन्य और कोई नहीं हम सबके प्रिय घनश्याम ही हैं।

गीता में उन्होंने स्वयं को 12 मासों के चक्र में अगहन-मार्गशीर्ष बताया है। उसके अपने कारण हैं। उनका जन्म कड़कते बादलों के समय हुआ। उस मुहूर्त में सब तरफ पर्जन्य घनश्याम थे। धरती तक उतर आए थे वे। यमुना भावविह्वल होकर उमड़ पड़ीं थी तब। इतिहासकार की सीमा है। पर्जन्य इतिहास का उपकरण नहीं हैं। बांके बिहारी की छवि मस्तिष्क की समृद्धि नहीं है। मोर मुकुट का प्राकृतिक सौंदर्य इतिहास की विषय वस्तु नहीं है। माखन चोरी की प्रथम सूचना रिपोर्ट किसी थाने का अभिलेख नहीं है। गोपियों के बीच नृत्य और रास का वीडियो वायरल नहीं हुआ। प्रेम उल्लास नापने का कोई यंत्र न उस समय था और न ही अब तक बन पाया है। भाव जगत निस्संदेह इसी प्रत्यक्ष जगत का हिस्सा है,लेकिन यह जगत प्रत्यक्ष है। सो इस भूत की स्मृति है। स्मृति का इतिहास है। भाव जगत का इतिहास लिखें तो कैसे लिखें? भारत का मन श्रीकृष्ण में आनंदरस पाता है। आनंदरस की यह प्यास कभी तृप्त नहीं होती। जितना पीते हैं, उतना ही प्यास और ज्यादा बढ़ती है। प्रेम तृप्त नहीं होता। न मिलने से और न ही दूर रहने में, जो तृप्ति दे वह प्रेम नहीं हो सकता। श्रीकृष्ण प्रेम अवतार हैं। उनके भजन, कीर्तन, लीला और नाटक हम सबकी तृप्ति और बढ़ाते हैं। अनंत-अनंत होता है। तृप्ति का अंत नहीं होता। श्रीकृष्ण अनंत हैं। उनकी कथा अनंत है। हरि अनंत हरि कथा अनंता। थोड़ा इतिहास की शरण लें। तब बौद्ध पंथ भारत को आच्छादित कर रहा था। संभवतः दो क्षेत्रों में इसका प्रभाव नहीं पड़ा। पहला क्षेत्र वृंदावन था और दूसरा काशी। बुद्ध के अनुसार यह संसार दुखमय,लेकिन वृंदावन में यह संसार नृत्यपूर्ण था। नृत्य में दुख की जगह कहां होती है?

रास अपने आप में आनंद है। उन्हें कैवल्य की जरूरत ही नहीं। उद्धव को गोपियों ने यही उत्तर दिया था। हमारा सब कुछ श्याम के संग और रंग में है। हम निर्गुण अद्वैत का क्या करें? अद्वैत में वे भी थीं पर इस अद्वैत में इन्द्रधनुष था। श्रीकृष्ण की प्रीति के रंगों में रचा बसा था यह अद्वैत। वामपंथी मित्र कहते हैं कि श्रीकृष्ण काव्य कल्पना हैं। इतिहास के पात्र नहीं। हम कहते हैं कि मथुरा इतिहास है, यमुना इतिहास है। गोवर्द्धन इतिहास है। नन्दगांव इतिहास है। कुरू क्षेत्र इतिहास है। युद्ध इतिहास है। हस्तिनापुर अभी भी है। यह भौगोलिक क्षेत्र है। सो है। इसलिए इतिहास है। श्रीकृष्ण प्रत्यक्ष नहीं हैं, क्योंकि वे इतिहास हैं। वे हमारी नस नस में हैं। हमारे अन्तःकरण में उनकी बांसुरी बजती है। यह हमारा अंतःकरण है।

डॉ. लोहिया ने इसी अंतः क्षेत्र की बात की थी कि श्रीकृष्ण को इतिहास के पर्दे पर उतारने की कोशिश न करना। हम सादर जोड़ते हैं कि इतिहास का पर्दा छोटा है। प्रेमगली संकरी है। इससे होकर प्रेम ही गुजर सकता है। दो नहीं निकल सकते। इतिहास के पास श्रीकृष्ण को समेटकर रखने की जगह नहीं। श्रकृष्ण प्रेम हैं। महाप्रेम के इस महानायक को इतिहास के साथ अपने हृदय में भी खोजना चाहिए। साधारण मुद्रा में नहीं, नाचते हुए। श्रीकृष्ण सतत् नाचते हुए पूर्वज हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बधाई।

# मोदी की यूक्रेन यात्रा पर पश्चिमी मीडिया का किंतु-परंतु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूक्रेन दौरे को ग्लोबल मीडिया और विरोधी मुल्क हिकारत की नजरों से देख रहे हैं। विदेशी मीडिया ने यहां तक कह दिया है कि मोदी रूस का एजेंट बनकर यूक्रेन का भेद लेने पहुंचे हैं? यूकेन को सतर्क रहना चाहिए। कमोबेश तस्वीरें भी कुछ ऐसी ही दिखाई दे रही हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को यूक्रेन गर्मजोशी से नहीं ले रहा, बल्कि शक की निगाहों से जरूर देख रहा है। प्रधानमंत्री भी उनके बदले नजरिए को भांपे हुए हैं। बेशक, वह कहें कुछ न, लेकिन असहज जरूर हो रहे हैं? उनके इस दौरे के बाद भारत कई देशों के निशाने पर भी आ गया है। खासकर उन मुल्कों के जो रूस के खिलाफ जारी युद्ध में खड़े हुए हैं।



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

अमेरिका, चीन, पाकिस्तान जैसे देश मोदी के दौरे को रूस का एजेंट बताने में लग गए हैं। उनकी स्थानीय मीडिया में मोदी की यूक्रेन यात्रा की खुलेआम आलोचनाएं हो रही हैं। प्रधानमंत्री भी सबकुछ जानकर भी इसलिए चुप हैं, अगर उन्होंने वास्तविक स्थिति पर कुछ कहा, तो वह भारत के विपक्षी दलों के निशाने पर भी आ जाएंगे। विपक्षी दल वैसे हैं भी नहीं यूक्रेन के दौर के पक्ष में हैं?


यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की को भी मोदी का दौरा नहीं सुहा रहा। उन्होंने तब भी विरोध किया था जब पिछले महीने प्रधानमंत्री मोदी रूस यात्रा पर गए थे और पुतिन को सबके सामने गले लगाया था। तब, गले मिलने को पश्चिमी मीडिया ने जमकर आलोचना की थी। जेलेंस्की ने भी आपत्ति जताते हुए तब कहा था कि आज रूस के मिसाइल हमले में 37 लोग मारे गए, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। दरअसल जिस दिन मोदी रूस गए थे, उसी दिन रूस ने यूक्रेन के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला किया था। तब वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गुस्से में कहा था कि एक ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता का दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को गले लगाना शांति स्थापित करने की कोशिशों पर धक्के जैसा है। मोदी से गुस्सा होकर जेलेंस्की सभा से भी चले गए थे। तभी से जेलेंस्की भारत से से भन्नाए हुए हैं। अब मोदी यूक्रेन पहुंचे हैं तो पूरे माजरे को अच्छे से समझ सकते हैं।

मोदी यूक्रेन में भारतीयों से मिल रहे हैं, उनके स्वागत में ढोल-नगाड़े बज रहे हैं। इससे गुस्से की भड़की चिंगारियां को कुछ कम करने की कोशिशें जरूर हो रही हैं,लेकिन ग्लोबल स्तर पर मोदी का मौजूदा यूक्रेन दौरा दुनिया के कई देशों को अखर रहा है। राजनैतिक पंडित मानते हैं कि मोदी का यूक्रेन दौरा उन देशों से रिश्ते खराब कर सकता है, जिनसे हमारे मधुर संबंध हैं। हालांकि ये पहली मर्तबा है, जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन के दौरे पर है, लेकिन विकट परिस्थितियों में? कई लोग मानते हैं कि मोदी का यूक्रेन दौरा रूस को असहज कर सकता है,लेकिन एक राय ये भी है कि राष्ट्रपति पुतिन के चीन दौरे से भी भारत बहुत सहज नहीं रहता है। दुनिया के कई देश दबी जुबान में मोदी के यूक्रेन जाने पर सवाल उठा रहे हैं कि वह ऐसे वक्त यूक्रेन क्यों गए जब वहां के हालात बिगड़े हुए हैं?

यूक्रेन बीते कुछ दिनों से रूस की सीमा में घुसकर हमले कर रहा है। कुछ इलाकों को उसने अपने कब्जे में भी ले लिया है। आशंका ऐसी हैं कि रूस यूक्रेन पर जल्द बड़ा हमला कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो यूक्रेन के पक्ष में कई देश खड़े हो जाएंगे। फिर भारत क्या करेगा? रूस के साथ रहेगा या यूक्रेन के? निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के दौरे ने भारत के लिए 'करो या मरो' की स्थिति खड़ी कर दी है।

# श्रीकृष्ण और उनका अमर संदेश

भगवान कृष्ण 5000 वर्ष पूर्व इस धरा पर प्रकट हुए थे। वे इस पृथ्वी पर 125 वर्ष तक रहे और मनुष्य के समान ही आचरण किया, लेकिन उनके कार्यकलाप अद्वितीय थे। उनके जन्म से लेकर तिरोधान के क्षण तक उनका प्रत्येक कार्य विश्व के इतिहास में अद्वितीय रहा, अतएव जो भी यह जानता है कि भगवान का क्या अर्थ होता है, वह कृष्ण को भगवान के रूप में स्वीकार लेगा।



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

वैदिक वाड्मय के अनुसार समस्त युगों में शंकर, रामानुज, माधवाचार्य, विष्णु स्वामी, महाप्रभु चैतन्य जैसे महान आचार्यों तथा उनकी शिष्य परंपरा के समस्त अनुयायियों के अनुसार सभी ने एक स्वर से स्वीकार किया है कि कृष्ण भगवान हैं। वैदिक ऐतिहासिक ग्रंथ, पुराण तथा महाभारत से हमें कृष्ण के अर्विभाव तथा तिरोधान का इतिहास लाखों-करोड़ों वर्ष पूर्व प्राप्त होता है। कृष्ण का ज्ञान इतना पूर्ण है कि वे भूतकाल में लाखों-करोड़ों वर्ष पूर्व की अपने अर्विभाव की घटनाएं स्मरण रखते हैं, पर हमें उनके इतिहास से अधिक उनके संदेश पर विचार करना चाहिए। कृष्ण ने महाभारत के युद्ध में अर्जुन के द्वारा पूरे जगत को ज्ञान दिया। भगवान कृष्ण ने अपने सर्वश्रेष्ठ सुविचारों के माध्यम से मनुष्य को बताया कि अपने अशांत मन को व्यक्ति अभ्यास के माध्यम से किस तरह अपने वश में कर सकता है, क्योंकि जो व्यक्ति अपने मन को काबू में नहीं करते हैं, उनके लिए वह दुश्मन की तरह काम करता है। इस देश ने शुरू से ही मनुष्य को ईश्वर का अंश माना है। मानव का काम है अपने ईश्वरीय पद को प्राप्त करना। इसलिए इस देश ने गुफा के अंदर ध्यान लगाने वाले साधु को पूजा है और उसे एक महल के अंदर विलासमय जीवन बिताने वाले राजा या एक युद्ध विजेता या एक उद्योगपति की तुलना में कहीं अधिक आदर दिया है। एक संस्कृत श्लोक में कहा गया हैः 'जिसका मन सच्चिदानंद स्वरूप परब्रह्म में रम गया है, उसका परिवार और उसकी माता धन्य है। यह सारी पृथ्वी उसको जन्म देने से धन्य है।' प्रत्येक मनुष्य का लक्ष्य यह होना चाहिए कि वह सर्वोच्च आध्यात्मिक सत्ता, परब्रह्म से एकता प्राप्त करे। श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता में मनुष्य के इस अंतिम लक्ष्य को प्राप्त करने का सर्वोत्तम तरीका बताया है। उन्होंने हमसे यह नहीं कहा कि हम किसी बात पर एकाएक विश्वास कर लें या किसी के गौरव के कारण उसकी बात मान लें, बल्कि कहा है कि हमें स्वयं ही वस्तुओं की सच्चाई को खोजना चाहिए। यह विश्व प्रक्रिया जो जड़ द्रव्य से जीवन में, जीवन से चेतना में, चेतना से विवेक में और विवेक से आत्मा में पहुंचती है, एक ऐसी आधारभूत सत्ता की अपेक्षा रखती है, जो उसे सहारा दे, उसे शक्ति दे। चूंकि इस प्रकार की सत्ता बुद्धि के लिए अगम्य है, इसलिए शब्दों से उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। वह एक महान रहस्य है, जिसकी महत्ता लोगों के विरोधी वर्णनों से प्रकट होती है।



भगवान श्रीकृष्ण ने न सिर्फ इस संसार को आपस में प्रेम करना सिखाया, बल्कि कई ऐसे प्रेरणादायक और अनमोल सीख भी दी, जिनको अगर हम सभी अपने जीवन में उतार लें तो निश्चय ही एक सफल और श्रेष्ठ जिंदगी जी सकते हैं। इसके साथ ही श्रीकृष्ण ने हिन्दू धर्म के पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भगवतगीता के माध्यम से मनुष्य के जन्म-मरण के चक्र की खूबसूरत व्याख्या की है और मनुष्य को इस संसार रूपी मोह से निकालकर मोक्ष प्राप्ति का सूत्र बताया है। मनुष्य अपने विश्वास से निर्मित होता है, जैसा वो विश्वास करता है, वैसा वह बन जाता है। मन की गतिविधियों, होश, श्वास और भावनाओं के माध्यम से भगवान की शक्ति सदा तुम्हारे साथ है और लगातार तुम्हें बस एक साधन की तरह प्रयोग कर सके सभी कार्य कर रही है। तुम उसके लिए शोक करते हो, जो शोक करने के योग्य ही नहीं होते और फिर भी ज्ञान की बातें करते हो, बुद्धिमान व्यक्ति न तो जीवित और न ही कभी मृत व्यक्ति के लिए शोक करते हैं। पिछली पांच सहस्त्र शताब्दियों से भारत का मनुष्य जाति के लिए यह संदेश रहा है कि यह दुनिया ही सब कुछ नहीं है, इसको धारण करने वाला परमात्मा है जिसे हम समझ सकते हैं और विभिन्न उपायों से प्राप्त कर सकते हैं। यह संदेश आज भी हमारे लिए महत्व रखता है। कोई जीवित संस्कृति गतिहीन नहीं होती। उसका प्रयत्न सदा ही स्थायी संतुलन, एकता, शांति प्राप्त करने के लिए होता है, जिसमें सभी सामाजिक, आध्यात्मिक और वैयक्तिक तनाव शांत हो जाते हैं। यह एक ऐसी अवस्था होती है, जिसमें मनुष्य आपस में प्रकृति की शक्तियों के साथ स्वयं अपने से शांति रखते हैं।

आज हमारे चित्त विभ्रांत हो गए हैं। लोगों के अंदर एक अविवेकशीलता, एक आवेगशीलता, एक नैतिक और आध्यात्मिक शून्यता दिखाई देती है। अजीब-अजीब आवाजें सुनाई देती हैं। अगर हमें गलत बातों से पथभ्रष्ट नहीं होना है, अगर हमें अपनी राष्ट्रीय पवित्रता को सुरक्षित रखना है तो जो संदेश प्राचीन काल से हम तक पहुंचा है, उसे पुनर्जीवित करना होगा। हमें राम, कृष्ण, बुद्ध, चैतन्य जैसे महापुरुषों के उपदेशों को स्मरण करना होगा। हममें से सभी साधु तो नहीं हो सकते, किन्तु वाणिज्य, व्यापार, उद्योग, अध्यापन या चिकित्सा, जो कुछ भी हम करें, ईश्वर भक्ति समझकर करें। हमारे विचार और विश्वासों के रूप में परिवर्तन होना बढ़ती हुई बेचैनी का पहला चिन्ह है और यह शीघ्र ही राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्थाओं में स्वयं को प्रकट करेगा। हमें दुनिया की बदलती हुई परिस्थितियों के साथ बदलना चाहिए,लेकिन ऐसा करते हुए अपनी सांस्कृतिक विरासत के ढांचे के अंदर ही रहना चाहिए।

# संतुलन जीवन का मूल मंत्र

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज सामाजिक संबंधों का जाल है। व्यक्ति एवं परिवार जहां नींव है, वहीं राष्ट्र समाज की परस्पर संयोजन एवं सामंजस्य की पराकाष्ठा है। व्यक्ति न केवल अपने परिवार और समाज का अपितु राष्ट्र के गौरव एवं समृद्धि का आधार है। लोकतांत्रिक समाज की बुनियाद समाज के वैचारिक मतों के बहुमत पर निर्भर होता है। जैसा समाज होता है, वैसा वहां के तौर तरीकों की स्वीकृति तथा अस्वीकृति का परिचालन।



डॉ. पवन कुमार सिंह
रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली

मानवीय समाज की जिम्मेदारी होती है कि राष्ट्र को शिखर पर ले जाए या राष्ट्र को अवनति के गड्ढे में धकेल दे। शिक्षक राष्ट्र निर्माता और विधाता है। तभी तो गुरु की गणना गोविंद समतुल्य की गई है। शिक्षक का पुनीत धर्म एवं कर्तव्य है कि राष्ट्र को परम वैभव पर प्रतिष्ठित कर प्रत्येक नागरिकों को अपनी सांस्कृतिक ज्ञान परंपरा का बोध कराए। आज कल एक नया ट्रेंड भारतीय संस्कृति की अनोखी ज्ञान परंपरा को चकाचौंध को धूमिल कर रहा है। पीठ पीछे लोगों की बुराई, ईर्ष्या-द्वेष, झूठी एवं हवा-हवाई शक्ति का प्रदर्शन, अतिशय चापलूसी और चाटूकारिता का प्रदर्शन। आज यह ट्रेंड सामाजिक समरसता, धार्मिक समभाव सहृदयता, सहिष्णुता एवं भाईचारे की आपसी प्रेम स्नेह रूपी भावनाओं को आत्मिक रूप से तोड़ रही है। विश्वास की नींव को क्षीण कर रही है।

मृत्यु लोक के हर प्राणी का जीवन अच्छाई एवं बुराई के द्वेत का संगम है। यदि अच्छाई ही अच्छाई व्यक्ति में होती तो देवता होता और स्वर्ग लोक में अतिसुंदर अप्सराओं के बीच रासलीला का आनंद लेता होता। यदि बुराई ही बुराई होती तो नरक लोक में डांडिया का प्रदर्शन देखता। पृथ्वी लोक में वही जन्म लेता है, जिसमें अच्छाई एवं बुराई दोनों गुणों का संतुलन होता है। हम सभी इससे विरक्त नहीं। सृष्टि का यही विधान है। जीवन की यही सच्चाई है। संतुलन जीवन का मूल मंत्र है।

# सामाजिक परिवर्तन के नायक बीपी मंडल



बीपी मंडल ने पिछड़े समाज की सामाजिक व आर्थिक दशा को बहुत ही करीब से समझा था। इसके लिए उन्होंने देश के जिलों का भ्रमण किया। लोगों से सामाजिक परिस्थितियों का अवलोकन किया, तब कहीं जाकर देश के 406 जिलों के पिछड़े वर्गों की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक रूप से पिछड़ी हुई जातियों को चिन्हित किया और उन्हें पिछड़े वर्ग की सूची में शामिल किया। 31 दिसंबर 1980 को प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि ज्ञानी जैल सिंह को मंडल आयोग की रिपोर्ट सौंपी, जिसमें 3743 जातियों को शामिल किया गया था। यह दस्तावेज पिछड़ों की प्रगति के लिए था, लेकिन कांग्रेस उदासीन रही तो भाजपा विरोध में पिछड़ों को भलाई में कौन आगे बढ़े, जबकि संख्या का अनुपात 52 प्रतिशत का हिस्सेदारी का हकदार था। एम आर बालाजी बनाम मैसूर राज्य 1962 केस में उच्चतम न्यायालय ने आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत निर्धारित कर दी थी। इसलिए 27 प्रतिशत आरक्षण की ही संतुति की गई। मंडल आयोग की 40 अनुशंसाओं में मात्र एक अनुशंसा को अर्थात सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण को संयुक मोर्चा में जनता दल की सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने लागू किया। इसीलिए 7 अगस्त को मंडल दिवस के रूप मनाया जाता है। 2006 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार में शैक्षिक संस्थानों में मंडल आयोग की एक और अनुशंसा लागू हुई।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

बिंदुश्वरी प्रसाद मंडल 25 अगस्त 1918 को बनारस में जन्मे तथा उनका मूल गांव मुरहो, मधेपुरा, बिहार है। उनके पिता व दादा मुरहो के राजा थे। बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल राजकुमार थे, लेकिन दिल कमजोरों के लिए धड़कता था। मंडल ने उच्च शिक्षा पाई थी अंबेडकर, पेरियार की संगति रही सो सामाजिक न्याय के पक्षधर रहे। इनके पिता रासबिहारी बोस ने अछूतों को जनेऊ पहनने के लिए आंदोलन किए। वे कहते थे ब्राह्मण को जनेऊ पहनने से प्रतिष्ठा मिलती है तो सबसे अपमानित व्यक्ति को जनेऊ पहनाकर प्रतिष्ठित किया जाना चाहिए। मंडल आयोग की राजनीति से पिछड़े वर्ग में राजनितिक चेतना भी जगी, पिछड़े वर्ग के लोग मुख्यमंत्री, एमपी, एमएलए, बनने शुरू हुए। बीपी मंडल को मानने लोग 25 अगस्त को सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनाते हैं, राजनीतिक दलों के अतिरिक्त शिक्षण संस्थानों में भी छात्र उनकी जयंती के दिन सभाओं में उनके संघर्ष को याद करते हैं।

# गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की आवश्यकता



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

> अनुसंधान ज्ञान और समझ को आगे बढ़ाने, समस्याओं को हल करने और आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शोध उस प्रक्रिया अथवा कार्य का नाम है, जिसमें बोधपूर्वक तथ्यों का संकलन कर व्यवस्थित व सावधानीपूर्वक सूक्ष्म बुद्धि से तथ्यों का अवलोकन कर नए तथ्यों या सिद्धांतों का उद्घाटन किया जाता है। सीखने का एक अधिक संवादात्मक और सहयोगात्मक तरीका पेश किया गया है, जिसके बहुत सारे लाभ हैं। शिक्षण एवं शोध का आपस में गहरा संबंध है। शिक्षण को प्रभावी, वास्तविक, प्रयोगिक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने में शोध की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षण में उसमें से भी अधिक महत्व है क्रियात्मक शोध का।

क्रियात्मक शोधों के माध्यम से हम क्षण प्रतिक्षण स्वयं के द्वारा शिक्षा नवाचारों के प्रभावों का आकलन, पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन करते हुए उसकी रणनीति को बदलने का कार्य कर सकते हैं, जिससे यह सुनिश्चित कर पाने में सक्षम होते हैं कि शोध के पश्चात परिणाम प्रत्येक दशा में परिकल्पना के अनुरूप ही प्राप्त हो सकेंगे। यह शिक्षकों और छात्रों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि शिक्षकों को केवल किताब तक सीमित रहने के बजाय जानकारी लेने और पढ़ाने के लिए एक पूरा मंच मिलता है। छात्रों को कक्षा में अधिक ध्यान देने का मौका मिलता है और उन्हें पढ़ाई में मजा आता है। इस तकनीक की बदौलत छात्र इस महामारी के समय में भी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार बड़ी संख्या में छात्रों तक पहुंचने के लिए सीखने का एक आभासी तरीका पेश किया गया है। हालांकि यह एक नई अवधारणा है, जिसे दुनिया में समस्याग्रस्त स्थितियों के कारण जबरदस्ती पेश किया गया है, लेकिन इसकी वास्तविक क्षमता तक नहीं पहुंचा जा सका है। भविष्य में स्मार्ट क्लासरूम सफल होने वाली है, क्योंकि वे अपनी दक्षता और महत्व साबित करेंगे।

बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण अंतः विषय अनुसंधान, अंतर-विषयक शिक्षा और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान कर सकता है, जिससे छात्रों को अधिक विविध और अंतः विषय कार्यबल के लिए तैयार किया जा सकता है। व्यापक अर्थ में अनुसंधान (त्मेमंतबी) किसी भी क्षेत्र में 'ज्ञान की खोज करना' या विधिवत गवेषणा करना होता है। वैज्ञानिक अनुसंधान में वैज्ञानिक विधि का सहारा लेते हुए जिज्ञासा का समाधान करने की कोशिश की जाती है। नवीन वस्तुओं की खोज और पुरानी वस्तुओं एवं सिद्धांतों का पुनः परीक्षण करना, जिससे कि नए तथ्य प्राप्त हो सकें, उसे शोध कहते हैं।

क्रियात्मक अनुसंधान का तात्पर्य मूलतः करके सीखना है। सबसे पहले किसी समस्या की पहचान की जाती है, फिर उसका समाधान करने के लिए कुछ कार्रवाई की जाती है, फिर किए गए प्रयासों को कितनी अच्छी तरह से मापा जाता है और यदि परिणाम संतोषजनक नहीं हैं तो प्रयासों को किया जाता है। शिक्षा में क्रियात्मक अनुसंधान का विशेष महत्व है, जिसमें शिक्षक अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करते हैं।

अंतः विषय अनुसंधान सहयोगात्मक और एकीकृत अनुसंधान को संदर्भित करता है, जिसमें कई विषयों या अध्ययन के स्रोत्रों का योगदान शामिल होता है। यह एक शोध दृष्टिकोण है, जो एक ही अनुशासन की पारंपरिक सीमाओं से परे जाता है और जटिल समस्याओं और घटनाओं को संबोधित करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों, विधियों और सिद्धांतों को संयोजित करने का प्रयास करता है। शिक्षा में प्रौद्योगिकी को शामिल करना किसी भी आयु वर्ग के छात्रों में सीखने की दक्षता बढ़ाने का एक उत्कृष्ट तरीका है। स्पष्ट विचार प्राप्त करने के लिए वे जो पढ़ रहे हैं उसकी कल्पना कर सकते हैं। स्कूलों में नवोन्मेषी कक्षाएं एक बेहतरीन पहल है, जिसे कई संस्थान अपनाते हैं। इससे छात्रों को डेटा के लंबे, उबाऊ अनुच्छेदों को छवियों, वीडियो, ग्राफ, चार्ट, तालिकाओं आदि से बदलने में मदद मिलती है, जो बहुत अधिक उपयोगी है। इससे छात्रों को ऐसी पेचीदा जानकारी लंबे समय तक याद रखने में मदद मिलती है, क्योंकि शब्दों की तुलना में दृश्य आपके दिमाग में बेहतर तरीके से संग्रहीत होते हैं।

अनुसंधान ज्ञान और समझ को आगे बढ़ाने, समस्याओं को हल करने और आर्थिक व सामाजिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह जटिल मुद्दों के साक्ष्य आधारित समाधान प्रदान करता है, प्रभावी निर्णय लेने और नीति विकास का समर्थन करता है और विभिन्न क्षेत्रों में प्रथाओं और प्रक्रियाओं के सुधार में योगदान देता है। कुल मिलाकर अंतः विषय अनुसंधान एक मूल्यवान दृष्टिकोण है,जो नई अंतर्दृष्टि और खोजों को जन्म दे सकता है और उन जटिल समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रदान कर सकता है,जिनके लिए कई विषयों की विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

# ई-कामर्स में तेज वृद्धि चिंतनीय




ऑनलॉइन चैनलों से छोटे खुदरा विक्रेताओं पर पड़ रही चोट पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपनी टिप्पणी दी है। कहा है कि भारत में ई-कामर्स का तेजी से विकास चिंता का विषय है,उन्होंने कहा है कि ऑनलॉइन बेहद सस्ता सामान मिलने से करोड़ों दुकानें बंद हो जाएंगी,उन्होंने इस क्षेत्र की तेज वृद्धि को फक्र करने की नहीं अपितु फिक्र करने की बात है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

पीयूष गोयल का कहना था कि ई-कामर्स की इस वृद्धि से हम बड़ा सामाजिक व्यवधान तो पैदा नहीं कर रहे,उन्होंने कहा कि उन्हें इसमें गर्व महसूस नहीं होता कि 10 साल बाद हमारा आधा बाजार ई-कामर्स का हिस्सा बन जाएगा। इससे खुदरा में रोजगार घट सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने अमेजन के एक अरब डॉलर निवेश के वायदे के बारे में कहा है कि वो किसी बड़ी सेवा या निवेश के लिए नहीं आ रही। "भारत में रोजगार एवं उपभोक्ता कल्याण पर ई-कामर्स का शुद्ध प्रभाव" नाम की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी करते हुए श्रीगोयल ने कहा कि ई-कामर्स कंपनियां छोटे खुदरा विक्रेताओं की हिस्सेदारी को खा रही हैं।

उनकी इन टिप्पणियों से ऑनलाइन और ऑफलाइन खुदरा विक्रेता बंटे हुए से लग रहे हैं। बहस शुरू हो चुकी है। देखना यह होगा कि देश के खुदरा व्यापार के बारे में सरकार कोई ठोस उपाय कर सकेगी?

## एक नजर

### भाजपाइयों में महिलाओं व शोषित समाज के प्रति कटुताः अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ** : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा विधायक राजेश चौधरी के बसपा प्रमुख मायावती पर टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि एक भूतपूर्व महिला मुख्यमंत्री के प्रति कहे गए अभद्र शब्द दर्शाते हैं कि भाजपाइयों के मन में महिलाओं और खासतौर से वंचित-शोषित समाज से आने वालों के प्रति कितनी कटुता भरी है। उन्होंने विधायक पर कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, पर मायावती का मान-सम्मान खंडित करने का अधिकार किसी को नहीं है। भाजपाई कह रहे हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर गलती की थी, ये भी लोकतांत्रिक देश में जनमत का अपमान है और बिना किसी आधार के ये आरोप लगाना कि वह सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री थीं, बेहद आपत्तिजनक है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा के विधायक के ऊपर सार्वजनिक रूप से दिए गए इस वक्तव्य के लिए मानहानि का मुकदमा होना चाहिए।

### बसपा देगी भाजपा विधायक को जवाबः मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ** : भाजपा विधायक के विवादित टिप्पणी करने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पक्ष में उतरने पर बसपा प्रमुख मायावती ने उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि चुनाव में बसपा भाजपा विधायक को जवाब देगी। बसपा प्रमुख ने कहा कि सपा प्रमुख ने भाजपा विधायक को उनके गलत आरोपों का जवाब देकर उनके ईमानदार होनी की सच्चाई को माना है। इसके लिए पार्टी उनकी आभारी है। उन्होंने भाजपा विधायक पर पलटवार करते हुए कहा कि लगता है कि भाजपा में अब विधायक की पूछ नहीं है, इसलिए वह अनाप-शनाप बयान देकर सुर्खियों में आना चाहते हैं। यह अति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा को विधायक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।अगर वह दिमागी तौर पर बीमार हैं, तो उनका इलाज भी कराएं।

# राज्य सरकार ने शुरू की ढाई वर्ष से अटकीं नियुक्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


बैजनाथ रावत

- बाराबंकी के बैजनाथ रावत बनाए गए अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के अध्यक्ष
- 17 सदस्यों की नियुक्ति में रालोद प्रमुख जयंत चौधरी के एक करीबी को भी मिली जगह

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने ढाई साल से लटकी पड़ीं राजनीतिक नियुक्तियां शुरू कर दी है। सबसे पहले उप्र अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष समेत 20 सदस्यों को नामित किया गया है। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रालोद प्रमुख जयंत चौधरी के एक करीबी को भी जगह मिली है।

राज्यपाल की स्वीकृति मिलने के बाद समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने बताया कि बाराबंकी के बैजनाथ रावत को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। वह तीन बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं। साथ ही, लोकसभा चुनाव में बाराबंकी क्षेत्र से टिकट के दावेदार थे।

दो उपाध्यक्ष पद पर गोरखपुर के पूर्व विधायक बेचन राम और सोमभद्र के जीत सिंह खरवार को नामित किया गया है। इसके अलावा 17 सदस्यों में मेरठ के हरेंद्र जाटव, सहारनपुर के महिपाल वाल्मीकि, बरेली के संजय सिंह, आगरा के दिनेश भारत, हमीरपुर के शिवनारायण सोनकर, औरैया के नीरज गौतम, लखनऊ के रमेश कुमार तूफानी, मेरठ के नरेंद्र सिंह खजूरी, आजमगढ़ के तीजाराम, मऊ से विनय राम, गोंडा से अनिता गौतम, कानपुर से रमेश चंद्र, भदोही से मिठाई लाल, बरेली से उमेश कठेरिया, लखनऊ से अजय कोरी, कौशांबी से जितेंद्र कुमार और अंबेडकर नगर से अनीता कमल को नामित किया गया है।

### उपचुनाव से पहले भाजपा का बड़ा दांव

उत्तनर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग में नियुक्तियों के जरिए भाजपा ने उपचुनाव से पहले बड़ा दांव खेला है। आयोग में 17 जिलों के एससी-एसटी नेताओं को जगह देकर लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की ओर हुए मतों के ध्रुवीकरण को अपने पक्ष में सहेजने की कोशिश हुई है। साथ ही, आयोग में तीन महिलाओं को भी जगह देकर नारी शक्ति का सम्मान हुआ है। इसके अलावा रालोद प्रमुख जयंत चौधरी के करीबी नरेंद्र खजूरी को सदस्य बनाकर संदेश देने की कोशिश हुई है कि जल्द ही उप्र राज्य महिला आयोग, उप्र राज्य अति पिछड़ा वर्ग आयोग, उप्र पर्यटन निगम, उप्र पिछड़ा वर्ग एवं विकास निगम, राज्य हथरघा निगम, राज्य वस्त्र निगम, पूर्व सैनिक कल्याण निगम, उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उप्र किन्नर विकास बोर्ड, उप्र राज्य युवा कल्याण परिषद, उप्र पुरोहित संघ, ललित कला अकादमी, उप्र हिंदी संस्थान, उप्र सिंधी अकादमी, उप्र पंजाबी अकादमी आदि सहयोगी दलों के लोगों को भी जगह मिलेगी।

### अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा

सरकार और संगठन के शीर्ष नेताओं में अपनों को आयोग, निगम और बोर्डों में आसीन कराने को लेकर चल रही गुटबाजी से ढाई साल से लटकी पड़ीं राजनीतिक नियुक्तियों का मुद्दा 10 अगस्त को उठाया था। इसके बाद मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संघ, सरकार और संगठन की बैठक में नियुक्तियों को लेकर सर्वानुमति बनने से लेकर केंद्रीय नेतृत्व से सहमति लेने को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।


## इंस्पेक्टर हंसराज ग्रुप बना कर रहा था वसूली

**अमृत विचार, लखनऊः** सिपाही भर्ती परीक्षा में एसटीएफ ने एक ऐसे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जिसने अपने मोबाइल पर इंस्पेक्टर हंसराज के नाम से ग्रुप बनाकर परीक्षा के नाम पर वसूली कर रहा था। इस दौरान उसने सैकड़ों पुरुषों से एक-एक हजार और महिलाओं से पांच-पांच सौ रुपए की वसूली भी कर डाली। प्रकरण की भनक एसटीएफ को लगते ही इंस्पेक्टर पुनीत परिहार ने वाराणसी में हंसरंजन नामक व्यक्ति की गिरफ्तारी की। पूछताछ में हंसरंजन ने बताया कि सिपाही भर्ती के नाम पर लाखों रुपए की वसूली कर डाली।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है गठबंधन

## मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर चुनावों में कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस गठजोड़ पर बोला हमला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- गठबंधन से एक बार फिर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आया: योगी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन पर खूब बरसे। कहा कि कांग्रेस व नेकां का गठबंधन राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अनेक बड़े सवाल खड़ा करता है। भारतीय संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा व निष्ठा रखने वाले हर व्यक्ति को चिंतित भी करता है।

मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत में दोनों पार्टियों के गठबंधन पर तमाम सवाल उठाए। कहा कि नफरत की फसल काटने वाली कांग्रेस व नेकां की सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो गई है। आतंकवाद और अलगाववाद का मुद्दा वहां चिनाब की जलधारा में सदा के लिए विलीन हो चुका है। योगी ने कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी को कठघरे में खड़ा करते हुए कई सवाल भी पूछे। साथ ही, गठबंधन से राष्ट्रविरोधी मंसूबों को सामने रखा।

योगी ने कहा कि भारत के मुकुट जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 और 35ए का कलंक मिटाने के साथ ही भाजपा ने विधानसभा चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की थी। अब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। यह चुनाव न केवल वहां के लोगों, बल्कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर भारतीय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया भर की निगाह इस ओर लगी हुई है। ऐसे महत्वपूर्ण चुनाव में इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने अब्दुल्ला एंड संस फैमिली प्राइवेट लिमिटेड की नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से राष्ट्रविरोधी मंसूबों को देश के सामने रख दिया है।

योगी ने कहा कि हाल ही में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। इसमें अनेक ऐसे बिंदु हैं, जो भारत की एकता-अखंडता व राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति आशंकित करती है।

### योगी के निशाने पर रहे राहुल गांधी, पूछे कई सवाल

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता से पूछना चाहता हूं कि क्या उनकी पार्टी ''नेशनल कांफ्रेंस'' के जम्मू-कश्मीर में फिर से ''अलग झंडे'' के वादे का समर्थन करती है? क्या राहुल गांधी व कांग्रेस अनुच्छेद 370 और आर्टिकल- 35ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके अलगाववादी ताकतों का फिर से समर्थन करती है? क्या कांग्रेस और राहुल गांधी पाकिस्तान के साथ एलओसी ट्रेड शुरू करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय और फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद व उसके इकोसिस्टम को पोषण करने का समर्थन करती है?

### एक्स पर टॉप ट्रेंड हुआ 'योगी मॉडल फॉर रिकॉर्ड जाब्स' हैशटैग

अमृत विचार, लखनऊ। सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर शनिवार को हैशटैग 'योगी मॉडल फॉर रिकॉर्ड जॉब्स' टॉप ट्रेंड में बना रहा। इस दौरान यूजर्स ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस बात के लिए काफी तारीफ की कि बिना किसी भेदभाव और रिश्वत के निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से युवाओं का चयन विभिन्न नौकरियों में हो रहा है।

दो दिन पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी घोषणा की थी कि अगले दो साल में प्रदेश के दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसकी शुरुआत शुक्रवार से शुरू हुई 60 हजार से अधिक सिपाही भर्ती परीक्षा के तौर पर हो चुकी है।

## आंद्रा वामसी बने गृह राज्यमंत्री के निजी सचिव



**अमृत विचार, लखनऊ** : शासन में स्टाम्प व पंजीयन विभाग के विशेष सचिव आंद्रा वामसी को केंद्रीय गृह मंत्रालय के राज्यमंत्री बी संजय कुमार का निजी सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्र की ओर से उप्र. के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है।

यूपी कैडर के 2011 बैच के आईएएस अफसर आंद्रा वामसी की छवि तेजतर्रार अफसर और ऑन स्पॉट फैसले लेने वाले अधिकारियों के तौर पर रही है। वे मूल रूप से आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। पहले प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास करके आईएएस अफसर बने। लखनऊ में कौशल विकास मिशन के निदेशक और बस्ती में जिलाधिकारी के तौर पर उन्हें खूब सराहना भी मिली। अब अगले 5 वर्षों के लिए केंद्र में तैनाती मिली है। पिछले 7 वर्षों में राज्य के 15 से ज्यादा आईएएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा चुके हैं।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में कृषि विभाग लगाएगा प्रदर्शनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विभाग ने नोडल अधिकारियों को किया नामित

**अमृत विचारः** ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में राज्य के प्रगतिशील किसानों व कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म मिलेगा। कृषि विभाग को प्रदर्शनी के लिए एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल आवंटित किया गया है।

इंटरनेशनल ट्रेड शो में कृषि विभाग की भी बड़ी हिस्सेदारी रहेगी। इसमें लगभग दो दर्जन से अधिक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) हिस्सा लेंगे। इसमें बुलंदशहर के तीन, बहराइच, मीरजापुर, श्रावस्ती के दो, बलिया-बांदा, बस्ती, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, गोरखपुर, हमीरपुर, महराजगंज, सहारनपुर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर, अलीगढ़ व रामपुर के एक-एक एफपीओ (कृषक उत्पादक संगठन) की सहभागिता रहेगी। प्रदर्शनी में सीड्स, फर्टिलाइजर, कृषि यंत्रों से जुड़ी कंपनियां भी प्रतिभाग करेंगी। इसमें सिजेंटा, दयाल बायोटेक, ओंकार एग्री ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, इफको, कृभको, इंडियन पोटाश लिमिटेड, कावेरी सीड्स प्रालि. शामिल है।

कृषि विभाग की ओर से समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नामित किए हैं। कृषि- कृषि शिक्षा व बीज विकास निगम से संवाद-समन्वय के लिए अपर कृषि निदेशक प्रसार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मंडी परिषद व कृषि विपणन के लिए राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक द्वारा नामित अपर निदेशक स्तर के अधिकारी या उप निदेशक कृषि विपणन नोडल अधिकारी की भूमिका में होंगे। बीज उत्पादन करने वाली कंपनियों की देखरेख के लिए अपर कृषि निदेशक, बीज व प्रक्षेत्र तथा ट्रेड शो में आमंत्रित उर्वरक बनाने वाली कंपनियों के लिए संयुक्त कृषि निदेशक उर्वरक को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# डेल्टा रैंकिंग में जमुनहा ब्लॉक शीर्ष पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय नीति आयोग ने जारी की पूरे देश के विकासखंडों की डेल्टा रैंकिंग

**अमृत विचारः** केंद्रीय नीति आयोग द्वारा घोषित आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम की त्रैमासिक (जनवरी से मार्च 2024) डेल्टा रैंकिंग में राज्य के श्रावस्ती जिले के जमुनहा विकासखंड ने ओवर ऑल टॉप रैंकिंग हासिल की है।

वहीं जोन 2 उत्तर भारत में हरदोई जिले के संडीला ने पहला स्थान हासिल किया है, जबकि अमेठी जिले के जगदीशपुर विकासखंड को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।यह डेल्टा रैंकिंग नीति आयोग द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से जारी की गई है। मालूम हो कि विकासखंडों की रैंकिंग की गणना, उनके प्रदर्शन और त्रैमासिक प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) में प्राप्त प्रगति के आधार पर की जाती है। केपीआई के आधार पर विकासखंडों की रैंकिंग करना कार्यक्रम की एक मुख्य रणनीति है।

### योगी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर दी बधाई

मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स से डेल्टा रैंकिंग में श्रावस्ती के जमुनहा, हरदोई के संडीला और अमेठी के जगदीशपुर विकासखंड के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी। उन्होंने लिखा कि यह उपलब्धि यहां के अनुशासित लोगों, प्रशासन के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। नया उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व में समृद्धि की ओर अग्रसर है।

# सिंगरौली समेत तीन इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : सिंगरौली समेत तीन इकाइयों के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया, जबकि पहले से बंद चल रही सिंगरौली की अन्य इकाई अभी चालू नहीं हो सकी है। इससे प्रदेश में करीब 1 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है।

उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, सिंगरौली की 500 मेगावाट, ऊंचाहार की 210 मेगावाट व ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गई हैं। इन इकाइयों को चालू किए जाने के लिए प्रयास जारी है। इन इकाइयों के एक-दो दिनों में चालू होने की संभावना बताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि सिंगरौली की 200 मेगावाट क्षमता की दूसरी इकाई बीती 20 जुलाई से बंद चल रही है। इस इकाई के 30 अगस्त को चालू होने की संभावना है।

# कोबरा कमांडो के लिए सी-जेड सब मशीन गन की होगी खरीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्यपाल, सीएम और पूर्व सीएम की सुरक्षा में तैनात कोबरा कमांडोज के हथियार जल्द बदलने वाले हैं। गृह विभाग ने 100 कमांडोज के लिए 100 सी-जेड सब मशीन गन (स्कोर्पियन) खरीदने का निर्णय लिया है।

एक गन की कीमत 1.18 लाख रुपए आ रही है। खरीद पुलिस मुख्यालय द्वारा किया जाएगा। गृह विभाग ने कुल एक करोड़ 18 लाख रुपए जारी करने की संस्तुति की है। खरीद के दौरान धनराशि जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा गृह विभाग ने दंगा नियंत्रित करने के उद्देश्य से दंगा नियंत्रण वाहन खरीदने का निर्णय लिया है। वाहनों की संख्या 41 रहेगी। खरीद के बाद यह जिला पुलिस के मुख्यालयों में भेजी जाएगी। खरीद से पहले चेचिस के चयन पर विचार करने का निर्देश दिया गया है।

# गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर लगेगी फसाड लाइट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव (जन्माष्टमी) की तैयारियों में, गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर फसाड लाइटें लगाई जाएंगी, यमुना नदी के घाटों के पुनरुद्धार और साइनेज कार्य के लिए राज्य सरकार की ओर से कुल 64.65 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

यह जानकारी शनिवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव समारोह भव्यता से मनाने की तैयारियां चल रहीं हैं। ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने 21 किलोमीटर की गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर फसाड लाइटिंग और साइनेज कार्य कराए जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि यमुना नदी के घाटों के विकास एवं पुनरुद्धार कार्यों के मद में 43.66 करोड़ रुपए के सापेक्ष 15 करोड़ रुपए की पहली किस्त नामित संस्था और अपर खंड आगरा कैनाल को दी जा चुकी है।

### जन्माष्टमी पर मिलेगी 24 घंटे बिजली

अमृत विचार। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 26 व 27 अगस्त को पूरे प्रदेश में 24 घंटे कटौतीमुक्त बिजली आपूर्ति की जाएगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने इस सिलसिले में वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देश में गया है कि सभी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति चुस्त-दुरुस्त रखी जाए। अगर कहीं स्थानीय खराबी होती है, तो समय रहते उसे दूर कर बिजली आपूर्ति बहाल रखी जाए। अधिकारियों से कहा गया है कि बिजली आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जाए। उपकेंद्रों पर समुचित कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

## वर्ग पहेली-171

**बाएं से दाएं**

4.1. पानी निकालने के लिए ज़मीन में खोदा हुआ गहरा गड्ढा, कूप 2. बहुत गहरी और अंधेरी जगह 3. रहस्य संप्रदाय में हृदय रूपी कमल। (मु.)-खोदना : किसी को हानि पहुंचाना। कुएं में गिरना : मुश्किल में पड़ना। कुएं में बांस डालना : बहुत खोज करना। कुएं में भांग पड़ी होना : बुद्धि भ्रमित होना, सभी का पागल हो जाना।

5.1. थपकी देना, दुलारना 2. उत्साहवर्धन के लिए शाबाशी देना 3. धीरे से ठोंकना।

8. हवा से रहित, वायु शून्य।

**ऊपर से नीचे**


1.1. एक सफ़ेद एवं मुलायम धातु जो गहने बनाने के काम आता है

2.1. निराहार व्रत या उपवास 2. वह व्रत जिसमें भोजन नहीं किया जाता मुख्यत : बौद्ध तथा जैन मतों में उपवास के लिए प्रयुक्त शब्द।

3.1. परेशान होना, आकुल होना, बेचैन होना, विह्वल होना 2. घबड़ाना, डरना, कांपना।

6.1. शिकायत, निंदा, दोषकथन 2. अपवाद 3. आरोप, दोषारोपण 4. झूठी निंदा 5. लोहे के तारों से निर्मित अंगूठी जिसे पहन कर सितार बजाते हैं

7.1. समाप्त होने की अवस्था या भाव 2. अंत, नाश, मृत्यु 3. सफ़ाया, हत्या।



### वर्ग पहेली -170 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 लु | ढ़ | 2 क | ना | |
| | | | णि | | 3 ए |
| | 4 अं | श | का | लि | क |
| 5 दे | | | यि | | चा |
| 6 व | का | ल | त | | रि |
| पु | | | | | णी |
| 7 र | घु | ना | थ | | |

## सुडोकू-84

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 8 | | | | 2 | |
| 8 | | | 2 | 7 | 3 | | 6 | |
| 9 | | | | 1 | | 4 | | 7 |
| | 5 | | | | 8 | | | 3 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 2 | | | 4 | | | | 9 | |
| 1 | | 7 | | 9 | | | | 2 |
| | 9 | | 1 | 5 | 6 | | | 8 |
| | 3 | | | | 2 | 1 | | |

### सुडोकू -83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 7 | 9 | 4 | 6 | 5 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 9 | 5 | 4 | 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 4 | 8 | 9 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 2 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 6 | 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 |
| 5 | 9 | 1 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 अगस्त रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 26 अगस्त 03.39 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न हो सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं। नया कार्य शुरु करने में आपको सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे।

**वृष** – आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।

**मिथुन** – आज बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जिस भी कार्य को हांथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिये। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं।

**कर्क** – आज परोपकार में धन खर्च कर सकते हैं। जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होने वाले हैं।

**सिंह** – आज व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। नया वाहन खरीद सकते हैं। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

**कन्या** – आज अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। घर में अप्रिय व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बदहजमी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। आपको उबाऊ यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें।

**तुला** – आज बड़े व्यवसायिक अनुबंध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे। कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त होगी। आर्थिक स्थिति को लेकर संतुष्ट रहेंगे। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें।

**वृश्चिक** – आज साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए।

**धनु** – आज पढ़ाई में मेहनत को लेकर परेशानी होगी। बुद्धिमानी के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है।

**मकर** – आज स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। घर में नकारात्मकता हावी रहेगी। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है।

**कुंभ** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

**मीन** – आज धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कारोबार के लिए आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-भरणी 16.45 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
हिन्दुस्तान की कसम
सुबह : 10.59
परिवार
रात : 07.00


&pictures
खूंखार
सुबह : 11.53
जुदाई
रात : 08.00

SONY PIX
ग्रेन टूरिज्म
सुबह : 10.51
नो हार्ड फीलिंग्स
रात : 08.59

ZEE CINEMA
किसी का भाई किसी की जान
सुबह : 11.09
लक्ष्य
रात : 08.00

colors CINEPLEX
कभी खुशी कभी गम
दोपहर : 12.10
द फनी स्टार
रात : 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- पड़ोसन की डेथ कैसे हुई?
पत्नी- दाल के भाव बहुत बढ़ जाने से
पति- ओए पागल हो गई है क्या? दाल के दाम बढ़ने से कोई कैसे मर सकता है?
पत्नी- मैंने अपनी आंखों से उसका डेथ सर्टिफिकेट देखा है, उस पर लिखा था मौत का कारण- पल्स रेट हाई की वजह से...

पप्पू पैराशूट बेच रहा था...
हवाई जहाज से कूदो, बटन दबाओ और जमीन पर सुरक्षित पहुंच जाओ।
ग्राहक -अगर पैराशूट नहीं खुला तो?
पप्पू - तो पैसे वापिस कर दूंगा।


इस तरह बच्चों को जाना पड़ता है स्कूल। अमृत विचार


सिर पर सामान, हाथ में चप्पल लेकर चलने की विवशता। अमृत विचार


रास्ते के किनारे बरसात में इस तरह भर जाता है पानी। अमृत विचार

# कीचड़ भरे रास्ते में लोटती गांव की प्रगति की दास्तां

## आकांक्षी ब्लाक के मजरे बेलरी का हाल, 2 किमी की दूरी तय करने में करनी पड़ती है भारी मशक्कत, विद्यार्थियों को खासी समस्या

हरी नारायण पांडेय, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** विकास की बड़ी बड़ी बातें करने वाले जनप्रतिनिधियों, अफसरों को पैदल एक बार गांव-मजरों की ओर जाना चाहिए। दो किमी की दूरी तय करने पर कीचड़-कादों से कपड़ों और जूते-चप्पलों को बचते-बचाते जब घंटों लगेंगे तब ही उनको इस बात का पता चलेगा कि यहां के लोग कैसे जीते हैं। कैसे आतेजाते हैं। प्रगति और विकास की दास्तां यहां कीचड़ भरे रास्ते पर लोटती नजर आती है।

आकांक्षी विकास खंड रामनगर की ग्राम पंचायत रामपुर के मजरे बेलरी में एक अदद सड़क तक गांववालों को मयस्सर नहीं हो सकी। यहां तक कि स्कूल जाने वाले बच्चों को भी इसी कीचड़ युक्त रास्ते से गुजरना पड़ता है। बरसात में तो और भी दिक्कत हो जाती है। लगभग 1200 की आबादी वाले इस गांव में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल के बच्चों को इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। रास्ते की बदहाली की वजह से बच्चों में भी पढ़ाई लिखाई को लेकर रुचि नहीं जग पाती और बरसात में अभिभावक स्कूल भेजने में कतराते हैं। कई बार तो बरसात में बच्चों के न जाने की वजह से स्कूल से उनका नाम तक कट जाता है।


झुरही नदी पर आनेजाने का वैकल्पिक मार्ग, जो गांववालों ने बनाया है। अमृत विचार


जानकारी देता ग्राम प्रधान। अमृत विचार

● लगभग 1200 की आबादी का है मजरा

### लंबे समय से चल रही लड़ाई

ग्राम प्रधान रामकेश यादव ने बताया कि 2019 से रास्ते बनवाने की लड़ाई गांववाले लड़ रहे हैं। एक बार तो गांव के सभी लोगों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया था। बताया कि कुछ लोगों ने उस पर ग्रामीणों को भड़काने का आरोप भी लगाया और इस पर उसे और एक अन्य व्यक्ति को जेल तक भेजा गया। ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया तब जाकर पुलिस ने हमें छोड़ा था। उसने बताया कि विरोध का कारण यह था कि धर्मराज राजपूत की पत्नी उषा को चारपाई में इलाज के लिए ले जा रहे थे कि रास्ता खराब होने की वजह से समय से उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका और अधिक रक्तस्राव से जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई।

### कई लोगों की हो गई असमय मौत

गांव के बुजुर्ग चोखे लाल यादव आदि ने बताया कि वे तीन पीढ़ी से यहीं रह रहे हैं। रैपुरा में जब गुंता बांध बनने लगा तो उस दौरान हमें गांव खाली करने के लिए कहा गया लेकिन जमीन व घर के मुआवजा देने के लिए किसी ने नहीं कहा। हम लोग गांव छोड़कर कहीं नहीं गए। शायद इसी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बताया कि इस दो-ढाई किलोमीटर कीचड़ युक्त कच्चे मार्ग की वजह से कई जानें चली गईं। दो वर्ष पहले गांव के हेमराज की पत्नी सुधा के हाथ से डेढ़ वर्षीय बीमार बेटे का हाथ छूट गया था और वह रास्ते में पड़ने वाली छुरही नदी में समा गया था। तब तत्कालीन विधायक आनंद शुक्ला ने सड़क बनवाने का भरोसा दिया था। भइया लाल यादव के पुत्र राजकरण को सर्पदंश के बाद इलाज के लिए चारपाई में ले जाने के दौरान रास्ता खराब होने से समय से अस्पताल न पहुंचा पाने से उसकी भी मौत हो गई।

### खुद डलवाते हैं मिट्टी

प्रधान रामपुर ने बताया कि बेलरी संपर्क मार्ग पर सन् 2005 से तत्कालीन प्रधान मनरेगा से मिट्टी डलवाता रहा है। पर ग्राम पंचायत की भी वित्तीय एक सीमा है इसलिए चाहते हुए भी ग्राम पंचायत पक्की सड़क का निर्माण कार्य नहीं करा सकती।

### जूते हाथ में लेकर होता आना-जाना

उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलरी के प्रधानाध्यापक नारायण पांडेय ने बताया कि उनको यहां 10 वर्ष हो गए। यहां छात्र संख्या 32 है। बच्चों को इसी रास्ते होकर आनाजाना पड़ता है। बताया कि वह स्कूल में अकेले शिक्षक हैं। बरसात में मिडडे मील का खाद्यान्न सिर पर तथा जूते हाथ पर लेकर गिरते पड़ते आते हैं। बताया कि हर स्तर से सूचना भी लगातार दे रहे हैं लेकिन आज तक सड़क नहीं बन पाई।

### रास्ते में ही पड़ती है झुरही नदी

रास्ता ही बदहाल नहीं है बल्कि इसमें बीच में झुरही नदी भी पड़ती है। बरसात में जब इसमें पानी भर जाता है तो आवागमन दुष्कर हो जाता है। एक अदद पुलिया तक नहीं है। गांववालों ने अहतियातन अपना एक लकड़ी का पुल बनाया है, जिससे होकर आते जाते है। अगर किसी के पास वाहन होता है तो उसे रामपुर में खड़ा करके पैदल मजरे तक जाना पड़ता है।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया

**सीतापुर (चित्रकूट)।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर शुक्रवार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विज्ञान और पर्यावरण संकाय सभागार में कुलपति प्रो. भरत मिश्रा और अधिष्ठाता प्रो. आईपी त्रिपाठी की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। कुलपति ने बताया कि चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण सतीश भवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई 2023 को किया गया था। यह यान चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव के पास की सतह पर 23 अगस्त 2023 को उतरा था। कार्यक्रम की शुरुआत मां वीणादायिनी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। डा. सीताशरण गौतम ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। इस अवसर प्रो. सूर्यकांत चतुर्वेदी, डा. वीरेंद्र उपाध्याय, रवि चौरे, अजय कुमार और डा. संगम लाल द्विवेदी, निखलेश मिश्रा, राजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद ग्राम प्रधान। अमृत विचार

### त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** त्योहारों के मद्देनजर थाना परिसर में शनिवार को ग्राम प्रधानों की बैठक हुई। इसमें एसओ राकेश मौर्या ने ग्राम पंचायत में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की। बैठक में प्रधान संघ अध्यक्ष प्रभात पांडेय, सुनील शुक्ल, साकेत बिहारी, प्रधान प्रतिनिधि गोहुर, प्रधान रामनरेश पाल, शुभम केशरवानी आदि मौजूद रहे।

### समाज कार्य पर गोष्ठी

**सीतापुर (चित्रकूट)।** राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह के अंतर्गत ग्रामोदय विश्वविद्यालय की समाज कार्य इकाई ने विद्यालयीन समाजकार्य- अवसर एवं चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी की। इसमें कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. नंदलाल मिश्रा, प्रो. योगेश कुमार सिंह, डा. विनोद शंकर सिंह एवं डा. नीलम चौरे मौजूद रहीं। संचालन डा. अजय आर चौरे ने किया। गोष्ठी का निर्देशन समाजकार्य की राष्ट्रीय संस्था भारतीय राष्ट्रीय व्यावसायिक समाज कार्य ने किया।

### देवर से मारपीट की रिपोर्ट

**चित्रकूट।** कोतवाली अंतर्गत जगदीशगंज निवासी संगीता पत्नी सिद्धगोपाल ने मोहल्ले के लोगों पर देवर से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संगीता ने बताया कि बीते दिन उसका देवर लालजी गुप्ता दुकान पर खड़ा था। इसी दौरान मोहल्ले के राणा, भारत, सत्यम और शिवा वहां पहुंचे और गालीगलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारापीटा। इससे लालजी बेहोश हो गया। इन लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### आईटीईपी पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग पूरी

**सीतापुर (चित्रकूट)।** ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित इंट्रीग्रेटेड टीचर एजूकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) में प्रवेश के लिए शुक्रवार को काउंसिलिंग पूरी हो गई। संयोजक डा. श्याम सिंह गौर ने बताया कि प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियो की सूची जारी कर दी गई है।

### 24 घंटे में चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। 23 अगस्त को बरातीलाल निवासी अटलनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर से किसी ने बकरी व उसके दो बच्चे चुरा लिए हैं। एसआई शाहबाज खां ने अगले दिन बम बाबा तिराहे से विवेचना से प्रकाश में आए आरोपी रामलखन पुत्र मेढ़ीलाल निवासी कौशांबी को गिरफ्तार किया। इससे चोरी की बकरियां भी बरामद कीं। पुलिस टीम में आरक्षी प्रवीण पांडेय शामिल रहे।

### पत्रकार की पत्नी को धमकी

**चित्रकूट।** एक समाचार पत्र के जिला संवाददाता ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया है कि उसकी पत्नी को मोबाइल पर धमकी दी गई। पत्रकार सुनील टंडन ने बताया कि 22 अगस्त को उसकी पत्नी के मोबाइल पर किसी ने गालियां देकर कहा कि वह थाने से बोल रहा है। उसे और उसके पार्लर को बदनाम कर देगा। उसने पत्नी और उसके साथ के अन्य लोगों को जान से मारने की धमकी भी दी। पत्रकार ने बताया कि उसने इसकी जानकारी कोतवाली प्रभारी को दी है।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। 21 अगस्त को अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को शिब्बू उर्फ शिवम द्विवेदी अंकित द्विवेदी पुत्र अशोक द्विवेदी ने घर के अंदर ले जाकर दुष्कर्म किया है। एसआई अजहर जमाल ने शनिवार को आरोपी शिब्बू को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी जितेंद्र मौर्या शामिल रहे।

### छात्रा ने फांसी लगाई, मौत

**चित्रकूट।** भरतकूप थानांतर्गत कोलौंहा गांव में एक छात्रा ने शुक्रवार को फांसी लगाकर जान दे दी। छात्रा की भाभी बेसिनया ने बताया कि आरती (16) के माता पिता की मौत होने के बाद वह अपने दादा-बड़ी अम्मा के साथ रहती थी। आत्महत्या की वजह नहीं पता चल सकी।

### सड़क पर घूमता दिखा वन्यजीव

**सीतापुर (चित्रकूट)।** धारकुंडी वन क्षेत्र में शनिवार को सड़क पर एक वन्यजीव घूमता नजर आया। लोगों ने इसे बाघ बताया तथा कैमरे में कैद कर लिया और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। लोगों ने बाघ के इस तरह विचरण पर संतुष्टि जताई और कहा कि इन दुर्लभ जीवों का संरक्षण बहुत जरूरी है।

### मोहित बने जिलाध्यक्ष

**चित्रकूट।** शीतलपुर तरौंहा निवासी मोहित पटेल को सरदार सेना का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष आरएस पटेल ने किया है।

# पहली पाली में 946, दूसरी में 896 अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** सिपाही भर्ती परीक्षा का दूसरा दिन भी शांतिपूर्वक बीत गया। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को दोनों पालियों में सभी छहों परीक्षा केंद्रों का औचक मुआयना कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पहली पाली में कुल 3120 अभ्यर्थियों में से 946 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 896 गैरहाजिर पाए गए।

दोनों अफसरों ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के संचालन को देखा। उन्होंने सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक भर्ती बोर्ड के सभी निर्देशों का पालन करें और सकुशल एवं शुचितापूर्ण संपन्न कराएं। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।


सीसीटीवी से परीक्षा का जायजा लेते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व एसपी।

# जन्माष्टमी पर बच्चे करेंगे गो आश्रय स्थलों का भ्रमण

चित्रकूट कार्यालय

● बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कक्षा छह से आठ तक के परिषदीय स्कूलों के बच्चों को गो आश्रय स्थलों (गौशालाओं) का भ्रमण कराया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बीईओ को निर्देश जारी किए हैं।

बीएसए ने पत्र में बताया कि मुख्य विकास अधिकारी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कक्षा छह से बारह तक के स्कूली बच्चों को गोस्थलों का भ्रमण कराने के निर्देश दिए हैं। सभी परिषदीय उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों के अध्ययनरत बच्चों को गौ आश्रय स्थल भ्रमण कराने व गो पालन का महत्व बताएं। इस संबंध में उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण कराना सराहनीय है। लेकिन इसे कार्यदिवस में होना चाहिए था। जन्माष्टमी के अवकाश पर बाहरी शिक्षक अपने गृह जनपद जा चुके हैं। बच्चे भी व्रत रहकर घर में जन्माष्टमी मनाते हैं। ऐसे में गौशाला में भ्रमण के लिए बच्चों व उनके देखरेख के लिए संबंधित शिक्षकों को उपस्थित रखना उचित नहीं कहा जा सकता है लेकिन विभागीय आदेश है तो शिक्षक अनुपालन करने का प्रयास करेगा ही।

### व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**चित्रकूट।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र एसके केशरवानी ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगारों को उद्योग विभाग के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना है। ऐसे अभ्यर्थी पात्र होंगे, जो स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों व बाजार के मद्देनजर नये उद्यमी के रूप में कार्य सकें। आवेदन छह सितंबर तक आनलाइन किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कनिष्ठ सहायक दीपक कुमार के मो. 8840112831 पर संपर्क कर सकते हैं।

आवश्यकता है:-
प्राचार्य/प्रवक्ता हेतु
डॉ. डी.पी. सिंह महाविद्यालय
हथौड़ा बुजुर्ग, शाहजहांपुर
(एम.जे.पी.रू.वि.वि. बरेली से सम्बद्ध)
प्राचार्य:- 01 पद
M.Sc. (Ag.)- (कृषि) एग्रोनॉमी 01 पद, जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रीडिंग 01 पद, M.Sc. (Home Science) फूड एण्ड न्यूट्रिशन 01 पद
योग्यता:- UGC द्वारा निर्धारित अर्हता, आवेदन-पत्र दो प्रतियों में विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें।
mjp555@mjpru.ac.in, 9198686472
डॉ. के.डी. सिंह (प्रबन्धक) 9415060459

# मान्यता प्राप्त संस्थाओं के छात्रों का लें प्रवेश

**चित्रकूट।** परिषद के विनियमों के अनुसार, मान्यता प्राप्त होने के पश्चात संस्थाओं द्वारा केवल मान्य वर्ग/ विषयों में छात्रों का प्रवेश लिया जाएगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि संस्थाओं द्वारा किसी भी अमान्य संस्था से अनधिकृत छात्रों का प्रवेश लिया जाना अनियमित एवं अवैध की श्रेणी में माना जाएगा। डीआईओएस ने आगाह किया कि संज्ञान में यह आने पर कि किसी राजकीय /अशासकीय सहायता प्राप्त/ स्ववित्त पोषित मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में किसी अमान्य संस्था से अनधिकृत छात्रों का पंजीकरण किया गया है तो संस्था के प्रबंधक/ प्रधानाचार्य के साथ ही अवैध /अमान्य रूप से संचालित विद्यालयों के प्रबंधक/ प्रधानाचार्य के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिकी तक दर्ज कराई जाएगी।

# मोबाइल शॉप में चोरी के 2 आरोपी धरे गए

संवाददाता, बिवांर

**अमृत विचार।** गुरुवार रात कस्बे में क्वालिटी मोबाइल शॉप की दुकान में हुई चोरी के मामले में अभी तक दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं शनिवार को पकड़े गए चोर के कब्जे से चोरी का सामान और नगदी भी बरामद की है। अभी तीसरा चोर पुलिस की पकड़ से दूर है।

गुरुवार रात करीब 11 बजे क्वालिटी मोबाइल शॉप की दुकान में रोशनदान से घुसकर दो किशोरों ने हजारों रुपये कीमत के स्मार्ट मोबाइल फोन व नगदी चोरी की थी। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार देवकीनंदन विश्वकर्मा की तहरीर पर पुलिस ने तीन चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं फरार चल रहे दूसरे किशोर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर दुकान से चोरी गए सामान व नगदी बरामद कर ली है।

पीड़ित दुकानदार ने बताया कि पानी की टंकी के पास उसकी क्वालिटी मोबाइल शॉप की दुकान है। गुरुवार रात करीब 11 बजे दीवार में बने रोशनदान से घुसकर दो किशोर चोर स्मार्ट मोबाइल फोन व हजारों रुपये नगदी की चोरी की थी।

कार्यालय ग्राम पंचायत सालिकपुर, विकास खंड पहाड़ी, चित्रकूट

निविदा सूचना

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत सालिकपुर में राज्य वित्त 15वित्त योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी।

दिनांक : 25/8/2024 से 28/8/2024तक

| क्र0 | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत सालिकपुर के पंचायत भवन में चबूतरा निर्माण | 114130 | 2250 | 500 |
| 2 | ग्राम पंचायत सालिकपुर के पंचायत भवन में टाइल्स का कार्य | 149832 | 2900 | 500 |
| 3 | ग्राम पंचायत सालिकपुर के पंचायत भवन में मरम्मत व पुताई कार्य | 85612 | 1700 | 500 |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत सालिकपुर विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

कार्यशाला | भाजपा ने शुरू किया सदस्यता अभियान

# सदस्यता संगठन की शक्ति का प्राण है : अनिल

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट की जिला इकाई ने सदस्यता अभियान के मद्देनजर शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी डा. अनिल यादव ने कहा कि सदस्यता संगठन की शक्ति का प्राण है।

भाजपाइयों ने वंदे मातरम् गान के साथ कार्यशाला की शुरुआत की। डा. यादव ने कहा कि सदस्यता सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही तथा सर्वव्यापी करना है। भाजपा को फिर से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाना है। बताया कि जनप्रतिनिधियों और संगठन की सदस्यता के लक्ष्य अलग-अलग निर्धारित किए गए हैं। सदस्यता डिजिटल माध्यम से होगी। नंबर पर काल करके, नमो एप तथा भाजपा की वेबसाइट से सदस्य बन सकते हैं। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान में मनोयोग से लगने की अपील की। पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि बूथ पर न्यूनतम 200 सदस्य बनाने हैं। कार्यशाला का संचालन राघवेंद्र सिंह ने किया। कार्यशाला के समापन पर राष्ट्रगान हुआ। इस मौके पर चंद्र प्रकाश खरे, रंजना उपाध्याय, राघवेंद्र सिंह, भागवत त्रिपाठी, मुन्ना करवरिया, महेंद्र कोटार्य, अश्विनी अवस्थी, ब्रजेश पांडेय, राजेश्वरी, मनोज तिवारी, देव त्रिपाठी, जगदीश गौतम, प्रेमलाल, अरविंद रलिहा, सुशील द्विवेदी, संतोष मिश्रा, प्रमेंद्र सिंह, अखिलेश आदि मौजूद रहे।


सदस्यता संबंधी कार्यशाला में मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

### दो चरणों में चलेगा अभियान

जिला महामंत्री आलोक पांडेय ने बताया कि अभियान दो चरण में चलेगा। साधारण सदस्यता अभियान एक सितंबर से 25 सितंबर तक फिर एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक तथा सक्रिय सदस्यता अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा।

# गौशालाओं में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के निर्देश

**रामनगर (चित्रकूट)।** पशु चिकित्साधिकारी डा. एनके ओझा ने सभी सचिवों और गौशाला संचालन से जुड़ी एनजीओ को निर्देश दिए हैं कि वे गौशालाओं में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाएं। इस संबंध में सचिवों को भेजे पत्र में पशु चिकित्साधिकारी ने कहा है कि शासनादेश के अनुपालन में 26 अगस्त को प्रत्येक गौशाला में गोपूजन एवं जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाना है अतः इस दिन गोपूजन कार्यक्रम के बाद गोवंशों का पूजन आदि किया जाए। इनको कार्यक्रम के फोटोग्राफ भी विकास खंड की गौशाला संबंधी ग्रुपों में शेयर करने के निर्देश दिए गए हैं।

# तुलसीपीठ में होगा अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव

**चित्रकूट।** तुलसीपीठ में सितंबर में तीन दिवसीय रामलीला महोत्सव होगा। इसका शुभारंभ 14 सितंबर को होगा। इसका आयोजन अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव समिति दिल्ली द्वारा किया जाएगा। रामलीला का मंचन स्कूल और गुरुकुल विद्यार्थियों द्वारा किया जाता है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम, जनपद-चित्रकूट

पत्र संख्या – 1173 /2024–25
दिनांक: 24 अगस्त, 2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि आगामी भाद्रपद्र मास की अमावस्या मेला में पालिका द्वारा संचालित निम्न वाहन पार्किंग स्थलो में खडे होने वाले वाहनो से निर्धारित शुल्क सहित पार्किंग संचालन हेतु निम्नलिखित स्थलो की नीलामी बोली दिनांक 30.08.2024 को अपरान्ह 02 बजे पालिका कार्यालय में की जायेगी। उपरोक्त नीलामी में इच्छुक फर्म/व्यक्ति मु0– 10000.00 रू0 धरोहर धनराशि जमा कर प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्ते / विवरण कार्यालय कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। नीलामी स्वीकृत / अस्वीकृत करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगें।

नीलामी हेतु चिन्हित वाहन पार्किंग स्थलो का विवरण :–

1– तुलसीदास डिग्री कालेज के सामने जैन साहब का खाली प्लाट
2– धर्मकाटा के सामने खाली प्लाट इलाहाबाद बांदा मार्ग
3– अशोक लीलैण्ड एजेन्सी के सामने मिश्रा जी खाली प्लाट
4– संत थामस स्कूल के बगल से खाली प्लाट
5– रामसैया तिराहा पर खाली भूमि
6– बरहा के हनुमान जी गेट के बांयी ओर खाली प्लाट
7– बानतालाब तिराहे पर खाली प्लाट
8– पोद्दार इण्टर कालेज का मैदान सीतापुर
9– चितरा रोड पर यू0पी0 एम0पी0 बार्डर के पास खाली प्लाट

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम

# 3 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किया किनारा

## 5 दिवसीय सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन केंद्रों में उमड़ी भीड़ गहन चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्रों में मिला प्रवेश

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** पांच दिवसीय सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे परीक्षार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। परीक्षा के दौरान सभी 10 परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। त्रिस्तरीय चेकिंग के बाद ही परीक्षा केंद्रों के अंदर अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दूसरे दिन दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण आयोजित हुई। सख्ती के चलते पंजीकृत 9,600 में 3,054 अभ्यर्थियों (39.81 फीसदी) ने परीक्षा से किनारा कर लिया।



आदर्श बजरंग इंटर कालेज में कतारबद्ध खड़े परीक्षार्थी। अमृत विचार

जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। पांच दिवसीय परीक्षा के दूसरे दिन परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी। परीक्षा के दूसरे दिन दोनों पालियों में पंजीकृत 9,600 में 3,054 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। जबकि 6,546 ने परीक्षा दी। पहली पाली व दूसरी पाली में क्रमशरू 3,228 और 3,318 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि पहली पाली में 1,572 व दूसरी पाली में 1,482 अभ्यर्थी सख्ती के चलते परीक्षा देने नहीं आए। सभी 10 परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक दंडाधिकारियों व पुलिस जवान परीक्षार्थियों को प्रवेश से पूर्व जांच कर अंदर जाने दी। जोनल दंडाधिकारी व उड़नदस्ता दल परीक्षा केंद्रों पर भ्रमणशील रहे। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू रही। साथ ही फोटो स्टेट आदि की दुकानें भी बंद रही। मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को परीक्षा हॉल में जाने से पूर्व जमा करा लिया गया। अभ्यर्थियों को सिर्फ बॉल पेन ले जाने की अनुमति दी गई। उनके जूते, बैग व अन्य सामान केंद्र के मुख्य द्वार पर ही रखवा दिए गए। त्रिस्तरीय चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों के अंदर जाने दिया गया। चेकिंग के दौरान कई अभ्यर्थियों से आपत्तिजनक सामग्री मिली तो चेकिंग दल ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई। परीक्षा केंद्र में किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं रही। सभी जगह सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। हर कैमरे पर एक दरोगा को तैनात किया गया। सभी केंद्रों पर पुलिस तैनात की गई। इस बार एसटीएफ और क्राइम ब्रांच को भी ऐसे गिरोह पर नजर रखने के लिए लगाया गया, जो परीक्षा में भर्ती कराने का ठेका लेते हैं। जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

### जिलाधिकारी व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने दूसरे दिन शनिवार को संयुक्त रूप से पुलिस भर्ती परीक्षा की दोनों पालियों में कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था परखी। उन्होंने इंटरमीडिएट कालेज तिंदवारा, रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज, आर्यकन्या इंटर कालेज, डीएवी इंटर कालेज तथा आदर्श बजरंग इंटर कालेज, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय तथा अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्र के कन्ट्रोल रूम से कक्षों में संचालित हो रही परीक्षा का सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी कार्य का निरीक्षण किया। डीएम ने बायोमैट्रिक उपस्थिति की जानकारी लेते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, परीक्षा नोडल अधिकारी व एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव सहित संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित पुलिस प्रशासन के संबंधित अधिकारी व मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

### परीक्षा छूटने के बाद केंद्र के बाहर लगा जाम

सुबह की पाली की परीक्षा दोपहर 12 बजे छुटी। परीक्षा छूटने के बाद बाहर काफी देर तक जाम लग रहा। इसका एक कारण यह भी रहा की दूसरी पाली के परीक्षार्थी भी केंद्र पर पहुंच गए थे। सिटिंग प्लान देखने के चक्कर में तमाम अभ्यर्थी केंद्र के अंदर पहुंच गए। बाद में पुलिस कर्मियों ने उन्हें केंद्रों से बाहर निकाला। जाम खुलवाने में भी पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### परीक्षा में आए 150 सवाल

सुबह की पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक हुई। परीक्षा केंद्रों पर सभी परीक्षार्थियों की सघन तलाशी लेने के बाद ही प्रवेश दिया गया। पहली पाली की परीक्षा में कुल 150 सवाल आए थे। यह सवाल कुल 300 अंकों के थे। 150 सवाल के लिए कुल 120 मिनट का समय दिया गया था। प्रत्येक सही सवाल के दो अंक निर्धारित किए गए थे, जबकि गलत उत्तर पर 0 .5 की कटौती का प्रावधान किया गया था। परीक्षा में निगेटिव मार्किंग भी थी, इस कारण परीक्षार्थियों ने उन सवालों को छोड़ दिया जो उन्हें बिल्कुल नहीं आते थे। परीक्षा केंद्र पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और मध्य प्रदेश तक से आए परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों का कहना था कि पुलिस भर्ती का शुक्रवार को हुआ पेपर अबकी बार आसान था।

# कार ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत

● कोंच कोतवाली क्षेत्र में हुआ हादसा, 2 गंभीर घायल

संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** कोंच कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर एक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए।

एट थाना क्षेत्र के ग्राम अमीटा निवासी चरण सिंह व परशुराम अपने नाती अंशुल को बाइक पर बैठाकर कोंच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इंजेक्शन लगवाने के लिए जा रहे थे। जब वह अंडा के पास पहुंचे। तभी तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जबकि टक्कर मारने के बाद कार सड़क किनारे खंती में जाकर कीचड़ में धंस गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां पर चरण सिंह की मौत हो गई। वहीं परशुराम और अंशुल को मामूली चोटें आईं है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और खंती में फंसी कार को निकलवाकर कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रत्येक बूथ में 2 सैकड़ा नए सदस्य जोड़ने की जिम्मेदारी

● भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई सदस्यता कार्यशाला

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी आलाकमान के आह्वान पर एक सितंबर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया और कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ में दो सैकड़ा नए सदस्य जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बताया कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ की हड्डी होता है, कार्यकर्ता के बगैर संगठन का कोई वजूद नहीं होता। कार्यशाला को जिला प्रभारी, राज्यमंत्री, सदर विधायक, जिला पंचाायत अध्यक्ष समेत प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया और कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया। शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित




कार्यशाला को संबोधित करते सदर विधायक। अमृत विचार

सदस्यता अभियान कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया। कार्यशाला को संबोधित करते श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता का पाठ पढ़ाया। कहा कि सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए प्रत्येक बूथ से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान को लेकर जिम्मेदारियां भी सौंपी। सूबे के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करते हुए सदस्यता अभियान की सफलता के लिए जुटने का आह्वान किया। कहा कि सदस्यता अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य अपने जिले को प्रथम स्थान पर लाना होना चाहिए। कार्यकर्ताओं को संगठन की आत्मा बताया। कार्यकर्ता घर-घर जाकर जन-जन को पार्टी और सरकार की नीतियों से रूबरू कराएं । सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने 2017, 2019 और 2022 में चलाए गए विशेष सदस्यता अभियान जिक्र करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। संगठन पर्व की घोषणा के साथ सभी की सदस्यता शून्य हो गई है और एक बार फिर से डिजिटल माध्यम से सदस्यता ग्रहण करनी होगी।

## सार-संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर में 125 मरीजों का हुआ उपचार

**कालपी।** नगर पालिका के प्रांगण में समाजसेवी संस्था नेकद्वार सेवा समिति के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 125 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया ।मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। पालिकाध्यक्ष ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है, उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को चिंता मुक्त रहने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य शिविर में वैदेही हॉस्पिटल पुखरायां के विशेषज्ञ चिकित्सकों सर्जन डॉ. एस. यादव, डॉ. गोपाल यादव तथा फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. धीरेंद्र सचान के द्वारा ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, शुगर, वीपी, बदन दर्द, रीड की हड्डी, कमर दर्द आदि रोगों का उपचार करके सलाह देते हुए जागरूक किया गया। चिकित्सकों ने कहा कि छोटी सी छोटी बीमारी को नजर अंदर न करें बल्कि चिकित्सकों की सलाह पर दवाइयों का सेवन करें। शिविर में अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, सभासदों इकबाल अहमद, कपिल शुक्ला, निजाम खान, हरभूषण सिंह चौहान, शिशुपाल सिंह पप्पी यादव, सरफराज खान आदि लोग मौजूद रहें।

### 16 ई-रिक्शा चालकों के नगर पालिका ने बनाए लाइसेंस

**कालपी।** अब बगैर लाइसेंस के नगरीय क्षेत्र में ई-रिक्शा व सीएनजी ऑटो फर्राटा नहीं भर सकेंगे। शासन के निर्देशों के अनुरूप नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक की अगुवाई में कर्मचारियों के द्वारा शिविर लगाकर 16 ई-रिक्शा के लाइसेंस बनाकर 6 हजार रुपये राजस्व वसूल किया गया। शासन की नीतियों के बारे में जानकारी देते हुए राजस्व निरीक्षक रामभुवन सिंह ने बताया कि नगर में संचालित होने वाले ई-रिक्शा तथा सीएनजी आपे के नगर पालिका परिषद के द्वारा लाइसेंस निर्गत किए जा रहे हैं। नगर पालिका परिसर में आयोजित शिविर में ई-रिक्शा तथा सीएनजी ऑटो को रोक-रोककर लाइसेंस बनाए गए। उन्होंने बताया कि लाइसेंस शुल्क 250 रुपये निर्धारित किया गया है। लाइसेंस के रूप में पालिका के स्टीकर वाहन के शीशे में चश्मा किया जाएगा। अगर किसी वाहन में लाइसेंस नहीं पाया जाता है, तो वाहन के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शिविर में पालिका कर्मचारी रफीक खान, ओम जी, भूरा, देवेश, कन्हैया मिश्रा आदि लोग मौजूद रहें।

### अंदर लगे 170 बिजली के मीटर बाहर लगाए गए

**कालपी।** उपभोक्ताओं के घरों या प्रतिष्ठानों के परिसर के अंदर बिजली के केबल तथा मीटर स्थापित नहीं कर सकेंगे। शासन के निर्देश पर विभागीय कर्मचारियों के द्वारा कालपी नगर में अभियान चलाकर 170 कनेक्शनों के केबलों तथा मीटरों को परिसर के अंदर से हटाकर बाहर स्थापित किया। उपखंड अधिकारी आदर्श राज तथा अवर अभियंता जितेंद्र कुमार की देखरेख में विभागीय कर्मचारियों रिंकू पोरवाल, दिलीप कुमार, अजय कुमार निगम, फहमीद खान, टीजीटू अभिषेक कुमार आदि के द्वारा कालपी नगर के रावगंज, गणेशगंज, उदनपुरा आदि मोहल्ले में उपभोक्ताओं के संयोजनों के केबलों तथा मीटरों को परिसर के अंदर स्थापित थे, उन्हें हटाकर परिसर के बाहर स्थापित किया गया।

### चोरों ने गहने और नकदी उड़ाई, पुलिस जांच में जुटी

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के राहिया में शातिर चोरों ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने हजारों रुपये की नकदी व सोने चांदी के कीमती आभूषण समेटकर रफू चक्कर हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रहिया में शुक्रवार रात को चोरों ने देवेंद्र कुमार के मकान को निशाना बनाया। घर में घुसे चोरों ने गृहस्वामी के कमरे की कुंडी लगाकर फुर्सत से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। गृहस्वामी के बताए अनुसार उसके घर से 25 हजार की नकदी व घर में रखें सोने चांदी के कीमती आभूषण चोरी हुए हैं। पीड़ित ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी ली और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### विद्यार्थियों ने बंगाल की डॉक्टर को दी श्रद्धांजलि

**कदौरा।** महंत भगवत विशाल इण्टर कॉलेज के विद्याथियों ने बंगाल की डॉक्टर को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार सिंह द्वारा कोलकाता में हुई दरिंदगी की शिकार देश की होनहार बेटी डॉक्टर के चित्र पर दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी का तमिलनाडु में हुआ सम्मान

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश विधान मंडल दल की प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष लोकेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में 11 सदस्यी विधायकों के प्रतिनिधि मंडल ने तमिलनाडु तथा केरल का दौरा किया है। इस दौरान कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी समेत सभी सदस्यों को तमिलनाडु विधानसभा में सम्मानित किया गया।



विधायक विनोद चतुर्वेदी को सम्मानित करते सदस्य।

उत्तर प्रदेश के विधायकों का सरकारी दौरा शासन के द्वारा तमिलनाडु एवं केरल प्रदेश में कराया गया। विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने तमिलनाडु की प्राक्कलन समिति के कार्यों का अध्ययन किया। अध्ययन के मुताबिक तमिलनाडु सरकार के द्वारा गठित प्राक्कलन समिति में 3-3 मिनिस्टर शामिल रहते हैं। प्राक्कलन के अलावा वित्त समिति, संसदीय समिति आदि समितियों का भी अध्ययन उत्तर प्रदेश के विधायकों के द्वारा किया गया है। विधायक विनोद चतुर्वेदी के मुताबिक उत्तर प्रदेश की प्राक्कलन समिति की अपेक्षा तमिलनाडु सरकार की प्राक्कलन समिति के काम काफी भिन्न हैं। सभी सदस्यों के द्वारा समितियों के कार्य का अध्ययन किया गया। तमिलनाडु के विधानसभा के सचिव एवं विधायकों की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश प्राक्कलन समिति के चैयरमैन लोकेंद्र प्रताप सिंह, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी समेत सभी 11 विधायकों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**उरई।** प्राइवेट शिक्षक की पत्नी ने दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बहू को घर में न देख सास कमरे में गई। बहू को फांसी में लटका देख शोर मचा दिया। शोरगुल सुन मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहारी निवासी प्राइवेट अध्यापक अमित कुशवाहा की पत्नी मालती देवी 35 ने सुबह 10 बजे के आस-पास कमरे के अंदर लगे हुक में दुपटटा बांधकर आत्म हत्या कर ली ।बहू को घर में न देख सास छोटी को चिंता हुई। सास छोटी जैसे ही बहू के कमरे गई। बहू को फंदे से लटका देख शोर मचा दिया। शोरगुल सुन मौके पर परिजन पहुंच गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मदद से शव को फंदे से उतारा।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in
CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION
https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
• BBA— Finance & Taxation
• B.Com (Hons)
• BCA— IT & Multimedia
• B.A. — Journalism
• B.A. — Mass Communication
• B. Pharm
• B.Sc. Forensic Sciences
• Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
• X-Ray Technician
• MRI Technician
• Emergency & Trauma Care
• Dialysis Technician
• D. Pharm
• Dental Mechanics
• Dental Hygienist
Post Graduate Courses
• M.Com
• M.A. — Pol. Science
• MBA
• MHA
• MPH
• M.A. — English
• M.A. — Hindi
• M.A. — Psychology
• M.A. — Sociology
• M.A. — Journalism
• M.A. — Mass Communication
• M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
• M.Sc. Forensic Sciences
• M.Sc. Medical Sciences
• M.Sc. Clinical Embryology
• Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
• Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
• Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



जन्माष्टमी की धूम | भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# राधा-कृष्ण के रूप में खूब चहके नन्हे सितारे

संवाददाता, बांदा


**अमृत विचार।** भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी एवं यूरो किट्स में छात्र बच्चों द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान नन्हें मुन्हे बच्चों ने कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इसी के साथ दही हांडी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।



राधा-कृष्ण की झांकी प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

चिल्ला रोड श्रीनाथ विहार स्थित भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नन्हें मुन्हे बच्चों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राधा कृष्ण को माल्यार्पण व तिलक लगाकर की गई। कृष्ण भक्ति के गीतों पर बच्चों ने मन मोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इसके उपरांत दही हांडी का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बालक और बालिका वर्ग की टीमे शामिल रही। इस प्रतियोगिता में बालिकाओं ने दही हांडी फोडकर जीत हासिल की। इसके बाद रासलीला में बच्चों द्वारा नृत्य कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के सभी लोगों ने पूरी निष्ठा व भक्ति के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाई। इस अवसर पर सनातन धर्म की सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने तथा बच्चों में ईश्वर के प्रति समर्पित होने की भावना को जागृत करने के लिए भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में भक्तिगीत, नृत्य, भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं एवं उनके जीवन पर आधारित विशेष लीलाओं का मंचन किया गया। प्राची, आदर्श, दीपा के नृत्य ने सभी को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। यूरो किट्स प्राइमरी, जूनियर, सीनियर के बच्चों ने संयुक्त रूप से रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी।

### धूमधाम से मनेगा जन्माष्टमी का पर्व



कर्मकांड और ज्योतिष के विद्वान पं .बालेंद्र शास्त्री बताते हैं कि सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव (श्रीकृष्ण जन्माष्टमी) का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। बताया कि 26 अगस्त की सुबह 8 .20 मिनट से अष्टमी तिथि का प्रारंभ है और खास बात यह है कि रात्रि 9 .15 बजे से रोहिणी नक्षत्र शुरू होगा। ऐसे में रोहिणी नक्षत्र और अष्टमी के संयोग को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए उत्तम योग बताया गया है। वहीं पं .बालेंद्र का कहना है कि बलराम की जयंती (हलछठ) को लेकर महिलाओं के बीच खासा असमंजस कायम है, ऐसे में उन्होंने निर्णय सिंधु का हवाला देते हुए बताया कि हलछठ का पर्व 25 अगस्त को मनाए जाने का संयोग है। कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि युक्त षष्ठी तिथि को मनाए जाने को श्रेष्ठ बताया।

## एक नजर

### इस्पात कारखाने में बॉयलर विस्फोट में 22 घायल

**जालना।** महाराष्ट्र के जालना शहर के एमआईडीसी इलाके में शनिवार को एक इस्पात कारखाने में बॉयलर विस्फोट में 22 से अधिक श्रमिक घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार बंसल ने बताया कि तीन श्रमिकों की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि गज केसरी स्टील मिल में दोपहर के समय विस्फोट हुआ, जिसके परिणामस्वरूप पिघला हुआ लोहा श्रमिकों पर गिर गया। तीन श्रमिकों को छत्रपति संभाजीनगर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सेना प्रमुख ने की मणिपुर सीमा की समीक्षा

**इंफाल।** थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मणिपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सेना ने यह जानकारी दी। जनरल द्विवेदी मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर हैं। सेना प्रमुख ने पूर्वी सेना कमांडर के साथ सीमा पर सुरक्षा स्थिति और क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। इसमें कहा गया कि जनरल द्विवेदी ने क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने की दिशा में किए जा रहे भारतीय सेना और असम राइफल्स के प्रयासों की सराहना की।

### विधायक रेवन्ना, प्रज्वल के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**बेंगलुरु।** विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दुष्कर्म मामले और उनके पिता एवं विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है। प्रज्वल के खिलाफ चार मामलों की जांच कर रही एसआईटी ने कहा कि 2,000 से अधिक पृष्ठों के आरोपपत्र में करीब 150 गवाहों के बयान दर्ज हैं।

# विज्ञान धारा योजना, बायो ई 3 नीति को दी मंजूरी

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन योजनाओं का एक में किया विलय

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की तीन व्यापक योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दे दी जिनका 'विज्ञान धारा' नामक एकीकृत केंद्रीय क्षेत्र योजना में विलय कर दिया गया है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 15वें वित्त आयोग की 2021-22 से 2025-26 की अवधि के दौरान विज्ञान धारा के लिए प्रस्तावित परिव्यय 10,579 करोड़ रुपये है। इस योजना के तीन व्यापक घटक हैं जिनमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थागत और मानव क्षमता निर्माण; अनुसंधान और विकास तथा नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास एवं तैनाती शामिल हैं।

मंत्रिमंडल ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उच्च प्रदर्शन जैव विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए बायो ई 3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति को भी मंजूरी दे दी। वैष्णव के अनुसार, बायो ई 3 नीति विषयगत क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास और उद्यमिता के लिए नवाचार-संचालित समर्थन की बात करती है। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह नीति सरकार की शुद्ध शून्य कार्बन अर्थव्यवस्था तथा 'पर्यावरण के लिए जीवन शैली' जैसी पहलों को और मजबूत करेगी एवं चक्रीय जैव-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देकर भारत को त्वरित हरित विकास के पथ पर आगे बढ़ाएगी।



संयुक्त सलाहकार मशीनरी के प्रतिनिधिमंडल से बात करते प्रधानमंत्री।

### मोदी ने कर्मचारी संगठनों से बात की, एकीकृत पेंशन योजना का दिया तोहफा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को केन्द्रीय कर्मचारियों के संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की, जिसमें कर्मचारियों के लिए नयी पेंशन योजना के विकल्प के तौर पर एकीकृत पेंशन योजना यूपीएस पर सहमति बनी। बैठक के बाद शिव गोपाल मिश्रा सचिव (स्टाफ साइड) नेशनल कौंसिल ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए प्रधानमंत्री मोदी और सरकार के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। मोदी ने एक्स पर कहा कि देश की प्रगति के लिए कठिन परिश्रम करने वाले सभी सरकारी कर्मचारियों पर हमें गर्व है।

### बायोमैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने को बायोई थ्री नीति

जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उच्च प्रदर्शन वाले बायोमैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए बायोई थ्री (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति' के प्रस्ताव को मंजूरी दी। बायोई थ्री नीति की मुख्य विशेषताओं में विषयगत क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास और उद्यमिता को नवाचार-संचालित समर्थन शामिल है। यह बायोमैन्युफैक्चरिंग और बायो-एआई हब और बायोफाउंड्री की स्थापना करके प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण में तेजी लाएगा। हरित विकास के पुनर्योजी जैव अर्थव्यवस्था मॉडल को प्राथमिकता देने के साथ-साथ, यह नीति भारत के कुशल कार्यबल के विस्तार की सुविधा प्रदान करेगी और रोजगार सृजन में वृद्धि प्रदान करेगी।

# आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाना न्याय नहीं बर्बरता

- उन्होंने मांग की- यह अमानवीयता और इसे बंद किया जाना चाहिए
- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे तथा प्रियंका गांधी ने की कार्रवाई की निंदा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपराध के बदले घर पर बुलडोजर चलाकर परिवार को छत विहीन करने को अन्याय और बर्बरता करार दिया। उन्होंने कहा है कि यह अमानवीयता और इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए।

प्रियंका गांधी ने कहा कि किसी अपराधी को सजा देने के लिए उसके घर पर बुलडोजर चलाने को न्याय नहीं कहा जा सकता है। किसी भी सभ्य समाज में अपराध के बदले आरोपी के परिवार को बुलडोजर से उनकी छत तोड़कर सजा नहीं दी जा सकती। यह न्याय नहीं अन्याय है और कानून की अवधारणा है इसलिए इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि किसी का घर तोड़ना और उसके परिवार को बेघर करना अमानवीय भी है और अन्यायपूर्ण भी। भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों को बार-बार निशाना बनाना परेशान करने वाला है। कानून के समाज में ऐसे कार्य स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने इसे अमानवीय कार्रवाई करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि कांग्रेस इसे संविधान की घोर अवहेलना तथा नागरिकों में भय पैदा करने की रणनीति मानती है और आरोपी के घर को तोड़ने के लिए बुलडोज़र के इस्तेमाल के लिए भाजपा सरकारों की कड़ी निंदा करती है।

### आरोपी को सजा देना अदालत का कार्य



प्रियंका गांधी ने कहा अगर कोई किसी अपराध का आरोपी है तो उसका अपराध और उसकी सजा सिर्फ अदालत तय कर सकती है, लेकिन आरोप लगते ही आरोपी के परिवार को सजा देना, उनके सिर से छत छीन लेना, कानून का पालन न करना, अदालत की अवहेलना करना, आरोप लगते ही आरोपी का घर ढहा देना- यह न्याय नहीं है। यह बर्बरता और अन्याय की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि कानून बनाने वाले, कानून के रखवाले और कानून तोड़ने वाले में फर्क होना चाहिए। सरकारें अपराधी की तरह व्यवहार नहीं कर सकतीं।

## छेड़छाड़ के आरोपी युवक को पुलिस ने मारी गोली, घायल

**तेजपुर।** असम के सोनितपुर जिले में शनिवार को दो लड़कियों से छेड़छाड़ के आरोपी को भागने की कोशिश करते समय पुलिस ने गोली मार दी गई, जिससे वह घायल हो गया।

सोनितपुर एएसपी मधुरिमा दास ने बताया कि घायल आरोपी को अन्य व्यक्ति के साथ गिरफ्तार किया गया था। दोनों ने शुक्रवार शाम दो लड़कियों से छेड़छाड़ की। लड़कियों के शोर मचाने पर आए लोगों ने दोनों को पकड़ लिया और महाभैरव थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। जांच के लिए घटनास्थल पर ले जाए जा रहे युवक ने पुलिसकर्मी से पिस्तौल छीनकर गोलियां चला दीं। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया।

# मुख्य आरोपी, छह अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट

- मुख्य आरोपी का जेल में तो पूर्व प्राचार्य समेत छह अन्य का सीबीआई कार्यालय में हुआ टेस्ट

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले के मुख्य आरोपी और छह अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट शनिवार को हुआ। पॉलीग्राफ में मशीन की मदद से व्यक्ति की शारीरिक क्रियाओं से पता लगाया जाता है कि वह सच बोल रहा है या झूठ।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरोपी संजय रॉय का पॉलीग्राफ उस जेल में ही हुआ जहां वह बंद है, जबकि पूर्व प्राचार्य संदीप घोष, घटना की रात ड्यूटी पर मौजूद चार चिकित्सकों और एक स्वयंसेवक समेत छह अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट सीबीआई के कोलकाता स्थित कार्यालय में हुआ। घोष नौवें दिन शनिवार सुबह सीबीआई कार्यालय जांच के लिए पहुंचे। जिनका पॉलीग्राफ हुआ, उनमें प्रथम वर्ष के दो स्नातकोत्तर प्रशिक्षु भी हैं, क्योंकि जांचकर्ताओं को अस्पताल के उस कक्ष में कथित तौर पर उनकी उंगलियों के निशान मिले हैं, जहां पीड़िता का शव था। दिल्ली के केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) से पहुंचे पॉलीग्राफ विशेषज्ञों ने सभी की जांच की। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि पुलिस ने दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले को दबाने का प्रयास किया था और जब तक संघीय एजेंसी को जांच दिया गया तब तक अपराध स्थल से छेड़छाड़ की जा चुकी थी।


### कोलकाता बलात्कार-हत्या मामला

#### रैली में छात्रों की भागीदारी पर स्कूलों से मांगा स्पष्टीकरण

**कोलकाता।** कोलकाता दुष्कर्म हत्या मामले के विरोध में आयोजित रैली में स्कूली घंटों के दौरान विद्यार्थियों की भागीदारी पर बंगाल के तीन शैक्षिक संस्थानों को कारण बताओ नोटिस जारी करके स्कूली शिक्षा विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है। हावड़ा के राज्य से सहायता प्राप्त तीन स्कूलों - बलुहाटी हाई स्कूल, बलुहाटी बालिका हाई स्कूल और बंट्रा राजलक्ष्मी बालिका स्कूल को कारण बताओ नोटिस दिया गया और 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया। अधिकारी ने कहा कि छात्रों के साथ कई शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने नियमों का उल्लंघन कर स्कूलों द्वारा निकाली संयुक्त रैली में भाग लिया था।

# 2026 तक नक्सल समस्या करेंगे खत्म

रायपुर, एजेंसी



- बोले- वे अपना रास्ता नहीं बदलते है तो होगा अंतिम प्रहार

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को नक्सलियों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि वे अपना रास्ता नहीं बदलते हैं तो अंतिम प्रहार होगा और हम देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे। शाह ने नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतर राज्यीय समन्वय समिति की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में यह चुनौती दी।

शाह ने कहा कि यदि वे रास्ता नहीं बदलते हैं तो अंतिम प्रहार होगा। छत्तीसगढ़ समेत देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे। वामपंथी उग्रवाद से लोग निरक्षर रह गए हैं उन्हें साक्षर बनाने के लिए राज्य और केंद्र सरकार पहल करेगी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की तर्ज पर एसआईए बनाएंगे। राज्य सरकार जल्द नई सरेंडर पॉलिसी की घोषणा करेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, पड़ोसी राज्यों का समन्वय जरूरी है। नक्सलवाद के खिलाफ रूथलेस रणनीति के साथ अंतिम प्रहार का वक्त आ गया है। वामपंथी उग्रवाद देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। चालीस सालों में 17 हजार लोगों की जान गई है।

### शाह की बैठक से पूर्व जमींदार की हत्या

**बीजापुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतर्राज्यीय समन्वय समिति की रायपुर में शनिवार को हुई बैठक की पूर्व संध्या पर नक्सलियों ने बीजापुर जिले में पुलिस मुखबीर होने के आरोप में जन अदालत लगा कर जमींदार की हत्या कर दी। नक्सलियों ने हत्या के बाद शव को गांव के पास फेंक दिया। गंगालूर एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी ली है। मामला गंगालूर थाना क्षेत्र का है। मृतक का नाम लांचा पुनेम है, जो पुसनार गांव का था। दो दिन पहले नक्सलियों ने उसे उठाया था।

## औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड और विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद की गई कार्रवाई

# 156 दवाइयों पर केंद्र सरकार ने लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी



- कई दवाएं एंटी बैक्टीरियल, एफडीसी के रूप में प्रचलित
- बुखार, जुकाम, एलर्जी और छोटे-मोटे दर्द में किए जाते हैं उपयोग

सरकार ने बुखार, जुकाम, एलर्जी और दर्द की 156 आम दवाओं को प्रतिबंधित कर दिया है। इनमें से कई दवाएं जीवाणुरोधी (एंटी बैक्टीरियल) हैं और इन्हें फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) दवाओं के रूप में भी जाना जाता है। सरकार के अनुसार ये दवाएं मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हैं। सरकार ने यह कार्रवाई औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड और विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद की है।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इन दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है।

एफडीसी दवाओं में दो या दो से अधिक तत्वों का निश्चित अनुपात में मिश्रण होता हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 12 अगस्त को जारी अधिसूचना के अनुसार एसेक्लोफेनाक 50 मिलीग्राम+पैरासिटामोल 125 मिलीग्राम टैबलेट पर प्रतिबंध लगाया गया है। ये सरदर्द या छोटे-मोटे दर्द में ली जाती है। दवाओं की सूची में मिफेनामिक एसिड+ पेरासिटामोल इंजेक्शन, सेटिरिजिन एचसीएल+ पेरासिटामोल+ फेनाइलफ्रिन एचसीएल, लेवोसिटिरिजिन+ फेनाइलफ्रिन एचसीएल+ पेरासिटामोल, पेरासिटामोल+ क्लोरफेनिरामाइन मेलेट+ फेनिल प्रोपैनोलामाइन और कैमिलोफिन डीहाइड्रोक्लोराइड 25 मिलीग्राम+ पेरासिटामोल 300 मिलीग्राम भी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने कार्रवाई करते हुए पेरासिटामोल, ट्रामाडोल, टॉरिन और कैफीन के मिश्रण पर भी रोक लगा दी है। ट्रामाडोल एक दर्द निवारक दवा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने पाया कि एफडीसी दवाओं का इस्तेमाल इंसानों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। जबकि सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं। विशेषज्ञ समिति और दवा तकनीकी सलाहकार बोर्ड ने इन दवाओं को असुरक्षित और अव्यावहारिक मानते हुए प्रतिबंध की सिफारिश की। पिछले साल जून में भी 14 एफडीसी पर प्रतिबंध लगाया गया था। सरकार ने 2016 में इन दवाओं पर प्रतिबंध लगाने का एलान किया था, जिसे कुछ दवा कंपियों ने अदालत में चुनौती दी थी। जून 2023 में भी 14 एफडीसी पर प्रतिबंध लगाया गया था। हाल ही में जो एफडीसी प्रतिबंधित किए गए हैं, उनमें से कई उन एफडीसी में शामिल हैं, जिन पर पहले भी प्रतिबंध लगाया गया था।

## कारोबार/कृषि

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| गेहूं दड़ा | 2625-2650 |
| आर.आर.21 | 2725-2750 |
| गेहूं फार्म | 2850-2900 |
| जौ | 2300 -2400 |
| ज्वार | 2000 -4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200 -2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| चना | 7300 -7400 |
| अरहर | 9000 -9500 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 3600 -3700 |
| उड़द हरा | 11000 -11500 |
| उड़दकाला | 8000 -9000 |
| मूंग | 8000 -8200 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 15400-15500 |
| अरहर स्पेशल | 12300-12400 |
| चना दाल | 9000-9100 |
| मटर दाल | 4550-4650 |
| मसूर मलका | 7000-7050 |
| मसूर दाल | 7200-7250 |
| उड़द दाल | 9000- 13300 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूंग दाल | 8100-9700 |
| मूंग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2800-4000 |
| बासमती न.1 | 10500 - 11000 |
| सेला | 3000-4000 |
| बासमती न.2. | 7000 -8000 |
| आटा | 1500-1600 |
| मैदा | 1600-1630 |
| सूजी | 1620-1650 |

### सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 87800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (10 ग्राम) | 73575 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54800-55000 |

# गुणवत्ता नियंत्रण आदेश सूक्ष्म, लघु-मझोले उद्योगों की मदद के लिए : उद्योग मंत्री

## घटिया आयातित माल के साथ प्रतिस्पर्धा से बचाकर क्षमता बढ़ाने में करेगा सहयोग

नई दिल्ली, एजेंसी



- बड़े उद्योगों की सफलता के पीछे हजारों छोटी इकाइयां

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) सही अर्थ में घरेलू सूक्ष्म, लघु और मझोले क्षेत्र (एमएसएमई) को घटिया आयातित माल के साथ प्रतिस्पर्धा से बचा कर तथा उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ा कर उनकी मदद के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि बड़े उद्योगों की सफलता के पीछे हजारों छोटी इकाइयों का योगदान महत्वपूर्ण है और उनके बिना उद्योग चल नहीं सकते।

गोयल राजधानी में 10वें भारत अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई स्टार्टअप एक्सपो और शिखर सम्मेलन-2024 को संबोधित कर रहे थे। क्यूसीओ के बारे में गोयल ने कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के माध्यम से सरकार एमएसएमई क्षेत्र की मदद कर रही है और उन्हें गुणवत्ता मानकों को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हम एमएसएमई को जरूरतों को पूरा करने के लिए समय दे रहे हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि गुणवत्ता आदेश से एमएसएमई को दो तरह से लाभ होगा, एक तो क्यूसीओ से लागत से कम मूल्य पर घटिया वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगेगा और देश की छोटी इकाइयां अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचेंगी। दूसरे जब एमएसएमई मानकों को पूरा करते हैं, तो वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं और लाभदायक बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं कि क्यूसी ने कई क्षेत्रों को कैसे लाभ पहुंचाया है। एमएसएमई को केवल एक छोटे उद्यम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, इसकी सोच छोटी या नकारात्मक नहीं होनी चाहिए क्योंकि एमएसएमई एक बड़ी ताकत हैं।

### एमएसएमई बुनियादी ढांचे के विकास को महत्वपूर्ण

गोयल ने कहा कि नवीन विचार और काम करने के नए तरीके एमएसएमई के उद्यमियों की पहचान हैं। बड़े उद्योगों के आसपास के पूरे परितंत्र में हजारों एमएसएमई शामिल हैं, जिनके बिना वे सफल नहीं हो सकते। एमएसएमई बड़े उद्योगों के आपूर्तिकर्ता और ग्राहक दोनों के रूप में कार्य करते हैं। वाणिज्य मंत्री ने बताया कि एमएसएमई देश के पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत के निर्यात में उनकी बड़ी हिस्सेदारी है। इस क्षेत्र का विकास देश के लिए महत्वपूर्ण है और सरकार के लिए फोकस क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि देश को भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने में सभी क्षेत्रों और सभी लोगों के योगदान की जरूरत है।

## अमेजन इंडिया ने त्योहारों से पहले बिक्री शुल्क 12% घटाया

**मुंबई।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने शनिवार को त्योहारी सत्र से पहले विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में बिक्री शुल्क में 12% तक की कटौती की घोषणा की। अमेजन इंडिया ने कहा कि नौ सितंबर से लागू होने वाली शुल्क कटौती से विक्रेताओं को मंच पर अपने उत्पाद खंड का विस्तार करने में मदद मिलेगी और वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

अमेजन इंडिया के सेलिंग पार्टनर सर्विसेज के निदेशक अमित नंदा ने कहा कि इन बदलावों के साथ अमेजन पर विक्रेताओं को विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में बिक्री शुल्क में तीन से 12% तक की कमी का लाभ मिलेगा। नए दर कार्ड से विशेष रूप से 500 रुपये से कम कीमत वाले उत्पाद बेचने वाले विक्रेताओं को लाभ होगा।

# 6जी पेटेंट में 10% हिस्सेदारी पाना दूरसंचार कंपनियों का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनियों ने अनुसंधान को जरूरतों के अनुरूप बनाने का दिया प्रस्ताव
- दूरसंचार मंत्री सिंधिया की अध्यक्षता में एसएसी की हुई बैठक

भारतीय दूरसंचार कंपनियां अगले तीन वर्षों में सभी 6जी पेटेंट में 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी हासिल करने और वैश्विक मानकों में छठे हिस्से का योगदान करने का लक्ष्य बना रही है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

दूरसंचार कंपनियों ने अनुसंधान को भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाने और जीवंत मानक समुदाय स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। यह प्रस्ताव शुक्रवार को केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) पर हितधारक सलाहकार समिति (एसएसी) की दूसरी बैठक के दौरान सामने आया। बयान में कहा गया कि उद्योग के प्रमुख लोगों ने अनुसंधान को व्यवस्थित रूप से भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाने और एक जीवंत मानक समुदाय स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मानकों और बौद्धिक संपदा तथा मानक आवश्यक पेटेंट (एसईपी) में भारत की हिस्सेदारी, दूरसंचार में संपर्क अंतराल और दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता पर विचार-विमर्श किया गया। बभारत ने पहले ही भारत 6जी विजन और भारत 6जी अलायंस, पेटेंट और आईपीआर समर्थन ढांचे, टेस्टबेड की कमीशनिंग जैसी कई पहल की हैं और देश सभी 6जी पेटेंट का 10% और वैश्विक मानकों में छठा योगदान करने की आकांक्षा रख सकता है।

# कोयला खान सुरक्षा रिपोर्ट पोर्टल के विकास में प्रगति की समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी



- पोर्टल में दो प्रमुख मॉड्यूल- दुर्घटना और सुरक्षा ऑडिट

कोयला मंत्रालय ने खानों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए विकसित किए जा रहे कोयला खान सुरक्षा रिपोर्ट पोर्टल के विकास कार्य में प्रगति की समीक्षा की है। इस पोर्टल में दो प्रमुख मॉड्यूल- दुर्घटना मॉड्यूल और सुरक्षा ऑडिट मॉड्यूल दिखाए गए हैं।

दुर्घटना मॉड्यूल 24 घंटे में रिपोर्टिंग और दुर्घटनाओं के कुशल प्रबंधन को सक्षम करेगा, जिससे त्वरित प्रतिक्रिया और गहन विश्लेषण होगा। दूसरा मॉड्यूल ऑडिटिंग प्रक्रिया का विस्तार करेगा ताकि कोयला खनन क्षेत्र में सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत किया जा सके। मंत्रालय की शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि इन उन्नत मॉड्यूल को एकीकृत करके, महत्वपूर्ण सुरक्षा चुनौतियों का समाधान किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा प्रबंधन के लिए नए मानकों का निर्माण हो रहा है। कोयला कंपनियों की सुरक्षा स्थिति का आकलन करने को मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा ने पोर्टल के विकास की समीक्षा की। बैठक में कोल इंडिया के अध्यक्ष और सहायक कंपनियों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आदि शामिल हुए।

## वाणिज्य मंच की तेज वृद्धि से एफएमसीजी वितरक चिंतित

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद (एफएमसीजी) के वितरकों ने त्वरित वाणिज्य मंच की तेज और अनियमित वृद्धि पर चिंता जताई है और कहा है कि इसकी तत्काल जांच की आवश्यकता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में एफएमसीजी वितरकों के संगठन एआईसीपीडीएफ ने कहा कि वाणिज्य मंचों का अनियंत्रित विस्तार एक असमान खेल का मैदान बना रहा है, जिससे लाखों छोटे खुदरा विक्रेताओं और वितरकों की आजीविका को खतरा है, जो दशकों से भारत के खुदरा क्षेत्र की रीढ़ रहे हैं।

# मर्सिडीज-बेंज इंडिया पर पर्यावरण मानकों की अनदेखी का आरोप

मुंबई, एजेंसी



- महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने की पुणे विनिर्माण संयंत्र की समीक्षा की मांग

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) ने शनिवार को लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज इंडिया पर पुणे विनिर्माण संयंत्र में पर्यावरण मानकों का पालन न करने का आरोप लगाया है। एमपीसीबी ने साथ ही संयंत्र के संचालन की व्यापक समीक्षा की मांग की है।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने कहा कि उसे एमपीसीबी से उल्लंघनों के बारे में कोई लिखित नोटिस या अनुरोध नहीं मिला है और यदि जरूरी हुआ तो वह कोई भी सुधारात्मक कार्रवाई करने को तैयार है। एमपीसीबी ने कहा था कि संयंत्र के निरीक्षण के दौरान उसे दिशानिर्देशों के कथित उल्लंघन का पता चला। बोर्ड ने कहा, 23 अगस्त को किए नियमित निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पुणे के चाकन में मर्सिडीज बेंज विनिर्माण संयंत्र में बोर्ड के प्रदूषण नियंत्रण दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। बोर्ड ने क्षेत्रीय अधिकारी को यह सुनिश्चित कर कार्रवाई को कहा कि मर्सिडीज बेंज विनिर्माण संयंत्र एमपीसीबी के सभी निर्देशों का पालन करे। एमपीसीबी ने कहा, इसमें संयंत्र के संचालन की समीक्षा और सुधारात्मक उपायों को लागू करना शामिल होगा।

## कारोबारी रहस्यों को लेकर इन्फोसिस के खिलाफ मुकदमा

**नई दिल्ली।** प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी कॉग्निजेंट की अनुषंगी कंपनी ट्राइजेटो ने अमेरिकी संघीय अदालत में इन्फोसिस के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

ट्राइजेटो ने बेंगलुरू स्थित कंपनी पर कारोबारी रहस्य और स्वास्थ्य बीमा सॉफ्टवेयर से संबंधित जानकारी चुराने का आरोप लगाया है। हालांकि, इन्फोसिस ने बयान जारी कर सभी आरोपों को खारिज किया है। कंपनी ने कहा कि उसे मुकदमे की जानकारी है और वह अदालत में पक्ष रखेगी।

## खेल डायरी

### यूपीसीए के निदेशक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के निदेशक और गर्वनिंग काउंसिल के चेयरमैन डीएस चौहान ने शनिवार को यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि रविवार को इकाना स्टेडियम पर शुरु होने वाली यूपी टी-20 लीग से पहले चौहान ने मुख्यमंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट की और उन्हें टी-20 लीग के आयोजन के सिलसिले में विस्तृत जानकारी दी। योगी ने चौहान को यूपी टी-20 लीग के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी और सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि चौहान उत्तर प्रदेश के पुलिस मुखिया का पदभार संभाल चुके हैं और यूपी टी-20 लीग के पहले संस्करण से ही यूपीसीए से जुड़े हुए हैं। यूपी टी-20 लीग का औपचारिक उदघाटन रविवार दोपहर अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर होगा।

### सारा-विशाल ने जीता मिश्रित युगल ओपन

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष रैंकिंग की महिला खिलाड़ी सारा बर ने विशाल मसंद के साथ मिलकर यहां मॉनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप 2.0 का मिश्रित युगल ओपन खिताब जीता। फाइनल कड़ी टक्कर वाला मुकाबला रहा जिसमें ईशा लखानी और जेसन टेलर ने दबदबा बनाया लेकिन अनुभवी खिलाड़ी सारा शुक्रवार रात को नतीजे में निर्णायक रहीं जिन्होंने 2-0 से जीत दर्ज की। चैंपियनशिप के चौथे दिन छह वर्गों में विजेता रहे।

### संधू संयुक्त छठे और जोशी संयुक्त 14वें स्थान पर

**जकार्ता।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू और खालिन जोशी यहां बीएनआइ सिपुत्रा गोल्फप्रेन्यूर टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन से शीर्ष 15 में शामिल रहे। संधू (68-72-65-70) ने अंतिम तीन होल में बर्डी लगायी जिससे वह संयुक्त छठे स्थान पर रहे। वहीं जोशी दूसरे से पांचवें होल में पांच शॉट ड्राप कर बैठे, उन्होंने 12वें से 18वें होल के बीच पांच बर्डी लगाकर 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 14वें स्थान पर रहे। राहिल गगंजी (69-70-73-69) और सुनहित बिश्नोई (72-70-70-69) संयुक्त 28वें जबकि अमन राज (71-71-73-74) संयुक्त 50वें स्थान पर रहे।

### एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में एशियाड के लिए भारत ने पहला कोटा किया हासिल

**माले (मालदीव)।** भारतीय सर्फिंग टीम ने यहां चल रही एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के जरिये जापान के एची नागोया में होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए पहली बार कोटा हासिल किया जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमों ने क्वालीफाई कर लिया। एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में भारत के सर्फरों द्वारा हासिल किए गए कुल रैंकिंग अंक के आधार पर देश को कोटा प्रदान किया गया। एशियाई खेलों में दोनों वर्गों में कौन खिलाड़ी हिस्सा लेगा इसका फैसला भारतीय सर्फिंग महासंघ द्वारा बाद में लिया जायेगा। किशोर कुमार शनिवार को अंडर-18 लड़कों के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद कड़ी स्पर्धा में करीब से चूक गए, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में उनका शानदार प्रदर्शन भारत को एशियाई खेलों का कोटा दिलाने के लिए काफी था। किशोर सेमीफाइनल की दूसरी हीट में 8.26 के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे। इससे वह चीन के चेंगझेंग वांग से पीछे रहे जिन्होंने 10.00 के स्कोर से दूसरा स्थान और जापान के तारो तकाई ने 14.50 के स्कोर से पहला स्थान हासिल किया। एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप एशियाई खेलों की क्वालीफायर प्रतियोगिता है जिसमें आठ भारतीय सर्फर ने चार वर्गों में हिस्सा लिया। हरीश मुथु भी एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने, उन्होंने भी प्रभावित किया। भारतीय सर्फिंग महासंघ के अध्यक्ष अरुण वासु ने कहा यह ऐतिहासिक दिन देखना बहुत खुशी की बात है जब भारतीय सर्फिंग ने आगामी एशियाई खेलों के लिए कोटा हासिल किया है। यह उपलब्धि हमारे सर्फर, कोच और महासंघ की वर्षों की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम ओलंपिक में भी प्रतिस्पर्धा करते हुए देखेंगे।

## शिखर धवन ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास, 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था पहला वनडे

# क्रिकेट मैदान पर अब नहीं दिखेंगे गब्बर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। दो साल पहले देश के लिए अपना अंतिम मैच खेलने वाले इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा कि वह तीनों प्रारूपों में देश का प्रतिनिधित्व करने के बाद एक संतुष्ट इंसान के तौर पर इस खेल को अलविदा कह रहे हैं।

इस 38 साल के खिलाड़ी ने 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम में एकदिवसीय मैच के साथ अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को शुरू किया था। उन्होंने देश के लिए अपना आखिरी मैच 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला। धवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा मैं अपनी क्रिकेट यात्रा का यह अध्याय समाप्त कर रहा हूं लेकिन मेरे साथ अनगिनत यादें हैं और मैं बहुत आभारी हूं। प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। जय हिंद। उन्होंने इस पोस्ट के जारी वीडियो में कहा नमस्कार सभी को, आज मैं एक ऐसे मोड़ पर खड़ा हूं जहां से पीछे देखने पर सिर्फ यादें ही नजर आती हैं और आगे देखने पर पूरी दुनिया। मेरी हमेशा से सिर्फ एक ही मंजिल थी भारत के लिए खेलना और वो हुआ भी जिसके लिए मैं कई लोगों का शुक्रगुजार हूं।

उन्होंने कहा वो कहते हैं ना कहानी में आगे बढ़ने के लिए पन्ने पलटना जरूरी है, बस मैं भी ऐसा ही करने जा रहा हूं। मैं अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और अब जब मैं अपनी क्रिकेट यात्रा को अलविदा कर रहा हूं तो मेरे दिल में सुकून है कि मैं अपने देश के लिए बहुत खेला। मैं बहुत शुक्रगुजार हूं, बीसीसीआई और डीडीसीए का, जिन्होंने मुझे मौका दिया और सारे प्रशंसकों का जिन्होंने मुझे इतना प्यार दिया। धवन ने अंतर्राष्ट्रीय करियर की यादगार शुरुआत नहीं की और दो गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए थे। धवन ने शुरुआती संघर्षों के बाद, 2013 में भारतीय टीम में वापसी की और इंग्लैंड में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के विजयी अभियान में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने सहित कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के साथ तीनों प्रारूपों की टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। उनके शानदार करियर का एक मुख्य आकर्षण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट पदार्पण पर मोहाली में खेली गयी 185 रन की शानदार पारी थी, जिसमें उन्होंने केवल 85 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था। धवन उन लोगों को धन्यवाद देना नहीं भूले जिन्होंने भारतीय बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर रोहित के साथ साझेदारी करके उन्हें महान खिलाड़ी बनने में मदद की। उन्होंने कहा मेरे मन में हमेशा एक लक्ष्य था कि भारत के लिए खेलना और मैंने इसे कई लोगों की बदौलत हासिल किया।

### धवन के नाम हैं क्रिकेट इतिहास के कई कारनामे

| | | |
|---|---|---|
| **2013** चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन | **2013** चैंपियंस ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट | **2014** एशिया कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन |
| **2015** विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए | **2017** चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन | **2018** निदहा ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन |

- सभी एसईएनए देशों में वनडे शतक बनाने वाले एकमात्र भारतीय ओपनर रहे हैं शिखर धवन, आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा एवरेज



**2018** एशिया कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन

**2018** एशिया कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने

**2004** अंडर-19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

**2013** चैंपियंस ट्रॉफी विजेता

### क्रिकेट जगत के दिग्गजों ने कहा- शुक्रिया शिखर...

**नई दिल्ली।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की जिसके बाद क्रिकेट जगत ने उनके सकारात्मक रवैये और टीम भावना की सराहना की जबकि भावुक प्रशंसकों को उनके मैदान पर जश्न मनाने के अनोखे तरीके की कमी खलेगी। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और सौरव गांगुली के युग के बाद शीर्ष क्रम टीम को शानदार योगदान देने वाले धवन ने देश के लिए अपना आखिरी एकदिवसीय मैच दो साल पहले खेला था।

> बधाई हो शिखर। जब से आपने मोहाली में मेरी जगह ली, आपने पीछे मुड़कर नहीं देखा और पिछले कुछ वर्षों में कुछ शानदार प्रदर्शन किए। आप मौज-मस्ती करते रहें और जिंदगी को पूरी तरह से जिएं। आपको हमेशा के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
> **वीरेंद्र सहवाग**, पूर्व भारतीय क्रिकेटर

> शानदार करियर के लिए बधाई शिखर। मुझे पता है कि आप भविष्य में जो कुछ भी करेंगे उसके जरिए वही खुशी फैलाएंगे।
> **गौतम गंभीर**, मुख्य कोच, भारतीय टीम

> आपके लिए सिर्फ शुभकामनाएं शिखर पा। शानदार करियर के लिए बधाई।
> **हार्दिक पंड्या**, ऑलरांडर

> बधाई हो शिखर पा। भविष्य में आपके साथ जो भी हो उसके लिए शुभकामनाएं।
> **श्रेयस अय्यर**, बल्लेबाज

> शानदार करियर के लिए बधाई, शिखर, आपको अगले अध्याय के लिए शुभकामनाएं।
> **अनिल कुंबले**, पूर्व महान स्पिनर

> शानदार करियर के लिए शिखर को बहुत-बहुत बधाई। मुझे शिखर के बारे में जो बात सबसे अच्छी लगी, वह यह थी कि वह एक शानदार क्रिकेटर है, इसके अलावा वह एक ऐसे व्यक्ति है जो हमेशा मिलनसार रहे हैं और हर स्थिति में सकारात्मक चीजों को देखते थे। आपको आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं।
> **वीवीएस लक्ष्मण**, प्रमुख, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी

> शिखर धवन अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले रहे हैं, हम उन्हें आगे के लिए शुभकामनाएं देते हैं।
> **भारतीय क्रिकेट बोर्ड**

> कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, बेहतरीन क्रिकेट कौशल और महान इंसान के तौर पर हमेशा याद करेंगे। आप भविष्य में जो भी करेंगे, उसके लिए शुभकामनाएं।
> **सईद अनवर**, पूर्व बल्लेबाज, पाकिस्तान

### शिखर धवन का अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड

| प्रारूप | मैच | रन | औसत | शतक | अर्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|
| टी-20 | 68 | 1,759 | 27.92 | 00 | 11 |
| वनडे | 167 | 6,793 | 44.11 | 17 | 39 |
| टेस्ट | 34 | 2,315 | 40.61 | 07 | 05 |
| आईपीएल | 222 | 6,769 | 35.26 | 02 | 51 |

### धवन ने करियर में हासिल किए कई मुकाम

धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी-20 मैच खेले हैं। धवन का क्रिकेट सोनेट क्लब में परवान चढ़ा और पश्चिम दिल्ली के इस खिलाड़ी को मैदान पर हर परिस्थिति में संघर्ष करने वाले क्रिकेट के तौर पर जाना जाता है। धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भाग लिया, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में खराब फॉर्म और यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल जैसी युवा सलामी बल्लेबाजों के उभरने के कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 44.11 की औसत से 6,793 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 40.61 की औसत और सात शतक की मदद से 2,315 रन बनाए। धवन आईपीएल के महान खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने इस लीग में 222 मैचों में 6769 रन बनाए। इसमें दो शतक और 51 अर्धशतक शामिल हैं। टूर्नामेंट में उनके 768 चौके किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक हैं। वह इसमें लगातार दो मैचों में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। वह 2016 सत्र में खिताब जीतने वाली सनराइजर्स हैदराबाद टीम का हिस्सा थे। वह दिल्ली, मुंबई और पंजाब की फ्रेंचाइजी टीमें लिए भी खेल चुके हैं। इनमें से उन्होंने अपने करियर के विभिन्न चरणों में दिल्ली और पंजाब की फ्रेंचाइजी कप्तानी भी की है। वह पिछले सत्र में पंजाब किंग्स टीम का हिस्सा थे लेकिन फिटनेस समस्याओं के कारण केवल पांच मैच ही खेल पाए।

# निशानेबाजी दल पेरिस रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

पैरालंपिक



- 10 सदस्यीय निशानेबाजी दल 30 अगस्त को पेरिस में पेश करेगें चुनौती

पिस्टल निशानेबाज मनीष नरवाल ने आगामी पेरिस खेलों में भारतीय निशानेबाजी दल के तोक्यो पैरालंपिक में पदक तालिका को पार करने पर भरोसा जताते हुए शनिवार को कहा कि कड़े अभ्यास के बाद टीम अच्छी स्थिति में है राइफल निशानेबाज अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल और नरवाल सहित 10 सदस्यीय निशानेबाजी दल 30 अगस्त से पेरिस के पास शेटराउ में आयोजित होने वाले निशानेबाजी स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेगी।

भारत ने तोक्यो पैरालंपिक में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते थे। तोक्यो में 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) में स्वर्ण पदक जीतने वाले नरवाल ने शनिवार को टीम के रवाना होने से पहले कहा हमारी तैयारियां अच्छी हैं और हम पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। हमारा लक्ष्य अपने पिछले प्रदर्शन को पार करना और अधिक पदक घर लाना है। नरवाल पेरिस खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नरवाल, अवनी और मोना के अलावा टीम के अन्य सदस्य अमीर अहमद भट, रुद्रांश खंडेलवाल, रुबीना फ्रांसिस, स्वरुप उनहालकर, सिद्धार्थ बाबू, श्रीहर्ष देवराड़ी और निहाल सिंह है।

इन खेलों में भारत को पदक की सबसे ज्यादा उम्मीद अवनी से होगी। जो पिछले खेलों में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनी थी। जयपुर की इस निशानेबाज ने तोक्यो पैरालंपिक में 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (एसएच1) में स्वर्ण पदक अपने नाम किये थे। भारतीय पैरालंपिक समिति को इन खेलों से 25 से अधिक पदक की उम्मीद है। भारत के समग्र प्रदर्शन में निशानेबाजी का बड़ा योगदान होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत महिला ए टीम हार के कगार पर

गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी

- 289 रन का पीछा करते हुए भारत ने 149 रन पर गंवाए छह विकेट, 140 रनों की है जरूरत

ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम की स्पिनरों ने अनौपचारिक टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां भारत की दूसरी पारी में शिकंजा कस दिया जिससे टीम पर हार का खतरा मंडरा रहा है। जीत के लिए 289 रन का पीछा करते हुए भारत ने महज 149 रन तक छह विकेट गंवा दिये है। चार्ली नॉट (27 रन पर दो विकेट), ग्रेस पार्सन्स (27 रन देकर दो विकेट) और लिली मिल्स (15 रन पर एक विकेट) ने तिकड़ी ने 21 ओवर में 42 रन के अंदर पांच विकेट चटकाकर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया।

स्टंप्स के समय रघवी बिष्ट (नाबाद 16) के साथ उमा छेत्री (नाबाद 10) क्रीज पर मौजूद थी। भारत ए को जीत के लिए अब भी 140 रन की जरूरत है और उसके चार विकेट बचे हुए हैं। इससे पहले मैडी डार्के के नाबाद 105 रन बूते ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में खराब शुरुआत से उबरते हुए 260 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ए ने दिन की शुरुआत सात विकेट पर 164 रन पर की। डार्के ने एक छोर संभालते हुए पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। ग्रेस पियरसन (35) के साथ नौवें विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की।

# एमएलएस प्लेऑफ से पहले इंटर मियामी से जुड़ सकते हैं मेस्सी

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी ने इस हफ्ते मैदान पर व्यक्तिगत ट्रेनिंग शुरू कर दी है और वह एमएलएस के नियमित सत्र के खत्म होने से पहले इंटर मियामी में शामिल हो सकते हैं। मियामी के कोच गेरार्डो टाटा मार्टिनो ने यह जानकारी दी।

अर्जेंटीना की 14 जुलाई को कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर जीत के बाद से 37 वर्षीय मेस्सी दायें टखने की चोट के कारण बाहर हैं। वह इस मैच के दूसरे हाफ में गिर गए थे। मेस्सी शनिवार को इंटर मियामी और एफसी सिनसिनाटी के बीच मुकाबले में नहीं खेलेंगे। उन्हें सितंबर के दो विश्व



कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम से भी बाहर रखा गया है। वह एक जुलाई से इंटर मियामी के लिए नहीं खेले हैं लेकिन कोच मार्टिनो ने कहा कि मेस्सी की वापसी का कोई समय नहीं बताया जा सकता लेकिन अक्टूबर के अंत में शुरू होने वाले एमएलएस प्लेऑफ से पहले हो सकता है।

### इंडोनेशिया की चुनौती के लिए जुटी भारतीय टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष अंडर-17 फुटबॉल टीम रविवार और अगले मंगलवार को बाली में इंडोनेशिया के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलने के लिए तैयारी में जुटी है। शुक्रवार की रात को टीम ने स्थानीय टीम बाली यूनाइटेड एफसी अंडर-20 के खिलाफ अभ्यास मैच खेला जो 2-2 से ड्रा रहा। कोच इश्फाक अहमद की भारतीय अंडर-17 टीम अगले महीने भूटान में होने वाली सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप और उसके बाद अक्टूबर में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी में जुटी है।

## बॉलीवुड हलचल



### हाउसफुल 5 में जैकलीन की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नाडीस आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड के जानेमाने निर्माता साजिद नाडियाडवाला अपनी सुपरहिट फिल्म हाउसफुल का पांचवा संस्करण बना रहे रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका होगी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख और संजय दत्त समेत कई सितारे नजर आयेंगे।कहा जा रहा है कि मेकर्स ने एक फीमेल लीड को फाइनल कर लिया है। कहा जा रहा है कि हाउसफुल 5 में जैकलीन फर्नांडीज नजर आ सकती हैं। हाउसफुल 5 में जैकलीन की जोड़ी अक्षय कुमार के साथ नजर आ सकती है।जैकलीन हाउसफुल फ्रेंचाइजी में वापसी के लिए उत्साहित हैं। साजिद नाडियाडवाला फिल्म हाउसफुल 5 के लिये अन्य लीड अभिनेत्रियों की तलाश कर रहे हैं। हाउसफुल 5, जून माह में 6 को रिलीज होगी।

### नवाजुद्दीन की हॉरर थ्रिलर अद्भुत का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हॉरर थ्रिलर फिल्म अद्भुत का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साबिर खान निर्देशित फिल्म अद्भुत में नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी, डायना पेंटी, श्रेया धनवंतरी और रोहन मेहरा मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म अद्भुत में एक जासूस के किरदार में नजर आएंगे जो एक अजीबोगरीब केस सुलझाता दिखेगा। अद्भुत का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत रोहन और श्रेया के किरदारों से होती है, जो कहीं वीरान जगह पर जंगल के बीच आलीशान घर में वेकेशन मना रहे हैं लेकिन वहां श्रेया के साथ अजीबोगरीब घटनाएं शुरु हो जाती हैं। जांच के लिए जासूस नवाज को बुलाया जाता है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म अद्भुत का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, सच विश्वास से परे है। फिल्म 15 सितंबर को सोनी मैक्स पर रिलीज होगी।

### अब 23 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म बार्डर 2

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो सनी देओल की आने वाली फिल्म बार्डर 2, 23 अगस्त 2026 को रिलीज होगी। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। करीब 27 साल बाद बॉर्डर का सीक्वल बनाया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल और वरुण धवन की मुख्य भूमिका होगी। सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर बॉर्डर 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। पोस्ट मे लिखा गया है, बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं,वहीं इस फिल्म को जेपी दत्ता, निधि दत्ता,भूषण कुमार और किशन कुमार प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# पॉजिटिव आने पर सिनर ने दो सदस्यों को निकाला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

टेनिस के शीर्ष खिलाड़ियों में शुमार यानिक सिनर ने मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल के पॉजिटिव पाये जाने के बाद अपने फिटनेस ट्रेनर और फिजियोथेरेपिस्ट को अपनी टीम से निकाल दिया। अमेरिकी ओपन से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में सिनर ने शुक्रवार को इस मामले में अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में कहा कि वह जानते हैं कि वह निर्दोष हैं लेकिन मामले के परिणाम के लिए चिंतित हैं। हालांकि उन्हें पता चल गया है कि उन्हें निलंबित नहीं किया जाएगा।

सिनर के फिटनेस ट्रेनर उम्बर्टो फेरारा और फिजिये जियाकोमो नाल्डी पिछले दो साल से इटली के इस खिलाड़ी की टीम में शामिल थे। इस दौरान सिनर जून में एटीपी रैंकिंग में पहली बार शीर्ष पायदान पर पहुंचे थे। इटली के इस 23 साल के खिलाड़ी ने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। सिनर ने कहा मैं अब इनका साथ जारी नहीं रखना चाहता। निश्चित रूप से यह मेरे और मेरी टीम के लिए काफी मुश्किल समय रहा है। यह अब भी मुश्किल है लेकिन इन दोनों को हटाने के बाद थोड़ा तरोताजा महसूस कर रहा हूं। अमेरिकी ओपन सोमवार से फ्लशिंग मिडोज में शुरू होगा। सिनर को शीर्ष वरीयता मिली है और वह पहले दौर में मंगलवार को अमेरिका के मैकी मैकडोनाल्ड से भिड़ेंगे। सिनर ने कहा ग्रैंडस्लैम से पहले यह बिलकुल भी आदर्श नहीं है, पर मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है।




### नोस्कोवा-सुन मॉन्टेरी ओपन फाइनल में

**मॉन्टेरी (मैक्सिको)।** चेक गणराज्य की छठी वरीय लिंडा नोस्कोवा ने शुक्रवार रात अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 7-6(7), 7-5 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अब 19 वर्षीय नोस्कोवा का सामना न्यूजीलैंड की लुलु सुन से होगा। दोनों खिलाड़ी अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगी। सुन ने पहले सेमीफाइनल में रूस की इकैटरीना एलेक्सांद्रोवा को 7-5, 3-6, 7-6(6) से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते सुन ने सिनसिनाटी ओपन में नोस्कोवा को राउंड 64 में 6-4, 7-6(4) से पराजित किया था।



मुकाबले के दौरान शॉट खेलतीं लिंडा नोस्कोवा। ● एजेंसी


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# हिंदू पलायन नहीं कर रहे, वे बांग्लादेश में रहकर लड़ रहे

सिलचर, एजेंसी

- असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा का दावा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शनिवार को दावा किया कि पड़ोसी बांग्लादेश में व्याप्त अस्थिरता के बावजूद वहां के हिंदुओं ने भारत में प्रवेश करने की कोशिश नहीं की है। सरमा ने यहां कहा कि हिंदू बांग्लादेश में रह रहे हैं और लड़ रहे हैं। पिछले एक महीने में, एक भी हिंदू को भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते नहीं पकड़ा गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि पड़ोसी देश के मुसलमान भारत के कपड़ा क्षेत्र में रोजगार तलाशने के लिए घुसपैठ करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले एक महीने में 35 मुस्लिम घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है... वे प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जो लोग आ रहे हैं वे असम के लिए नहीं, बल्कि कपड़ा उद्योग में काम करने के लिए बेंगलुरु, तमिलनाडु, कोयंबटूर जाने के लिए आ रहे हैं। हमने उन्हें वापस खदेड़ दिया।

सरमा ने कहा कि त्रिपुरा के रास्ते घुसने की कोशिश कर रहे घुसपैठिए असम के करीमगंज से ट्रेन से यात्रा करते हैं और दक्षिण भारतीय शहरों में पहुंच जाते हैं। सरमा ने कहा कि अगर हिंदू आना चाहते तो वे विभाजन के समय ही आ जाते। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे बांग्लादेश को अपनी मातृभूमि मानते हैं, इसलिए वे नहीं आए। हमें उनका सम्मान करना चाहिए।

# पॉलीग्राफ टेस्ट : सच और झूठ का पता लगाने का परीक्षण

पॉलीग्राफ टेस्ट, सामान्य भाषा में इसे लाई डिटेक्टर टेस्ट के रूप में भी जाना जाता है। इसमें कुछ मशीनों का प्रयोग किया जाता है जिसके जरिए अपराधी या आरोपी का झूठ पकड़ा जाता है। यह एक ऐसा परीक्षण है जो एक व्यक्ति की सच्चाई या झूठ का पता लगाने के लिए शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापता है। पॉलीग्राफ मशीन को आरोपी के शरीर के साथ अटैच किया जाता है और इसके सेंसर्स से आ रहे सिग्नल को एक मूविंग पेपर (ग्राफ) पर रिकॉर्ड किया जाता है। कोलकाता में महिला डॉक्टर्स से दुष्कर्म और हत्या के मामले में जांच एजेंसी ने सात आरोपियों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया है। आइए जानते हैं इस परीक्षण की प्रक्रिया और आपराधिक घटनाओं के खुलासे में कितना कारगर साबित होता है।

## यह है परीक्षण की प्रक्रिया

- **पूर्व-साक्षात्कार :** परीक्षक प्रतिभागी के साथ एक पूर्व-साक्षात्कार करता है, जिसमें प्रक्रिया की व्याख्या की जाती है और प्रश्न पूछे जाते हैं।
- **सेंसर लगाना :** प्रतिभागी के शरीर पर सेंसर लगाए जाते हैं, जो हृदय गति, रक्तचाप, सांस लेने की दर आदि गतिविधियों को रिकॉर्ड करते हैं।
- **प्रासंगिक प्रश्न :** परीक्षक प्रासंगिक प्रश्न पूछता है, जो जांच के विषय से संबंधित होते हैं, जैसे कि क्या आपने अपराध किया है?
- **नियंत्रण प्रश्न :** परीक्षक नियंत्रण प्रश्न पूछता है, जो सच या झूठ के जवाब के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं, जैसे कि आपका नाम क्या है?
- **डेटा विश्लेषण :** परीक्षक प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण करता है, झूठे बयानों से जुड़े किसी भी असामान्य पैटर्न की तलाश करता है।
- **परिणाम :** परीक्षक परिणामों की व्याख्या करता है, जो तीन श्रेणियों में आते हैं : सच्चा, झूठा, या अस्पष्ट।



## सकारात्मक पक्ष

झूठे बयानों का पता लगाने में मदद कर सकता है, जांच में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर सकता है, आरोपी की सच्चाई की प्रतिक्रिया को उजागर कर सकता है।

## नकारात्मक पक्ष

पॉलीग्राफ टेस्ट के परिणाम हमेशा सटीक नहीं होते हैं, कुछ मामलों में झूठे परिणाम आ सकते हैं, प्रतिभागी की मानसिक स्थिति प्रभावित कर सकती है, परीक्षक की प्रशिक्षण और अनुभव की कमी प्रभावित कर सकती है।

## सुलझने वाले कुछ प्रमुख मामले

- **2002 में नार्सिम्हा मूर्ति मामला :** नार्सिम्हा मूर्ति पर अपने सहयोगी की हत्या का आरोप लगाया गया था। पॉलीग्राफ टेस्ट में सच्चाई की प्रतिक्रिया ने रिहाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **2004 में प्रियदर्शिनी मट्टू मामला :** प्रियदर्शिनी मट्टू की हत्या के मामले में पॉलीग्राफ टेस्ट ने आरोपी की दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **2008 में अरुणा शानबाग मामला :** अरुणा शानबाग की हत्या के मामले में पॉलीग्राफ टेस्ट ने आरोपी की दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **2010 में श्रीनिवासन का मामला :** श्रीनिवासन पर अपनी पत्नी की हत्या का आरोप लगाया गया था। पॉलीग्राफ टेस्ट में उनकी झूठ की प्रतिक्रिया ने उनकी दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **2017 में रायन इंटरनेशनल स्कूल मामला :** प्रद्युम्न ठाकुर की हत्या के मामले में पॉलीग्राफ टेस्ट ने आरोपी की दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विश्वसनीयता पर उठते हैं सवाल

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पॉलीग्राफ परीक्षण वैज्ञानिक समुदाय में विवादास्पद हैं और उनकी विश्वसनीयता और सटीकता पर सवाल उठाए गए हैं। भारत सहित कई देशों में उनके परिणामों को अदालत में स्वीकार नहीं किया जाता है लेकिन जांच में मदद करने के लिए इनका उपयोग किया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रीय शोध परिषद के अनुसार, टेस्ट की सटीकता लगभग 80-90% है, लेकिन यह आंकड़ा विवादास्पद है।

## एक नजर

### स्टार्टअप ने प्रक्षेपित किया पहला पुनः प्रयोज्य रॉकेट

**चेन्नई।** तमिलनाडु स्थित स्टार्टअप 'स्पेस जोन इंडिया' ने शनिवार को अपना पहला पुनः प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट, मिशन आरएचयूएमआई-2024 सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया, जिसपर ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन पर शोध करने के लिए एक मोबाइल प्लेटफॉर्म लगाया गया है। स्पेस जोन इंडिया पिछले दो वर्षों से मिशन आरएचयूएमआई के तहत विभिन्न परियोजनाओं का संचालन कर रहा है। चेन्नई के पास 'ईस्ट कोस्ट रोड' पर तिरुविदंतई में सुबह 7.25 बजे प्रक्षेपित किया गया आरएचयूएमआई रॉकेट एक जेनेरिक-ईंधन-आधारित हाइब्रिड मोटर युक्त है।

### पिता बने गायक जस्टिन बीबर, पुत्र रत्न की प्राप्ति

**लॉस एंजिलिस।** जस्टिन बीबर की पत्नी हैली बीबर ने बेटे को जन्म दिया है। जस्टिन (30) ने इंस्टाग्राम पर शनिवार को एक पोस्ट में बेटे जैक ब्लूज बीबर के जन्म की जानकारी साझा की। पोस्ट की गई तस्वीर में हैली का हाथ और नवजात शिशु का पैर दिखाई दे रहा है। जस्टिन, लव मी, सॉरी, यमी और पीचेज़ जैसे गानों के लिए जाने जाते हैं, जबकि हैली मॉडल हैं।

### गड्ढे में गिरी भारतीय महिला का पता नहीं

**कुआलालंपुर।** मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में एक भारतीय महिला शुक्रवार को अचानक जमीन ढह जाने से बने गड्ढे में गिर गई। पुलिस ने बताया कि जमीन के नीचे बह रहे पानी में महिला के बह जाने की आशंका है। स्थानीय पुलिस प्रमुख सुलिज्मी अफेंडी सुलेमान ने बताया कि यह हादसा मलेशिया की राजधानी के डांग वांगी क्षेत्र में हुआ है।

### हूती विद्रोहियों ने किया तेल टैंकर पर हमला

**अदन।** लाल सागर में यूनान के एक तेल टैंकर जहाज पर हूती विद्रोहियों ने हाल ही में हमला कर दिया जिससे उसमें आग लग गई और जहाज के डूबने की आशंका है। राहत की बात यह रही कि चालक दल के सभी 25 सदस्यों को बचा लिया गया है। ब्रिटेन मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यूनान के एमवी सोयूनियन नाम के इस जहाज पर बंदरगाह शहर होदेइदाह से लगभग 77 समुद्री मील पश्चिम में पिछले दो दिनों से यमन के हूती समूह द्वारा तीन अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला किया गया, जिससे, जहाज में आग लग गई और इंजन बंद हो गया।

# अमेरिकी एनएसए से मिले रक्षा मंत्री अहम रणनीतिक मुद्दों पर की चर्चा


## रक्षा क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख अमेरिकी कंपनियों को किया मेक इन इंडिया के लिए आमंत्रित

वाशिंगटन, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात कर भारत और अमेरिका के आपसी हितों के अहम रणनीतिक मामलों पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। इससे एक दिन पहले ही भारत और अमेरिका ने अपनी वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए दो प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। सिंह दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अमेरिका की यात्रा पर यहां पहुंचे हैं।

सिंह ने शुक्रवार को अपनी बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मिलकर और आपसी हित के अहम रणनीतिक मामलों पर दृष्टिकोण साझा करके खुशी हुई। उन्होंने प्रमुख अमेरिकी रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ भी सार्थक बातचीत की और उन्हें भारतीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया ताकि मेक इन इंडिया कार्यक्रम में तेजी लाई जा सके।

सिंह ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि यूएसआईएसपीएफ (भारत अमेरिका रणनीतिक साझेदारी मंच) द्वारा आयोजित गोलमेज सम्मेलन में रक्षा उद्योग की अग्रणी अमेरिकी कंपनियों के साथ सार्थक बातचीत हुई। उन्हें भारतीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया ताकि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में हमारे मेक इन इंडिया कार्यक्रम में तेजी लाई जा सके। भारतीय और अमेरिकी कंपनियां साथ मिलकर दुनिया के लिए सह-विकास और सह-उत्पादन करेंगी। यूएसआईएसपीएफ ने 'एक्स' पर लिखा कि यूएसआईएसपीएफ बोर्ड के सदस्यों और रक्षा उद्योग के नेताओं के साथ एक गोलमेज सम्मेलन में रक्षा मंत्री ने अमेरिका-भारत रक्षा संबंधों, इसमें अभूतपूर्व वृद्धि तथा इस बात पर चर्चा की कि कैसे रक्षा क्षेत्र एवं अमेरिकी कंपनियों का निवेश भारत की विकास गाथा और 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएंगे।



वाशिंगटन में अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ● एजेंसी

### रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर

एक्स पर कहा गया कि सिंह ने रक्षा गतिविधियों के माध्यम से रणनीतिक साझेदारी और रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने कहा कि सिंह ने रक्षा संबंधों और रणनीतिक संबंधों के विकास पर बात की, जिसमें निजी क्षेत्र अब साइबर, ड्रोन, एआई, अंतरिक्ष और क्वांटम जैसी महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में गहन रक्षा तालमेल स्थापित करने में अहम भूमिका निभाता है। सिंह ने इससे एक दिन पहले शुक्रवार को अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे प्रिय मित्र अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ शानदार बैठक हुई। हमने मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसे प्रगाढ़ बनाने के तरीकों पर चर्चा की। आपूर्ति सुरक्षा व्यवस्था पर हस्ताक्षर तथा प्रमुख अमेरिकी कमान में भारतीय अधिकारियों की तैनाती के लिए समझौता ऐतिहासिक घटनाक्रम हैं।

# नेपाल से 25 भारतीयों के शव लेकर विशेष विमान रवाना

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में हुई बस दुर्घटना में जान गंवाने वाले 25 भारतीय तीर्थयात्रियों के शव लेकर भारतीय वायुसेना का एक विशेष विमान महाराष्ट्र के जलगांव के लिए रवाना हो गया, जबकि दो लोगों के शव बाद में उत्तर प्रदेश के महाराजगंज लाए जाएंगे। मध्य नेपाल में एक भारतीय पर्यटक बस शुक्रवार को राजमार्ग से पलटकर 150 मीटर नीचे तेज बहाव वाली मर्स्यांगदी नदी में गिर गई थी, जिससे कम के कम 27 भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। ये सभी श्रद्धालु महाराष्ट्र से थे और नेपाल की 10 दिवसीय यात्रा पर आए थे। बस में सवार यात्री 104 तीर्थयात्रियों के एक समूह का हिस्सा थे, जो दो दिन पहले हिमालयी देश की 10-दिवसीय यात्रा के लिए तीन बसों में सवार होकर महाराष्ट्र से नेपाल पहुंचे थे।

भारतीय दूतावास के सूत्रों ने यहां बताया कि केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे और भुसावल निर्वाचन क्षेत्र से महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य संजय सावकारे पीड़ितों और बचे हुए लोगों की वापसी की निगरानी के लिए नियमित उड़ान से सुबह काठमांडू पहुंचे, जबकि भारतीय वायुसेना का विशेष विमान सीधे भरतपुर पहुंचा, जो यहां से करीब 170 किलोमीटर दूर है। सूत्रों ने बताया कि मंत्री ने काठमांडू के एक अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और फिर घरेलू उड़ान से भरतपुर चले गए। खडसे, 25 शव और 10 जीवित बचे लोगों को लेकर भारतीय वायुसेना का विमान भरतपुर से भारत के लिए रवाना हुआ।

खडसे ने भरतपुर से रवाना होने से पहले 'एक्स' पर कहा कि नेपाल में हुए बस हादसे में मारे गए जलगांव के 25 लोगों के पार्थिव शरीर को लेकर जलगांव हवाई अड्डे पहुंचेंगे। सभी शोकाकुल परिवारों से अनुरोध है कि वे सहयोग करें और किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें। अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद उन्हें पुलिस सुरक्षा और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की निगरानी में गोरखपुर ले जाया जाएगा। दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।



त्रिभुवन हॉस्पिटल में घायल का हाल लेतीं केंद्रीय खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे।

**नेपाल सड़क हादसा**

- 25 शव महाराष्ट्र जबकि दो शव यूपी के महराजगंज लाए जाएंगे
- केंद्रीय खेल राज्यमंत्री खडसे समन्वय के लिए पहुंचीं काठमांडू

### मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य नेपाल के तनहुन में एक सड़क दुर्घटना में मारे गए मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए शनिवार को मुआवजे की घोषणा की। दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। मोदी ने शुक्रवार को इस दुर्घटना में भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत पर दुख जताया था।

# पाकिस्तान में विस्फोट, दो बच्चों और महिला सहित तीन की मौत

कराची, एजेंसी

- बलूचिस्तान में हुए इस धमाके में दो पुलिसजनों सहित 13 घायल
- उपायुक्त कार्यालय के निकट एक बाइक पर रखा था विस्फोटक

पाकिस्तान में अशांत बलूचिस्तान प्रांत के एक बाजार में शनिवार को हुए विस्फोट में दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई तथा दो पुलिसकर्मियों समेत 13 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह विस्फोट पिशिन जिले के सुर्खाब चौक पर उपायुक्त कार्यालय के पास मुख्य बाजार में हुआ, जिसमें दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए। अस्पताल की ओर से जारी सूची के अनुसार, घायलों में से 13 को क्वेटा ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां एक महिला की मौत हो गई। घायलों में से पांच की हालत गंभीर है। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा 2022 में सरकार के साथ संघर्षविराम समझौता तोड़े जाने के बाद हमले बढ़ गए हैं। पिशिन शहर के थाना प्रभारी मुजीबुर रहमान के अनुसार, दोनों घायल पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर है। रहमान ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि विस्फोटक सामग्री एक मोटरसाइकिल पर रखी गई थी। इस घटना में तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

### ईरान से पाकिस्तान पहुंचे 28 जायरीन के शव

**इस्लामाबाद।** शिया जायरीन को पाकिस्तान से इराक ले जा रही बस के ईरान में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की घटना में मारे गए 28 लोगों के शवों को शुक्रवार को पाकिस्तान लाया गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में घायल हुए 23 जायरीन को भी एक पाकिस्तानी सैन्य विमान से स्वदेश लाया गया। शिया जायरीन को पाकिस्तान से इराक ले जा रही एक बस मंगलवार देर रात मध्य ईरान में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें 28 जायरीन की मौत हो गई और 23 घायल हो गए थे।

# रूस से युद्ध के बीच यूक्रेन ने मनाया 33वां स्वतंत्रता दिवस

**कीव।** यूक्रेन के 33वें स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार को किसी तरह की आतिशबाजी, परेड या संगीत कार्यक्रम नहीं हुआ क्योंकि रूस द्वारा उसके ऊपर किए गए आक्रमण के 30 माह पूरे हो चुके हैं और युद्ध से जर्जर देश में चारों तरफ उदासी भरा माहौल रहा। यूक्रेनी लोग युद्ध में मारे गए नागरिकों और सैनिकों की स्मृति में इस दिन को मनाएंगे। यूक्रेनी लोगों ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को बधाई दी। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मौन के रूप में स्वतंत्रता का अनुभव हम तब करते हैं जब हम अपने लोगों को खो देते हैं। कहा कि रूस द्वारा शुरू किया गया युद्ध अब उसके क्षेत्र में फैल गया है।

# बाइडेन ने की गाजा युद्ध विराम समझौते पर चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी

- इजराइली बंधकों की रिहाई पर भी हुई बात

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गाजा के लिए युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप देने और हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजरायली बंधकों की रिहाई के लिए कतर और मिस्र के नेताओं के साथ बातचीत की है। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी के साथ अलग से बातचीत की ताकि युद्ध विराम और बंधक रिहाई समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके।

### दक्षिणी गाजा में हमलों में 36 फिलस्तीनी की मौत

**काहिरा, एजेंसी।** दक्षिणी गाजा पट्टी में इजराइल के कई हमलों में कम से कम 36 फलस्तीनी मारे गए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि नासिर अस्पताल के अनुसार, शनिवार की सुबह खान यूनिस शहर में एक इजराइली हवाई हमले में एक ही परिवार के 11 सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल में कुल 33 शव लाए गए जो खान यूनिस और उसके आसपास के इलाकों में तीन अलग-अलग हमलों में मारे गए थे।

# म्यांमा में फंसे रोहिंग्या नागरिकों पर चिंता जताई

**बैंकॉक।** म्यांमा में सैन्य सरकार और सशस्त्र जातीय विद्रोही समूह अराकान सेना के बीच हालिया संघर्ष में कई लोगों के मारे जाने की खबर के बीच, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने रोहिंग्या अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को लेकर शुक्रवार को चिंता जताई। संयुक्त राष्ट्र के जिनेवा स्थित कार्यालय के एक बयान के अनुसार, मानवाधिकार के लिए उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने पूरे म्यांमा में, विशेष रूप से रखाइन राज्य में तेजी से बिगड़ती स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की, जहां संघर्ष के बीच वहां से भागने की कोशिश के दौरान सैकड़ों नागरिक कथित तौर पर मारे गए हैं।

# तोते को पिंजरे में रखा तो होगी जेल

रायपुर, एजेंसी



- छत्तीसगढ़ में पक्षियों की खरीद-बिक्री और पालन पर रोक

छत्तीसगढ़ में अब तोता पालना और बेचना महंगा पड़ सकता है और न ही पाले हुए तोते को घर में रख सकते हैं। अगर आपके घर भी तोता या अन्य पक्षी हैं, तो आपको जेल भी जाना पड़ सकता है।

छत्तीसगढ़ के मुख्य वन संरक्षक और वन प्रमुख की ओर से एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि कानूनी संरक्षण प्राप्त वन्यजीव तोता या अन्य पक्षियों की अवैध खरीदी, बिक्री या फिर घरों में पालने पर रोक लगाई जाए। प्रदेश में तोता समेत अन्य पक्षियों की धड़ल्ले से चल रही बिक्री की शिकायत को लेकर यह निर्देश जारी किया गया है।

विभाग की ओर से राज्य के समस्त वन संरक्षक एवं वन मंडलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 यथा संशोधित मई-2022 के अनुसूचि में तोतों व अन्य कुछ पक्षियों की खरीद एवं बिक्री तथा पालन पर कानूनन पूर्ण प्रतिबंध है। ऐसे में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। तथा आम जनता को भी बताएं कि तोता एवं अन्य पक्षी घरों में पालना एवं खरीद-बिक्री अपराध की श्रेणी में आता है, जिसमें सजा का प्रावधान है। इस संबंध में समय-समय पर वनमंडल / वृत्त स्तरीय उड़नदस्ता भी शहरों, अन्य स्थानों पर ऐसी गतिविधियों हेतु निगरानी कर कार्यवाही सुनिश्चित करे।

### बाड़े में रहे चीते, फिर जंगल जाने को तैयार

**नई दिल्ली।** दुनिया में पहले अंतरमहाद्वीपीय स्थानांतरण के तहत भारत लाए गए अफ्रीकी चीते जल्द ही फिर से जंगल में स्वतंत्र रूप से विचरण करने लगेंगे। लगभग एक साल पहले उन्हें स्वास्थ्य जांच और निगरानी के लिए मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान के जंगल से वापस बाड़ों में भेज दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र की चीता परियोजना संचालन समिति ने शुक्रवार को फैसला किया कि देश के मध्य भागों से मानसून की वापसी के बाद अफ्रीकी चीतों और भारत में जन्मे उनके शावकों को चरणबद्ध तरीके से जंगल में छोड़ा जाएगा।

# कैनेडी जूनियर ने दिया ट्रंप को समर्थन

**राष्ट्रपति चुनाव**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए स्वतंत्र उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने शुक्रवार को राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने तथा रिपब्लिकन उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करने की घोषणा की। जूनियर ने कल अपराह्न एरिजोना में एक भाषण के दौरान कहा कि मीडिया और डेमोक्रेट्स दोनों ने ही एक व्यवहार्य दावेदार बनने की उनकी संभावनाओं को बाधित करने की साजिश रची है। उन्होंने कहा कि कई महीने पहले मैंने अमेरिका की जनता से वादा किया था कि अगर मैं चुनाव में बाधक बना तो मैं राष्ट्रपति पद की दौड़ से हट जाऊंगा। ...मेरे दिल और अब मुझे विश्वास नहीं है कि मेरे पास चुनावी जीत का कोई यथार्थवादी रास्ता है।

# अब हुआ सुपर मरीन हीटवेव्स का उदय


## बड़े खतरे का संकेत, तेजी से गर्म होने लगा है समुद्र का पानी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जलवायु की परिस्थितियां तेजी से बदलनी शुरू हो गई हैं। समुद्री तापमान पुराने रिकार्ड ध्वस्त करने में तुला है। नए शोध में समुद्री ताप के तेजी से बढ़ते स्तर को सुपर मरीन हीटवेव्स नाम दिया गया है, जो भविष्य की जलवायु के लिए बड़े खतरे का संकेत है।

नया शोध 2023 में समुद्र की सतह के तापमान पर आधारित है। गत वर्ष पृथ्वी का समुद्री सतह रिकॉर्ड उच्च तापमान पर पहुंच गया और महासागरों के लिए वर्ष 2023 अब तक का सबसे गर्म वर्ष दर्ज किया गया। अध्ययन में वैज्ञानिकों को पता चला कि गत वर्ष असाधारण रूप से तेज़ समुद्री गर्म लहरें पैदा करने वाला रहा। यह असाधारण था और उन्होंने इसे सुपर-मरीन हीटवेव्स नाम दे डाला। वैज्ञानिकों का मानना है कि सुपर-समुद्री गर्म लहरें समुद्र के जीवन के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। साथ ही शक्तिशाली तूफानों को जन्म दे सकता है। एनओएए नेशनल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल इंफॉर्मेशन में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

वैश्विक जलवायु रिपोर्ट के अनुसार 1850 में वैश्विक वायुमंडलीय तापमान रिकॉर्ड रखना शुरू होने के बाद से 2023 सबसे गर्म वर्ष रहा। 20वीं सदी के औसत 13.9 सेल्सियस तापमान से गत वर्ष 1.18 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। अब राष्ट्रीय पर्यावरण सूचना केंद्र (एनसीईआई) के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किए गए नए विश्लेषण से पता चला है कि वैश्विक औसत समुद्री सतह तापमान ने भी 2023 में रिकॉर्ड ऊंचाई दर्ज की है। अध्ययन से संकेत मिलता है कि ये रिकॉर्ड तोड़ने वाला तापमान बेहद तेजी से बढ़ते समुद्री गर्म लहरों से जुड़े थे। समुद्र की सतह के तापमान का डेटा उपग्रहों, जहाजों व समुद्री नौकाओं के माध्यम से एकत्र किया जाता है। नए शोध में समुद्री सतह के तापमान में विसंगति को लेकर तेजी से बढ़ती ग्रीनहाउस गैसों को जिम्मेदार ठहराया गया है।



### समुद्री जीवों के लिए सुपर मरीन हीटवेव बड़ा खतरा

तापमान में अत्यधिक वृद्धि न केवल जलवायु परिवर्तन के लिए घातक है, बल्कि समुद्री जीवन पर गहरा प्रभाव डाल सकती हैं। जिसमें मत्स्य पालन का पतन हो सकता और मूंगों का अस्तित्व मिट सकता है। कई प्रकार की मछलियों का नामोनिशान नही रहेगा। कई अन्य दुश्वारियां भी देखी जा सकती है। बहरहाल विश्व को पर्यावरण के प्रति बेहद सतर्क रहने की सख्त जरूरत है।